

■ नामांकन दाखिल करते समय सतर्क रहें तृणमूल प्रत्याशी अफसर कर सकते हैं खारिज: ममता - 12




■ मार्च में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ जीएसटी संग्रह - 12



■ क्रीमिया में रूसी सेना का विमान क्रैश, 29 की मौत - 13



■ केकेआर के स्पिनरों को सनराइजर्स के खिलाफ दिखाना होगा दम- 14


आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.02
सूर्यास्त 06.31

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 07:41 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 127, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## झटका:दोगुनी हुईं एटीएफ की कीमतें, घरेलू एयरलाइंस के लिए 8.5% वृद्धि

- पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच कच्चा तेल 100 डॉलर के पार चले जाने के बाद विमान ईंधन की कीमतों में किया गया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक स्तर पर तेल कीमतों में आए उछाल के कारण एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी विमान ईंधन की कीमत बुधवार को बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.07 लाख रुपये प्रति किलोलीटर से अधिक कर दी गई। हालांकि, घरेलू विमानन कंपनियों को अन्य संचालकों की तुलना में करीब आधी कीमत चुकानी होगी।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने उनके लिए इसे 8.5 प्रतिशत तक सीमित रखा है। इसके साथ वाणिज्यिक एलपीजी और प्रीमियम व ब्रांडेड पेट्रोल-डीजल की दरों में भी वृद्धि की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, घरेलू एयरलाइन कंपनियों के लिए एटीएफ की कीमत में 8,289.04 रुपये प्रति किलोलीटर या 8.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उन्हें विमान ईंधन 104,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर की कीमत पर मिलेगा। पिछले महीने यह 96,638.14 रुपये प्रति किलोलीटर थी। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें एक महीने में 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो जाने के बावजूद केवल 25 प्रतिशत की आंशिक एवं चरणबद्ध बढ़ोतरी का भार ही विमानन कंपनियों पर डाला जा रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दोनों आंकड़ों के बीच अंतर को यह कहते हुए स्पष्ट किया कि एक आंकड़ा सभी उपकर व करों सहित अंतिम दर को दर्शाता है, जबकि 25 प्रतिशत का आंकड़ा एटीएफ के आधार मूल्य पर की गई बढ़ोतरी को बताता है। उन्होंने कहा कि एटीएफ कीमतों में संशोधन के मामले में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया गया है, ताकि इसका प्रभाव न्यूनतम रहे।

### एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल, ऑक्टेन पेट्रोल भी महंगा

व्यावसायिक एलपीजी की कीमत में मंगलवार को 195.50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की घोषणा की गई थी। अब देश में बिकने वाले चुनिंदा प्रीमियम या ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। मूल्यवृद्धि के बाद देश में एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल की कीमत 1.50 रुपये बढ़कर 92.99 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं 100 ऑक्टेन पेट्रोल (एक्सपी100) की कीमत 11 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 160 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इस प्रकार के ईंधन का इस्तेमाल दो से पांच प्रतिशत तक है। सामान्य या बिना ब्रांड वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित हैं। साथ ही घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी की दरें भी यथावत हैं।

- व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर का 195.50 रुपये बढ़ाया गया है मूल्य

### पहली बार एटीएफ दो लाख के पार

यह पहला मौका है जब एटीएफ की कीमत दो लाख रुपये किलोलीटर के स्तर को पार कर गई है। इससे पहले 2022 में रूस–यूक्रेन युद्ध के बाद कीमतें बढ़कर करीब 1.1 लाख रुपये प्रति किलोलीटर के स्तर पर पहुंची थीं। एटीएफ कीमतों में एक मार्च को 5.7% /यानी 5,244.75 रुपये किलोलीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

### पहले ही बढ़ी ईंधन खपत से जूझ रही एयरलाइन कंपनियों पर बढ़ेगा दबाव

**नई दिल्ली।** ईंधन की कीमतों में यह उछाल एयरलाइन कंपनियों पर अतिरिक्त दबाव डालेगा क्योंकि परिचालन लागत में ईंधन की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत रहती है। साथ ही पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण कई हवाई मार्ग बंद होने से विमानों को लंबे रास्तों से उड़ान भरनी पड़ रही है जिससे ईंधन की खपत भी बढ़ रही है। इस कारण अब हवाई यात्रा महंगी होने की आशंका है। गौरतलब है कि नॉन शेड्यूल्ड, एडहॉक और चार्टर जैसी उड़ानों के लिए एटीएफ की कीमत 1,10,703.08 रुपये किलोलीटर से 114.5 प्रतिशत बढ़ाकर 2,07,341.22 रुपये किलोलीटर की गई है।

## इंडिगो ने 275 से 10,000 रुपये तक ईंधन शुल्क की घोषणा की

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बाद दो अप्रैल से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 275 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक का संशोधित ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की है। ईंधन शुल्क में इस बढ़ोतरी से विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का हवाई किराया बढ़ना तय है।

- एटीएफ महंगा होते ही घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बढ़ाईं दरें

पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर एयरलाइन 14 मार्च से ही घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों पर 425 रुपये से 2,300 रुपये तक का ईंधन शुल्क वसूल रही है। अब घरेलू उड़ानों के लिए दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क 275 रुपये से 950 रुपये के बीच होगा। इंडिगो ने एक बयान में कहा, इंडिगो ने अलग-अलग यात्रा दूरियों के हिसाब से घरेलू ईंधन शुल्क को फिर से निर्धारित किया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क 900 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### गांदरबल में हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में मंगलवार रातभर जारी रही मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। सुरक्षा बलों ने गांदरबल जिले के अरहामा इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना के आधार पर मंगलवार रात घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक बयान में बताया कि सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने गांदरबल के अरहामा में संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सतर्क जवानों ने कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधि देखी, जब उन लोगों को रुकने को कहा गया तो उन्होंने जवानों पर गोलीबारी कर दी जिसके बाद सैन्य बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

### पश्चिम बंगाल में हिंसा के बाद बीडीओ निलंबित

**कृष्णानगर।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में एक प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को निलंबित कर दिया है। चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एक शिक्षक पर हमले के बाद उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू करने का निर्देश दिया है। यह हमला 27 मार्च को हंसखाली ब्लॉक के देबनाथ बॉयज़ इंस्टीट्यूशन में पीठासीन और मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण के दौरान हुआ। चुनाव ड्यूटी पर तैनात शिक्षक सैकत चट्टोपाध्याय को कार्यक्रम स्थल पर सरकारी प्रचार वीडियो दिखाने पर आपत्ति दर्ज करने के बाद सिर में चोटें आईं।

# दो-तीन सप्ताह में खत्म हो सकता है युद्ध होर्मुज संकट से मेरा लेना-देना नहीं: ट्रंप

### ईरान के राष्ट्रपति की ओर से युद्धविराम का अनुरोध करने का किया दावा, तेहरान ने बताया झूठ

- बोले- होर्मुज संकट से युद्ध में साथ न देने वाले देश अब खुद निपटें

दुबई, एजेंसी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को संकेत दिया कि अमेरिकी सेना ईरान के खिलाफ युद्ध दो-तीन सप्ताह में खत्म कर देगी। इस दौरान होर्मुज संकट से पल्ला झाड़ते हुए ट्रंप ने कहा कि उसे सुरक्षित रखना अमेरिका की जिम्मेदारी नहीं है। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान के राष्ट्रपति युद्ध विराम चाहते हैं, लेकिन ईरान ने उनके इस दावे को खारिज कर दिया।

ट्रंप ने बुधवार को भी कुछ हद तक विरोधाभासी बयान दिए। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने अनुमान जताया कि युद्ध दो से तीन सप्ताह में खत्म कर दिया जाएगा। ईरान के खिलाफ युद्ध में सहयोग न करने वाले मित्र देशों पर होर्मुज जलडमरूमध्य को खुलवाने की जिम्मेदारी छोड़ते हुए उन्होंने कहा, यह हमारा काम नहीं है। यह फ्रांस का काम होगा। यह उनका काम होगा, जो इस जलडमरूमध्य का इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रंप ने यह टिप्पणी ऐसे वक्त में की, जब होर्मुज के बंद होने से अमेरिका में पेट्रोल की कीमत चार अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन से अधिक हो गई। साथ ही गैस की भी औसत कीमत चार अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन के पार चली गई।

बुधवार को ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने दावा किया कि उनके अमेरिकी जनता को संबोधित करने से पहले ईरान के राष्ट्रपति युद्धविराम चाहते हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि युद्धविराम तभी होगा जब होर्मुज जलडमरूमध्य खुला, सुरक्षित और बाधारहित होगा। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने ट्रंप के इस दावे को झूठा और निराधार करार दिया है।

### होर्मुज खुलवाने के लिए ब्रिटेन ने की पहल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 35 देश लेंगे हिस्सा


**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने बुधवार को कहा कि उनका देश इस सप्ताह होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के तौर–तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय राजनयिक सम्मेलन की मेजबानी करेगा। स्टार्मर ने कहा कि 35 देशों ने एक बयान पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें इस महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्ग की समुद्री सुरक्षा बहाल करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री यवेट कूपर इस मुद्दे पर एक सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी और सैन्य योजनाकार ईरान युद्ध समाप्त होने के बाद सुरक्षा के लिए योजनाओं पर भी काम कर रहे हैं। स्टार्मर ने कहा कि स्थिरता बहाली के लिए सैन्य शक्ति और कूटनीतिक गतिविधियों का एक संयुक्त मोर्चा आवश्यक है।

### चीन-पाकिस्तान ने पांच सूत्री फार्मूला पेश किया

**बीजिंग/इस्लामाबाद।** एक दिवसीय बीजिंग दौरे पर आए पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार के साथ चीन के विदेश मंत्री वांग यी की वार्ता के बाद मंगलवार को पांच सूत्री शांति प्रस्ताव पेश किया गया। इसमें शत्रुता तुरंत समाप्त करने, जल्द शांति वार्ता शुरू करने, गैर–सैन्य लक्ष्यों की सुरक्षा और नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर की सर्वोच्चता बनाए रखने जैसे प्रावधान शामिल हैं।

### पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों से 1,187 अंक उछला सेंसेक्स

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 1,186.77 अंक बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। एक समय इसमें 2,017.03 अंक की तेजी दर्ज की गई। एनएसई निफ्टी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी बाजार को मजबूती मिली।



## अदालतों में मुकदमों के बोझ के लिए सरकार जिम्मेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर ठोंका 25,000 रुपये का जुर्माना
- हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में की थी अपील



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई और बार-बार मुकदमा दायर करने को लेकर उस पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगा दिया। शीर्ष कोर्ट ने सरकार को अदालतों में बढ़ते मुकदमों के बोझ के लिए एक बड़ा जिम्मेदार कारक बताते हुए कहा कि इस तरह की अनावश्यक अपीलें न्यायपालिका पर बोझ बढ़ाती हैं।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ केंद्र की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें एक सीआईएसएफ कांस्टेबल को राहत दी गई थी। मामला एक सीआईएसएफ कांस्टेबल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई से जुड़ा था, जिसे अनधिकृत अनुपस्थिति और व्यक्तिगत विवाद के आरोपों में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने पाया कि कांस्टेबल की अनुपस्थिति स्वीकृत चिकित्सा अवकाश के दौरान थी और अन्य आरोप कदाचार की श्रेणी में नहीं आते, जिसके बाद उसकी सजा रद्द कर दी गई थी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने तंज कसते हुए कहा, एक तरफ हम मुकदमों में देरी पर चिंता जताते हैं, लेकिन दूसरी तरफ सरकार खुद सबसे बड़ी वादी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट आने के बजाय संयम बरतना चाहिए था।

### बंगाल: मतदाता सूची के दावों का निपटारा 7 तक

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची संशोधन और तार्किक विसंगति के कारण हटाए गए नामों के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि लगभग 60 लाख दावों और आपत्तियों में से 47 लाख का निपटारा 31 मार्च की शाम तक कर लिया गया है, और शेष 13 लाख मामलों का फैसला सात अप्रैल तक कर दिया जाएगा।

## सीएपीएफ विधेयक विरोध के बीच राज्यसभा में पारित

- विपक्ष ने लगाया सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने का आरोप बहिर्गमन किया

नई दिल्ली, एजेंसी



राज्यसभा ने बुधवार को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अधिकारियों की सेवा शर्तों एवं पदोन्नति से जुड़े सीएपीएफ विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस बीच कांग्रेस समेत विपक्ष ने यह आरोप लगाते हुए बहिर्गमन किया कि यह विधेयक सशस्त्र बलों के मनोबल को गिराएगा और इसे सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने के लिए लाया गया है। सरकार ने भरोसा दिलाया कि कानून बनने के बाद बलों का बेहतर प्रबंधन होगा और कार्यकुशलता बढ़ेगी।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक इसलिए लाया गया है ताकि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में काडर का बेहतर प्रबंधन कर इसकी कार्यकुशलता को बढ़ाया जा सके। मंत्री के जवाब के बाद उच्च सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सीएपीएफ के अधिकारी काफी समय से प्रस्तावित विधेयक का विरोध कर रहे थे। सबसे ज्यादा आपत्ति सशस्त्र बलों में आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को लेकर थी। उनका कहना था कि इससे कैडर अधिकारियों के पदोन्नति के अवसर खत्म हो जाएंगे।

### अमरावती होगी आंध्र की स्थायी राजधानी

लोकसभा ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की एकमात्र और स्थायी राजधानी के रूप में मान्यता देने संबंधी विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। राज्य के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भाजपा, तेदेपा और कांग्रेस ने विधेयक का समर्थन किया, लेकिन आंध्र के मुख्य विपक्षी दल वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने विरोध में सदन से बहिर्गमन किया।

### ट्रांसजेंडर विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी

ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शारीरिक क्षति पहुंचाने पर क्रमिक दंड का प्रावधान करने वाले संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। कानून मंत्रालय के अनुसार, संशोधित कानून केंद्र की ओर से निर्धारित तिथि से लागू होगा। विपक्षी सांसदों ने विधेयक की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें समलैंगिक पुरुषों और महिलाओं को इसके दायरे से बाहर रखा गया है।

## अनिल अंबानी और आरकॉम पर धोखाधड़ी का एक और केस दर्ज

**नई दिल्ली।** एलआईसी की ओर से उसे 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने की शिकायत पर सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी के आरोप में नया मामला दर्ज किया है।

- एलआईसी को 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप

यह आरकॉम और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज हुआ चौथा मामला है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि एलआईसी को 2009 से 2012 के बीच 4,500 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) में निवेश करने के लिए कंपनी ने भ्रामक जानकारी देकर प्रेरित किया। प्रबंधन ने कंपनी की वित्तीय स्थिति, सुरक्षा और निवेश के बदले उपलब्ध संपत्तियों की सुरक्षा के बारे में गलत जानकारी दी।

## डिजिटल भुगतान के लिए अब दो सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी



- धोखाधड़ी रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने लागू की व्यवस्था

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के तहत ऑनलाइन भुगतान में धोखाधड़ी पर रोक लगाने के लिए यूपीआई समेत सभी डिजिटल मंचों से होने वाले लेनदेन के लिए दो-स्तरीय प्रमाणीकरण को बुधवार से अनिवार्य कर दिया गया है।

अब केवल यूपीआई पिन डालने से भुगतान नहीं होगा बल्कि ओटीपी, अंगुली के निशान या चेहरे का सत्यापन जैसे कदम भी जरूरी होंगे। इस तरह यूपीआई पिन लीक होने पर भी अनधिकृत भुगतान को रोका जा सकेगा। अधिकांश मामलों में एसएमएस से आने वाले ओटीपी का अतिरिक्त सुरक्षा के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय बैंक ने कहा था कि बैंक और गैर-बैंकिंग संस्थाओं समेत सभी भुगतान प्रणाली प्रदाताओं और प्रतिभागियों को एक अप्रैल तक निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना है।

### स्क्रीनशॉट,स्क्रीन रिकॉर्डिंग भी नहीं

नए प्रावधानों के तहत बैंकिंग एप में स्क्रीनशॉट लेने और स्क्रीन रिकॉर्डिंग की सुविधा भी सुरक्षा कारणों से प्रतिबंधित कर दी गई है। यह कदम उपयोगकर्ता को किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचाने के मकसद से उठाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अतिरिक्त सत्यापन व्यवस्था से डिजिटल लेनदेन में कुछ सेकंड की देरी हो सकती है, लेकिन इससे डिजिटल भुगतान प्रणाली में सुरक्षा और भरोसा बढ़ने की उम्मीद है।

## लखीमपुर खीरी : ट्रेन की चपेट में आकर बाघिन की मौत

**बांकेगंज:** दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन क्षेत्र में मैलानी-बांकेगंज रेलखंड पर बुधवार की सुबह एक बाघिन का शव पाया गया। माना जा रहा है कि बाघिन की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। इस घटना से एक बार फिर वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

मैलानी रेंज के बफर जोन में बुधवार सुबह गश्त के दौरान वनकर्मियों को रेल पटरी के किनारे बाघिन का शव पड़ा मिला। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर डॉ. एच राजामोहन, डीएफओ कीर्ति चौधरी ने मौका मुआयना किया। इसके बाद बाघिन के शव को मैलानी रेंज मुख्यालय लाया गया। डीएफओ कीर्ति चौधरी ने बताया कि मृत बाघिन की उम्र लगभग पांच वर्ष थी। शव का तीन पशु चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें मौत का कारण ट्रेन से टकराना ही पाया गया।

## पुडुचेरी : वोटरों को कैश बांट रहे आठ गिरफ्तार

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को नकदी बांटने के आरोप में ड्रोन निगरानी के जरिए तीन अलग-अलग मामलों में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

चुनाव विभाग ने पहली बार नकदी वितरण पर नजर रखने के लिए ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किया है। अधिकारियों के अनुसार, मन्नाडीपेट क्षेत्र के तिरुक्कनूर गांव में कुछ लोगों द्वारा घर-घर जाकर नकदी बांटने की गतिविधि ड्रोन से पकड़ी गई। सूचना पर उड़नदस्ता दल मौके पर पहुंचा और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा मन्नाडीपेट में दो और लॉस्पेट क्षेत्र में तीन लोगों को पकड़ा गया।

प्रदूषण मुक्त

### मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को दिखाई हरी झंडी

# जनता ने राजनीतिक कचरा हटाया तो स्वच्छ हुआ उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ नगर निगम के कूड़ा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाई, साथ ही विपक्ष पर तीखा हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने जब राजनीतिक कचरे को हटाया, तभी बदलाव की नींव पड़ी और इसी कारण आज उत्तर प्रदेश स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है।

कालीदास मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में अंधेरा, असुरक्षा और गंदगी का माहौल था। तत्कालीन सत्ताधारियों को अंधेरा पसंद था, हमारी सरकार ने 24 घंटे बिजली, एलईडी स्ट्रीट लाइट और आधुनिक शहरी व्यवस्था देकर हालात बदले। योगी ने जोड़ा कि हम सूर्य के उपासक हैं और लक्ष्मणपुरी में सभ्यता व विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते नौ वर्ष में लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हुआ है और अब नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग और हरित ऊर्जा आधारित पहलें इस परिवर्तन की आधारशिला हैं।




लखनऊ में इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाते मुख्यमंत्री योगी।

### ईवी निर्माण का उभरता केंद्र बन रहा है लखनऊ

शहरी विकास के साथ औद्योगिक निवेश का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि लखनऊ ईवी मैन्युफैक्चरिंग का उभरता केंद्र बन रहा है। अशोक लेलैंड की इलेक्ट्रिक बस यूनिट के बाद अब टाटा मोटर्स की लखनऊ इकाई में भी 15 अप्रैल से इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सात शहरों में मेट्रो सेवा और 18 नगर निकायों में सेफ सिटी व सोलर सिटी जैसी योजनाएं लागू की गई हैं। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया गया है, जबकि लखनऊ में भी सोलर पैनल आधारित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है, वहीं समृद्धि आती है। नए वाहनों से कूड़ा संग्रहण व्यवस्था और मजबूत होगी और लखनऊ को क्लीन व ग्रीन सिटी बनाने में मदद मिलेगी।

## सिटी ब्रीफ

### हनुमान जयंती पर शुरू होगा तीन दिवसीय मेला

**जैतीपुर, अमृत विचार :** कस्बे के श्रीराम जानकी महाराज मंदिर पर लगने वाले तीन दिवसीय वार्षिक मेले की शुरुआत पूर्णिमा पर हनुमान जयंती के अवसर पर होगी। मेले को लेकर दुकानदार तैयारियों में जुट गए हैं। कस्बा स्थित श्रीराम जानकी महाराज मंदिर पर हर वर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को तीन दिन तक मेला लगता है, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु मनौती पूरी होने पर प्रसाद चढ़ाने आते हैं और मेले में खरीदारी करते हैं।

### स्मार्ट मीटर मुद्दे को लेकर प्रदर्शन आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्मार्ट मीटर, गैस, पेट्रोल आदि जन समस्या को लेकर कांग्रेस 02 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे खिरनीबाग स्थित रामलीला मैदान में एकत्रित होकर पैदल मार्च करते हुए कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित डीजीएम कार्यालय का घेराव करेगी। यह जानकारी प्रोफेसर (डॉ0) जाने आलम खान ने दी है।

### जन समस्याओं को लेकर ज्ञापन आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रवादी पार्टी की ओर से जिले की जन समस्याओं को लेकर आज गुरुवार को ज्ञापन देने का कार्यक्रम तय किया गया है। ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित होगा, जिसे डीएम को सौंपा जाएगा। आज सुबह 11:00 बजे पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह चंदेल एडवोकेट ने बताया कि जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए यह ज्ञापन दिया जाएगा और सभी की सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### 7 पत्रावलियों की सुनवाई, एक दंपती राजी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित महिला परामर्श केंद्र पर बुधवार को 7 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई, जिसमें एक दंपती का समझौता हुआ। पुवायां क्षेत्र के एक दंपती, जिनकी शादी करीब 03 वर्ष पूर्व हुई थी, के मध्य पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो गया था। महिला 4 माह से मायके में रह रही थी। महिला ने आरोप लगाया कि पति एवं सास उसके साथ मारपीट करते थे। सास विवाह में मिले सामान का उपयोग नहीं करने देती थी, जिसके कारण वह मायके चली गई थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया, जहां उनकी वार्ता करा समझाया-बुझाया गया। दोनों पक्ष आपसी सहमति से पुन: साथ रहने के लिए तैयार हो गए।



प्राइमरी स्कूल तेरा में पुस्तकें वितरित करते प्रधान अध्यापक। ● अमृत विचार





प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती में छात्रों का पुष्प वर्षा कर स्वागत करते प्रधान अध्यापक। ● अमृत विचार



एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।

# रोली-तिलक, पुष्प वर्षा से बच्चों का स्वागत

## शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आकर्षक ढंग से सजाए विद्यालय, मिठाई खिलाकर नन्हे विद्यार्थियों का अभिनंदन

नए सत्र का उत्साह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नवीन शैक्षिक सत्र के प्रथम दिवस पर विभिन्न ब्लाकों के परिषदीय विद्यालयों में नए सत्र के आरंभ पर बच्चों के स्वागत का विशेष आयोजन किया गया। साथ ही रोली-तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर नन्हें विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया, जिससे बच्चों व अभिभावकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। उत्साहपूर्ण वातावरण में छात्रों को पुस्तकें और पुरस्कार वितरित किए गए।

विकासखंड भावल खेड़ा के प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों से आकर्षक रूप से सजाया गया तथा बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया।

पहले दिन ही दस बच्चों ने अभिभावकों के साथ पहुंचकर प्रवेश फार्म भरते हुए विधिवत नामांकन कराया। प्रधान अध्यापक राजकुमार तिवारी ने अभिभावकों को बच्चों की नियमित उपस्थिति व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूक किया। शिक्षक शिवकुमार, दिनेश आनंद, प्रेक्षा अवस्थी, कल्पना सिंह, गौरी मिश्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका स्वागत किया। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार के साथ रामचंद्र, मोहनी, किरन आदि उपस्थित रहे।

प्राथमिक विद्यालय बाला तिराही में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अगली कक्षा में प्रवेश करने वाले नए विद्यार्थियों का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। बच्चों में मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक मोहम्मद आदिल खां ने छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को शिक्षा का महत्व बताया।



प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर-रावतपुर में स्कूल चलो जागरुकता रैली निकालते शिक्षक व छात्र।

### जागरूकता रैली निकाली

प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर-रावतपुर में अभिभावकों एवं बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पहले दिन गांव में जागरुकता रैली निकाली गई। मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षिका अंजू शर्मा ने नवीन प्रवेश लेने वाले छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया। वहीं, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला मीडिया प्रभारी श्रेयश चंद्र सक्सेना ने पुरस्कृत छात्रों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शिक्षक राजेश कुशवाहा, दीपा पाण्डेय, अंजू शर्मा, पुष्पा वर्मा, नीलम सिंह आदि उपस्थित रहे।

### नियमित गणवेश में विद्यालय भेजने वाले अभिभावक सम्मानित



संविलियन विद्यालय पतराजपुर में खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज ने स्कूल चलो जागरुकता रैली का आरंभ किया। नवीन नामांकन कराने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं को पाठ्य-पुस्तकें वितरित कीं। प्रधान अध्यापक आज़म खान ने शैक्षिक सत्र 2025-26 में शत प्रतिशत उपस्थिति एवं नियमित गणवेश में आने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष नारायण लाल, रश्मि सक्सेना, अनुराधा, श्वेता प्रताप, रामबहादुर, कुसुमा देवी, बेलावती, पूनम, सुमनलता, केदारनाथ, वीरेंद्र, अरविन्द कुमार, दुर्वेश कुमार, संतोष कुमारी, मालती देवी, ठाकुर प्रसाद, राजलली आदि उपस्थित रहे।

### निवाड़ी स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया

पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी में प्रवेश उत्सव के दौरान भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान की स्तुति से हुई। इसके साथ ही अगली कक्षा में प्रवेश करने वाले नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका रूफिया खान ने कहा कि प्रवेश उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है।

### प्राइमरी स्कूल तेरा में पुस्तकें वितरित

सिंधौली क्षेत्र के अंग्रेजी माध्यम प्राइमरी स्कूल तेरा में सत्र के पहले दिन प्रधानाध्यापक सरताज अली ने छात्रों को नि:शुल्क पुस्तक वितरित कीं। मध्यावकाश में खीर परोसी गई। इससे पहले विद्यालय आने वाले छात्रों का मुख्य द्वार पर गुलाब के फूल और उपहार देकर स्वागत किया गया। कक्षा एक में विशाल, अभिजीत, अनु, पूनम देवी एवं आले मुस्तफा सहित पांच बच्चों का प्रवेश किया गया। नव प्रवेशी छात्रों को फल एवं टाफी बांटी गई। सहायक अध्यापक दीपा पूनिया के संचालन में कलीम खां, प्रियंका देवी, राममूर्ति देवी, अंगूरा देवी, नन्ही, राम नरायन, सारिका गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं को पुष्प देकर किया स्वागत

श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं का नए सत्र 2026-27 में पुष्प देकर स्वागत किया गया। छात्राओं के बीच उत्साह पूर्ण माहौल देखने को मिला। छात्राओं का स्वागत विद्यालय की प्रधानाचार्य ब्यूटी एवं दीपशिखा और सबा ने किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ब्यूटी ने कहा कि स्वागत कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अध्ययन के प्रति लगन, प्रेरणा देना है, जिससे छात्राएं पूर्ण मनोयोग से अध्ययन कर सकें।



# मंत्री ने हरी झंडी दिखा रवाना की स्कूल चलो अभियान वैन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बोले- नामांकन बढ़ाने का प्रयास नहीं, बल्कि हर बच्चे के सपनों को साकार करने का संकल्प

**अमृत विचार :** बुधवार को नवीन शैक्षिक सत्र के प्रथम दिवस स्कूल चलो अभियान की शुरुआत वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने डीएम कार्यालय से स्कूल चलो अभियान एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उत्साह और भावनात्मक माहौल के बीच जनपद में स्कूल चलो अभियान शुरू हुआ। वैन के माध्यम से गांव-गांव तक यह संदेश पहुंचाया गया कि हर बच्चा विद्यालय से जुड़े और शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल हो। बच्चों का विद्यालय में रोली-तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर और पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। सभी लोगों ने अभियान को सफल बनाने और हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया।

इस दौरान वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जो किसी भी समाज और राष्ट्र की दिशा एवं दशा तय करती है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। स्कूल चलो अभियान केवल नामांकन बढ़ाने का प्रयास नहीं, बल्कि हर बच्चे के सपनों को साकार करने का संकल्प है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और शिक्षकों के साथ मिलकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करें। कार्यक्रम स्थल पर प्राथमिक विद्यालय हथौड़ा के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने कहा कि स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य जनपद के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। सामूहिक प्रयास से शत-प्रतिशत नामांकन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, एसडीएम प्रियंका, पूर्व मंत्री सुरेंद्र वाल्मीकि, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी अजय चौहान, जिला समन्वयक सोहन शुक्ला, सतीश कुमार, शैलेन्द्र गुप्ता, रोहित सिंह, विनय मिश्रा, दीपक गौड़, निकहत परवीन, सुखमीत कौर सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शिक्षकों पर टीईटी थोपना अन्यायपूर्ण



प्रेस वार्ता को संबोधित करते टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बोले-टीएफआई के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री

**अमृत विचार :** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपना पूर्णतः अन्यायपूर्ण एवं अव्यावहारिक है। इसके विरोध में पूरे देश के लाखों शिक्षक आगामी 4 अप्रैल को देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल विरोध प्रदर्शन करेंगे।

वह बुधवार को टाउनहॉल स्थित एक रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन की अनुमति दिल्ली प्रशासन द्वारा दी गई है। शाहजहांपुर से दो हजार से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं तैयार हैं व प्रत्येक विकासखंड से कम से कम एक बस भेजना अनिवार्य किया गया है। कहा कि यदि निर्धारित समयावधि तक टीईटी उत्तीर्ण नहीं किया गया तो शिक्षकों को सेवा से पृथक करने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जो अत्यंत चिंताजनक है। शिक्षकों से आह्वान किया कि अधिकारों की रक्षा हेतु अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाएं। इस दौरान मुनीश मिश्र, रविन्द्र पाल प्रजापति, राजकुमार तिवारी, ब्रजेश कुमार वर्मा, राजकुमार सिंह, सरताज अली, यशपाल सिंह, डॉ. विनय गुप्ता, विजय प्रताप सिंह, महेन्द्र सिंह, अरुण भदौरिया, अश्विनी अवस्थी, अरविंद त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# स्कूली वाहनों का पोर्टल पर विवरण दर्ज कराना अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डीआईओएस ने दिए प्रधानाचार्यों से वाहनों का पंजीकरण कराने के निर्देश

**अमृत विचार :** जिले में संचालित विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा की निगरानी एवं वैधानिक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश का यूपी इंटीग्रेटेड स्कूल व्हीकल मैनेजमेंट पोर्टल 01 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो रहा है। इस पोर्टल पर विद्यालयों द्वारा संचालित वाहनों का पंजीकरण दस्तावेज सत्यापन एवं अनुपालन की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी।

यह जानकारी डीआईओएस हरिवंश कुमार ने उप संभागीय परिवहन अधिकारी के पत्र का हवाला देते हुए हुए माध्यमिक विद्यालयों के सभी प्रधानाचार्यों से स्कूल वाहनों का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए हैं।

डीआईओएस ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में 01 अप्रैल, 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक स्कूली वाहनों का सत्यापन एवं चेकिंग की जायेगी। ऐसे में इस कार्य का वरीयता देते हुए अप्रैल के प्रथम सप्ताह में समस्त स्कूली / स्कूल से अनुबन्धित वाहनों का विवरण अंकित करना सुनिश्चित करें।

### वाहन संचालित नहीं तो देना होगा शपथ पत्र

डीआईओएस ने बताया कि जिन विद्यालयों में वाहन संचालित नहीं हैं। उन्हें भी पोर्टल पर इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि उनके विद्यालय में कोई भी वाहन पंजीकृत / अनुबन्धित नहीं है

## न्यूज डायरी



### डॉ पुनीत ने अंतरराष्ट्रीय शोध में बढ़ाया जनपद का मान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ पुनीत कुमार श्रीवास्तव ने अंतरराष्ट्रीय शोध के क्षेत्र में जनपद का मान बढ़ाया है। उनके द्वारा विकसित एआई आधारित स्टैटिस्टिकल डाटा एनालिसिस किट डिवाइस के डिजाइन के लिए सरकार के पेटेंट कार्यालय से आधिकारिक प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि उन्होंने अपने सह-आविष्कारकों के साथ संयुक्त रूप से हासिल की है। प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान ने डॉ पुनीत को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल कॉलेज बल्कि पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह नवाचार शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो फैयाज अहमद ने कहा कि वाणिज्य और एआई का यह संगम भविष्य के शोधार्थियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि यह डिवाइस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिसिस की आधुनिक तकनीक का उपयोग कर जटिल आंकड़ों का विश्लेषण करने में सक्षम है।



### फीता काटकर बाबा जानकी महाराज मेले का उद्‌घाटन

**तिलहर, अमृत विचार :** क्षेत्र के प्राचीन देवस्थान बाबा जानकी महाराज के मेले का समिति पदाधिकारियों की मौजूदगी में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल यादव ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर उद्‌घाटन किया। मुख्य अतिथि ने बाबा जानकी महाराज के स्थान पर पहुंचकर माथा टेका और समीपस्थ देव प्रतिमाओं तथा श्री बालाजी महाराज के दर्शन किए। मेला समिति प्रबंधक मुकेश यादव ने बताया कि चार अप्रैल तक मेला चलेगा, जिसमें वृंदावन के रसाचार्य के सानिध्य में रासलीला होगी। इस दौरान राष्ट्रीय गो रक्षक संघ भारत के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. यशवंत मैथिल, मेला समिति संरक्षक अजय यादव, अध्यक्ष रामशरण यादव, प्रबंधक मुकेश यादव, हरिओम यादव, ध्रुव सिंह यादव, अभिषेक सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नेत्रपाल गंगवार, राज बहादुर यादव, सुबोध यादव, अरुण यादव, राहुल यादव समेत तमाम लोग शामिल रहे।



### प्रत्येक पूर्णिमा पर होगा श्रीरामचरितमानस पाठ का संकल्प

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री रुद्रबाला धाम परिसर में भक्ति का अनूठा माहौल देखने को मिला, जहां श्रद्धालुओं ने एक विशेष संकल्प लेते हुए प्रत्येक पूर्णिमा पर श्रीरामचरितमानस पाठ कराने का निर्णय लिया। इस पहल का उद्देश्य नई पीढ़ी को सनातन संस्कारों से जोड़ना बताया गया। पं. डॉ. कान्हा कृष्ण शुक्ल ने बताया कि अब प्रत्येक माह पूर्णिमा तिथि से एक दिन पहले श्रीरामचरितमानस पाठ शुरू होगा और पूर्णिमा के दिन हवन, महाआरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। बुधवार को कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष पूजन के साथ हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से संकल्प दोहराया। श्रद्धालुओं का मानना है कि श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने के लिए मानस की चौपाइयां सबसे सरल माध्यम हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस नियमित धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में भाईचारा बढ़ेगा और दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए प्रत्येक पूर्णिमा पर विशेष आरती व महाप्रसाद की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।



### रोहिणी ने नृत्य, आरती ने पढ़ी कविता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पांच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। रेंजर्स प्रभारी अनुराधा, सहायक प्रभारी सीतू सक्सेना, प्रशिक्षक खुशी श्रीवास्तव के निर्देशन में बुधवार को समारोह की शुरुआत प्राचार्या प्रोफेसर रुपांशु माला ने ध्वजारोहण से की। इसके बाद रेंजर्स छात्राओं ने झंडा गीत गाया। प्राचार्य ने रेंजर्स छात्राओं से उत्साह, गरिमा व अनुशासन में रहकर प्रशिक्षण को पूर्ण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रेंजर्स छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई टोली, मदर टेरेसा टोली, सावित्रीबाई फुले टोली, सरोजिनी नायडू आदि टोलियों ने टेंट बनाए। निरीक्षण में टोलियों के कार्य सराहे गए। रेंजर्स ने कैंप फायर व मीनार बनाने का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मदर टेरेसा टोली की संजना वाजपेई ने एकल नृत्य, सरोजिनी नायडू टोली की गीतांजलि ने देशभक्ति गीत का गान, सावित्रीबाई फुले टोली में रोहिणी ने देशभक्ति नृत्य व आरती ने कविता प्रस्तुत की। समापन पर रेंजर्स प्रभारी अनुराधा ने सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

अनदेखी | जर्जर हालत में पोस्टमार्टम हाउस जाने वाला मार्ग, लोग हो रहे परेशान

# जगह-जगह उखड़ी सड़क, बन गए गड्ढे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



जर्जर हालत में पोस्टमार्टम हाउस जाने वाला मार्ग। ● अमृत विचार

- गड्ढों में वाहन पलटने का भय निगम ने नहीं बनाई सड़क

**अमृत विचार :** गर्रा डैम से पोस्टमार्टम हाउस जाने वाले मार्ग की हालत जर्जर हालत में है। सड़क पर गड्ढों की भरमार हो गए है। वाहन आदि पलटने का भय बना रहता है। यह रोड पर पोस्टमार्टम हाउस से होता हुआ नहर के किनारे से मेडिकल कॉलेज की ओर जाता है। जबकि निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय के सामने बाढ़ में टूटी सड़क बन गयी है।

शहर से करीब पांच किमी दूर गर्रा डैम के आगे पोस्टमार्टम हाउस बनाया गया था। डैम के पास से पोस्टमार्टम हाउस तक सड़क जर्जर हालत में है। सड़क पूरी तरह उखड़ गई और जगह-जगह गड्ढे हो गए है। जर्जर रोड करीब दो किमी तक होगा। मेडिकल कालेज या थाना से कोई शव वाहन से आता है तो जर्जर हालत के चलते वाहन पलटने का भय बना रहता है। बाइकें आए दिन गड्ढे में पहिया जाने से पलट जाती है। कभी-कभी पोस्टमार्टम होने के बाद शव के टांके टूट जाते है, जिससे परिजनों को परेशानी होती है। जबकि इस मार्ग से ई-रिक्शा, बाइक तथा कार बराबर निकलती है। पोस्टमार्टम हाउस जाने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों को काफी दिक्कत होती है। लोगों ने आरोप लगाया कि नगर निगम ने कई बार की शिकायतों का संज्ञान नहीं लिया।

### नगर निगम को कई बार लिखा जा चुका पत्र

दूसरी ओर ककरा गर्रा पुल के निकट निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय के सामने सड़क बाढ़ के पानी धंस गई थी। नगर निगम कार्यालय ने इस सड़क को बनवा दिया लेकिन पोस्टमार्टम हाउस जाने वाली सड़क नहीं बनवाई है। सीएमओ कार्यालय से सड़क बनवाने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा जा चुका है। सहायक नगर आयुक्त एसके सिंह ने बताया कि इस सड़क को जेई से दिखवाया जाएगा।

# एक सप्ताह में दुकान खाली करने के निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन के निकट मुख्य द्वार के पास पाकड़ का पेड़ कटान को लेकर एक दर्जन दुकान खाली करने के निर्देश रेलवे प्रशासन ने दिए है।

रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के निकट पुराना बाइक स्टैंड के पास पाकड़ का कई साल पुराना विशाल पेड़ है। डालें स्टेशन पर निकली हुई है। जड़ के पास कुछ हिस्सा जल गया है जिससे वह कभी भी गिर सकता है। संभावित दुर्घटना से बचने के लिए रेलवे के निर्माण विभाग के वरिष्ठ खण्ड ने स्टेशन के मुख्य द्वार के पास एक दर्जन दुकान स्वामी और खोखा स्वामी को नोटिस दिए गए है कि पेड़ की जड़ चटकाकी होने से दुकान व सड़क पर कभी गिरकर जानमाल का नुकसान हो सकता है। एक सप्ताह के अंदर दुकान को खाली कर दें और खोखे हटा लें, जिससे पेड़ कटवाया जा सके। ऐसा न करने पर दुकानदार व खोखा स्वामी स्वयं जिम्मेदार होगे।

## न्यूज ब्रीफ

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** न्यायालय में चलने वाले जघन्य अपराध के विचाराधीन मुकदमे में फरार चल रहे ग्राम पंचायत विशाफ कलां के मजरा गांव भुड़िया निवासी अशोक कुमार उर्फ सोनू को उप निरीक्षक मोहित कुमार ने हमराही आरक्षी विदेश कुमार के साथ उसके घर से बुधवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट भेजा गया, जहां से वारंटी को जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि अन्य वांछित आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जाएगा।

### चोर पकड़ा, फोन बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जीआरपी थाना के उप निरीक्षक गणेश बाजपेयी को मंगलवार की शाम सूचना मिली कि स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पूर्व दिशा की तरफ आईओडब्ल्यू कार्यालय के सामने एक मोबाइल चोर खड़ा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़ा गया चोर जसीम खां निवासी टाहखुर्द थाना खुटार है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो चोरी के टच स्क्रीन के मोबाइल बरामद किए हैं। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि ट्रेन के अंदर और स्टेशन पर मोबाइल चोरी करता था। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

### पेड़ गिरा, दो युवक घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव ढकियारपा निवासी राजकुमारी ने बताया कि बुधवार की दोपहर उनका पुत्र अंकुश और उसका साथी विशाल गांव से बिरसिंहपुर जा रहे थे। बताया कि रास्ते में गर्रा नदी पुल के पास कुछ व्यापारी सड़क किनारे लगे यूकेलिप्टस के पेड़ काट रहे थे। घायलों को पेड़ कटान की जानकारी नहीं थी। इसी दौरान लापरवाहीपूर्वक पेड़ काटा गया, जो उनके पुत्र अंकुश एवं विशाल के ऊपर गिर गया, जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए। कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

### रॉड से पीटा, नाली में फेंका

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला दिलाजाक निवासी विनय चावला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 28 मार्च की सुबह 10 बजे लाल पर निर्माण कार्य करा रहा था। आरोपी वीरेंद्र पाल सिंह उर्फ गोल्डी निवासी रामनगर कॉलोनी थाना सदर बाजार साथियों के साथ आए और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे रॉड से पीटकर नाली में गिरा दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गोल्डी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# एक बेड बना शव- मरीज का ठिकाना

## ट्रामा सेंटर का मामला, वीडियो वायरल होने से व्यवस्थाओं पर उठ रहे सवाल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। वीडियो में एक ही बेड पर शव और मरीज दिखाई देने से व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं।

बताया गया कि ट्रामा सेंटर का विस्तार कार्य होने के कारण उसे नई बिल्डिंग के पास अस्थायी स्थान पर शिफ्ट किया गया है, जहां सीमित संसाधनों में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। मंगलवार को लखीमपुर निवासी एक मरीज को गंभीर हालत में लाया गया, जिसे स्टाफ ने नजदीकी खाली जगह देखकर एक बेड पर लिटाकर उपचार शुरू किया। वीडियो में दिख रहा है कि उसी बेड पर एक बुजुर्ग का शव भी किनारे रखा था और पास में दूसरा मरीज बैठा हुआ था। डॉ. की ओर से जांच के बाद लेटे हुए मरीज को मृत घोषित कर दिया गया। किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद बुधवार को मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया और मरीजों व तीमारदारों में चर्चा शुरू हो गई।



बेड पर शव के पास बैठे मरीज और तीमारदार। ● अमृत विचार

● **राजकीय मेडिकल कॉलेज में मचा हड़कंप, प्राचार्य ने जांच कर कार्रवाई की कही बात**

बताया जा रहा है कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में पुराने ट्रॉमा सेंटर को बंद कर नई बिल्डिंग के पास ट्रॉमा सेंटर की व्यवस्था की गई है। यहां मरीजों का इलाज किया जा रहा है और कई बेड उपलब्ध हैं। मंगलवार को लखीमपुर का एक मरीज गंभीर हालत में लाया गया था। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए स्टाफ ने तत्काल इलाज देने के लिए एक बेड पर जगह बनाई और उसे लिटाया।

### चेक की जा रही सीसीटीवी फुटेज

14 सेकंड के इस वीडियो में बेड के एक किनारे पर शव रखा दिख रहा है और दूसरी जगह पर एक मरीज बैठा है। डॉक्टर ने मरीज को देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया था। इसी बीच किसी ने एक ही बेड पर शव और मरीज को देखकर वीडियो बना लिया। ट्रामा सेंटर में लगे सीसीटीवी चेक किए जा रहे हैं। ताकि वीडियो बनाने वाले का पता लगाया जा सके।

> मृत अवस्था में एक व्यक्ति को परिजन लेकर आए थे। उसे इलाज देने के लिए तत्काल एक बेड पर जगह बनाकर लिटाया गया था। जांच करने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। एक बेड पर शव और मरीज को लिटाने का आरोप गलत है। बाकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- डॉ. राजेश कुमार,** प्राचार्य मेडिकल कॉलेज।

## उधारी, स्कूटी मांगने पर हत्या की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उधार में दी गई रकम व स्कूटी वापस मांगने पर सेल्समैन ने हत्या की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

रोजा क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी जावेद आलम खां ने चौक कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनकी मोहम्मद जई स्थित दुकान में रोजा के सिसौआ गांव निवासी एक युवक सेल्समैन था। उन्होंने उसे आने-जाने के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटी दे रखी थी। इस बीच युवक ने गांव में कपड़े की दुकान खोलने की बात कही। जिस पर उन्होंने उधार कपड़ा दे दिया। दुकान खोलने के बाद युवक को 11,66,172 रुपये का उधार कपड़ा दे दिया। रुपया मांगने पर उसने टरकाना शुरू कर दिया। वह तकाजा करने उसके गांव गया। रुपये मांगने पर युवक व तीन अन्य लोगों ने गालियां देना शुरू कर दीं। आरोप है कि आरोपी ने उसे गोली मारकर हत्या करने व शव गायब करने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। थाना प्रभारी अश्वनी सिंह ने बताया कि जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सूची बताएगी कौन ले रहा फर्जी प्रमाणपत्र से छूट का लाभ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **करीब 2500 हजार दिव्यांगों को छूट, शिकायत पर भंडाफोड़**

**अमृत विचार:** सीएमओ कार्यालय में फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र को लेकर ट्रेन में किराया में छूट को लेकर रेलवे प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। रेलवे प्रशासन के पास सीएमओ कार्यालय से फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र की सूची नहीं आई है। सूची आने पर यह सिद्ध हो जाएगा कि कौन फर्जी प्रमाणपत्र का फायदा उठा रहा है। यदि सीएमओ कार्यालय से सूची आती है तो जांच कराई जाएगी।

रेलवे स्टेशन पर करीब 2500 हजार दिव्यांग छूट का लाभ ले रहे है। शरीर से दिव्यांग को 50 प्रतिशत की छूट, नेत्रहीन को 90 प्रतिशत, मूक बधिर को 100 प्रतिशत व कैंसर वाले को 75 प्रतिशत की छूट दी जाती है। दिव्यांग के साथ एक व्यक्ति भी फ्री जाता है। रेलवे प्रशासन दिव्यांग को एक कार्ड बनाकर देती है। फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र का बनाने का भंडाफोड़ बढ़ऊ गांव के संतराम की शिकायत पर हुआ है। सीडीओ की जांच में शिवम बाजपेयी, सूर्य प्रताप सिंह, विजयवीर, शिव प्रताप सिंह, बलवीर, रिंकी, राजाराम मोबीन, विक्रांत कुमार, प्यारे मिया, अच्छू मिया, आदेश कुमार, रुद्र प्रताप सिंह व अनिल के फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए थे। ये लोग मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे, सीएमओ कार्यालय में कोई रिकार्ड नहीं है। जिसके बाद फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र को लेकर रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

### सीएमओ कार्यालय से नहीं भेजी गई सूची

सीएमओ कार्यालय से स्थानीय रेलवे प्रशासन को अभी तक सूची नहीं भेजी गई है। मुरादाबाद मंडल के पीआरओ के अनुसार रेलवे में दिव्यांगजन कार्ड को ऑनलाइन ही प्राप्त किया जाता है। रेलवे द्वारा संबंधित जिला अस्पताल से दिव्यांगन प्रमाणपत्र का सत्यापन कराने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाती है। यदि सूची आती है तो जांच कराई जाएगी।

# पीडीए समाजवादी पैदल यात्रा का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में पीडीए सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए रामपुर से 30 मार्च को चली पीडीए पैदल यात्रा बरेली के मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष गौरव यादव के नेतृत्व में शाहजहांपुर पहुंची। पीडीए समाजवादी पैदल यात्रा का शाहजहांपुर पहुंचने पर सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

पैदल यात्रा में आकाश यादव, अनूप यादव, मुकेश यादव, भानु गंगवार, सुमित यादव, तेजेंद्र यादव, अखिलेश यादव, सुमित कुमार वर्मा, विनय यादव, विकास यादव, प्रदीप यादव, कुणाल यादव आदि चल रहे हैं। इस मौके पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष गौरव यादव ने कहा कि रामपुर से यात्रा की शुरुआत की है और लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर समापन होगा। यात्रा हरदोई के लिए रवाना हो गई।



पीडीए पैदल यात्रा का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● **जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सपाइयों ने पहनाई फूलमाला**

इस मौके पर सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, संतोष कुमार पाल, मोहम्मद फैसल, वीरेंद्र यादव, नाजिम फारुकी, लालजीत वर्मा, दुर्गेश कुमार गुप्ता, रमीज, अमन खान, रानू खान, आरिफ खान, फैज़ान, रवि प्रकाश पांडे, शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

## फर्जी कॉलेज का जाल बिछाया, वांछित गिरफ्तार

**पुवायां, अमृत विचार:** पुलिस ने फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज खोलकर नकली अंकतालिकाएं देने वाले गिरोह के श्याम शेरवानी पुत्र उपेंद्र शर्मा को पकड़कर खुलासा किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी मूल रूप से जवाहर बस्ती चौरस्ता, थाना सदर दार्जिलिंग का रहने वाला है और वर्तमान में नोएडा में रह रहा था। 31 मार्च को मुखबिर की सूचना पर पुवायां से गिरफ्तार किया। गिरोह लंबे समय से फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज संचालित कर छात्रों को एडमिशन के नाम पर ठग रहा था। मामले में पहले भी अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। थाना पुवायां में दर्ज मुकदमा के तहत पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया।

# ठेले पर गैस लीक से आग, चार झुलसे

संवाददाता, निगोही

● **निगोही के भगत सिंह चौराहे पर हुआ हादसा**

● **एक युवक की हालत नाजुक रेफर किया**

**अमृत विचार:** क्षेत्र के भगत सिंह चौराहे पर बुधवार शाम लगभग छह बजे मोमोज के ठेले पर गैस सिलेंडर लीक होने से अचानक आग लग गई। हादसे में चार युवक झुलस गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया।

घायलों में सक्षम (15) पुत्र कुलवंत निवासी धरायू, पंकज (12) पुत्र गिरीशपाल निवासी धरायू, आदित्य पुत्र अशोक निवासी पैतापुर और कुलदीप पुत्र नन्हे सिंह निवासी ढकिया तिवारी शामिल हैं। बताया गया कि ठेले का स्वामी दिनेश निवासी रेलवे गौटिया है, लेकिन घटना के समय वह मौजूद नहीं था और उसकी जगह नौकर आदित्य ठेला चला रहा था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉ. नितिन चौधरी ने प्राथमिक उपचार किया। झुलसे युवकों में आदित्य की हालत नाजुक होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। थाना निगोही पुलिस के अनुसार सभी घायल क्षेत्र के ही निवासी हैं।



अस्पताल में भर्ती झुलसा बालक। ● अमृत विचार

# डेढ़ किलो चांदी चोरी करने का आरोपी दबोचा

संवाददाता, शाहजहांपुर/कांट

● **मदनापुर रोड में एक ज्वैलर्स पर बुधवार दोपहर हुई चोरी**

● **सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ा गया आरोपी**

● **आरोपी को छुड़ाने के लिए थाने में डेरा डाले रहे परिजन**

**अमृत विचार:** मदनापुर रोड स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान में बुधवार दोपहर डेढ़ किलो चांदी चोरी होने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई। कुछ ही समय में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

बताया गया कि घटना दिनदहाड़े हुई, जिससे आसपास के व्यापारियों में भी दहशत फैल गई। पुलिस ने दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक युवक चोरी करते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने आसपास पूछताछ की तो पता चला कि आरोपी कांट का ही निवासी है। इसी आधार पर पुलिस ने उसकी पहचान कर उसे दबोच लिया और थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी। आरोपी के पकड़े जाने की जानकारी मिलते ही उसके परिजन भी थाने पहुंच गए और देर रात तक वहीं डेरा डाले रहे। परिजनों की ओर से लगातार पुलिस से बातचीत की जाती रही, जबकि पुलिस पूछताछ करती रही। देर रात तक आरोपी पुलिस हिरासत में रहा। दूसरी ओर परिजन छुड़ाने के लिए सेटिंग करते रहे। हालांकि देर रात तक पुलिस ने आरोपी को नहीं छोड़ा था। इस संबंध में कांट इंस्पेक्टर राकेश मौर्य ने बताया कि जांच कर रहे है। अभी कुछ भी कह पाना मुश्किल है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## पत्नी छोड़कर गई युवक ने लगाई फांसी

**जैतीपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव भुड़िया निवासी धर्मेंद्र शर्मा (32) ने पानीपत में बुधवार सुबह फांसी लगाकर जान दे दी।

आशंका जताई जा र ही है कि पत्नी के चले जाने से वह परेशान था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया।



मृतक धर्मेंद्र।

धर्मेंद्र करीब एक वर्ष से पानीपत में मजदूरी कर रहा था। उसके साथ उसका छोटा भाई और पत्नी भी रहते थे। आठ दिन पहले पत्नी उसे छोड़कर कहीं चली गई थी, जिससे वह काफी परेशान रहने लगा था।

वहीं आत्महत्या की जानकारी जैसे ही गांव भुड़िया पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। परिवाले पानीपत के लिए रवाना हो गए हैं।

धर्मेंद्र के चार बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटे शामिल हैं। उसके पिता मुलायम का पहले ही निधन हो चुका है। मां सोनकली और दोनों भाइयों का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

# रेलवे ट्रैक पर रील बनाने के शौकीनों पर कसेगा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **कचहरी हाल्ट पर जीआरपी जवानों की लगेगी ड्यूटी**

**अमृत विचार:** जीआरपी रेलवे ट्रैक पर रील बनाने वालों पर शिकंजा कसेगी। किसी व्यक्ति का रेलवे ट्रैक का रील्स सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जीआरपी अब तक आधा दर्जन लोगों को चालान कर चुकी है।

रेलवे ट्रैक पर रील बनाने का शौक लोगों में दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। जिसका वीडियो आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवक, युवतियां और महिलाएं रेलवे ट्रैक पर खड़ी होकर रील बनाती है। जो जीआरपी और आरपीएफ के लिए सरदर्द बन गया है। 29 मार्च को प्रमोद गिरी ने साथी के साथ पूर्वात्तर रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक और प्लेटफार्म पर मोबाइल से रील बनाई।

इसी प्रकार चार दिन पूर्व एक युवती का रेलवे ट्रैक पर रील्स बनाने का सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। दो माह पूर्व तीन युवक कबूतर के साथ रेलवे ट्रैक के बीच में रील्स बनायी थी। कुछ दिन पहले एक नाबालिग ने स्केटिंग पहनकर रेलवे फाटक पर रेलवे लाइन पर जंप लगा रहा था।

इससे पहले भी कई रील्स सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। जीआरपी आधा दर्जन लोगों का चालान कर चुकी है। इसी प्रकार कचहरी रेलवे हाल्ट पर शाम को कुछ लोग ट्रेन के निकलते समय यात्री के हाथ में डंडा मारकर मोबाइल नीचे गिरा लेते है और भाग जाते है।

> ट्रैक पर रील्स बनाने वाले और ट्रेन में यात्रियों के हाथ पर डंडा मारकर मोबाइल गिराने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। कचहरी हाल्ट पर सिविल में सिपाहियों की ड्यूटी लगायी जाएगी।
>
> **- रामकरन यादव,** जीआरपी थाना प्रभारी

# कोटा चयन को तारीख पर तारीख, भड़के ग्रामीण



ग्रामीणों को समझती हुई पुलिस। ● अमृत विचार



ब्लॉक गेट पर डाला ताला व धरने पर बैठी महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

● **ब्लॉक गेट पर किया प्रदर्शन अफसरों के समझाने पर हुए शांत**

**अमृत विचार:** गांव राठ निवासी अशोक कुमार ने बताया कि कुछ माह पहले उनके गांव की उचित दर विक्रेता की दुकान अनियमितता मिलने पर जिला पूर्ति अधिकारी ने निलंबित कर दी थी। बाद में एसडीएम ने गांव में खुली बैठक कर कोटा चयन करने के आदेश दिए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि खुली बैठक के लिए ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद कुमार वर्मा द्वारा पहले 26 दिसंबर 2025 व उसके बाद 28 जनवरी 2026 और फिर 11 फरवरी 2026 को खुली बैठक कराने का प्रस्ताव किया गया था। बैठक नहीं होने पर 11 फरवरी को ग्रामीणों ने ब्लॉक पर धरना प्रदर्शन किया था। ब्लॉक प्रमुख व भाजपा नेता देवनारायन मिश्र के 12 फरवरी को बैठक आयोजित करने के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हो गए थे। लेकिन बैठक नहीं हुई। 25 मार्च को तय तिथि पर भी बैठक नहीं हो सकी।

एक अप्रैल को बैठक होनी थी। इसके लिए तय स्थान पर ग्रामीण एकत्र हो गए। लेकिन बैठक के लिए कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। जिससे ग्रामीण भड़क गए। बुधवार को तमाम महिलाओं सहित सैकड़ों ग्रामीण ब्लाक मुख्यालय पहुंच कर धरना प्रदर्शन करने लगे।

सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी व थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह मौके पर पहुंचे और छह अप्रैल को पंचायत भवन में बैठक करने का आश्वासन दिया। इस बीच खंड विकास अधिकारी आशीष कुमार सिंह भी ब्लाक पहुंच गए। अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए। इस दौरान रामस्वरूप पूर्व प्रधान, अशोक कुमार बीडीसी, विमलेश, चिरौंजी, देवेंद्र, राजबहादुर, विषय राम, मनोज, राजेंद्र, अनमोल, जमुनादीन , प्रमोद कुमार, राजपाल, सरोजनी देवी, रामादेवी, कलावती कमला देवी, कमलेश कुमारी, शालू देवी, प्रिया, रुचि देवी, गायत्री सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नवीन गल्ला मंडी में टूटी पीपल की डाल, चार घायल

**तिलहर, अमृत विचार:** मंडी परिसर में पीपल की डाल टूटने से पल्लेदार सहित चार लोग घायल हो गए।

मंगलवार की रात नवीन गल्ला मंडी परिसर में लगे विशाल पीपल वृक्ष की डाल अचानक टूट गई। आवाज होने के बाद कोई कुछ समझ पाता तब तक डाल के नीचे दबकर चार लोग चोटिल होकर कराहने लगे। कोतवाली क्षेत्र के गांव भुड़ेली निवासी रजनीश पुत्र लाल ने बताया कि उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

उसके साथ काम करने वाला भुड़ेली का ही पल्लेदार लोचन घायल हो गया। इस दौरान पेड़ के निकट से गुजर रहे राजू और वीरेंद्र भी मामूली रूप से चोटिल हो गए। स्थानीय व्यापारी सौरभ गुप्ता और रवि ने बताया कि घटना के समय तेज हवा चल रही थी, जिसके चलते पीपल वृक्ष की डाल टूटकर नीचे गिर गई।

## न्यूज डायरी

### नवागत एसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नवागत एसपी सौरभ दीक्षित ने फिरोजाबाद से स्थानातंरण होकर आए सौरभ दीक्षित ने पद भार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कार्यालय में बैठकर फरियादियों की शिकायतों को सुना और फरियादियों को आश्वस्त किया। एसपी सौरभ दीक्षित बुधवार की सुबह साढ़े 10 एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर सुना। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों को सूक्ष्मता से परीक्षण करते हुए प्रत्येक प्रकरण में त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही फरियादियों को आश्वस्त किया गया कि उनकी शिकायतों पर समयबद्ध एवं न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व में नवागत एसपी को गार्ड आफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा, एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार, सीओ सिटी पंकज पंत, सीओ सदर प्रयांक जैन आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### मारपीट, जातिसूचक गालियां और समझौते के दबाव का आरोप

**पुवायां, अमृत विचार :** पुवायां के ग्राम सतवां बुजुर्ग की एक महिला ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता रेनू पत्नी अर्जुन ने बताया कि 27 मार्च की सुबह गांव के ही शिवाजी पुत्र अजय और अजय पुत्र दिनेश शुक्ला उसके घर में घुस आए। जातिसूचक गालियां दीं और विरोध करने पर उसे पीटा जिससे उसे कई चोटें आईं। उसी दिन थाना पुवायां में शिकायत दी। उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। बावजूद इसके पुलिस ने अब तक उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। आरोप है कि इस बीच आरोपी दोबारा घर पहुंचे और धमकी देते हुए कहा कि उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा, उनकी पकड़ थाना तक है। पुलिस उस पर समझौता का दबाव बना रही है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में मांग की है कि उसकी रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### कार ने मोपेड को मारी टक्कर ग्रामीण की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद क्षेत्र के गांव उवरिया निवासी दोदराम (60) बुधवार की सुबह साढ़े नौ बजे मोपेड से खेत पर जा रहे थे। गांव से निकलते ही स्टेट हाइवे पर कार ने मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे दोदराम घायल हो गया। सूचना पर जलालाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त मोपेड कब्जे में ले ली। चालक कार लेकर भाग गया। खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। दोदराम की दो पत्नियां सुशीला और रामगुनी है तथा तीन बच्चे है। तीनों बच्चे शादीशुदा है। पुत्र सोने लाल ने बताया कि उसके खेत पर मजदूर गेहूं काट रहे थे। पिता मजदूरों के लिए नाश्ता लेकर जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अपेक्षित सहयोग न मिलने से ब्लड बैंक भवन निर्माण में बाधा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** इण्डियन रेडक्रास सोसायटी उत्तर प्रदेश प्रबंध समिति की बैठक सभापति उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की अध्यक्षता में लखनऊ कैसरबाग स्थित रेड क्रॉस भवन में हुई। जिसमें जनपद से प्रबंध समिति के सदस्य एवं सचिव डॉ विजय जौहरी ने प्रतिभाग कर सहभागिता की। सभापति ब्रजेश पाठक ने जनपद स्तर पर प्रस्तावित रेडक्रॉस कार्यालय एवं ब्लड बैंक के निर्माण के लिए प्रगति की जानकारी प्राप्त की। सचिव डा0 विजय जौहरी ने अवगत कराया कि स्थानीय स्तर पर संबंधित अधिकारियों से कई बार वार्ता की जा चुकी है, लेकिन उदासीनता एवं अपेक्षित सहयोग न मिलने के कारण ब्लड बैंक बनवाए जाने में बाधा उत्पन्न हो रही है। उप मुख्यमंत्री ने जनपद भ्रमण के दौरान बैठक करने का आश्वासन दिया। लखनऊ से लौटकर डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि 16 जुलाई 2024 को राज्यपाल को पत्र दिया था। उन्होंने बताया कि रेडक्रास सोसायटी शाहजहांपुर द्वारा ब्लड बैंक बनवाए जाने के लिए वक्फ संपत्ति स्थित मोहल्ला खलील शर्की को मुतवल्ली के अवैध कब्ज़े व दखल से लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी को अभी तक हस्तगत नहीं किया गया है। अद्यतन तिथि तक उक्त संपत्ति पर रेडक्रास को जनहित में ब्लड बैंक बनाने के लिए कब्जा न दिलाना प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीक है।

### एक्सीडेंट क्लेम दिलाने के नाम पर युवती को फंसा कर ली शादी


**खुटार, अमृत विचार :** बंडा क्षेत्र के एक गांव का एक परिवार खुटार के एक गांव में कुछ माह पहले आकर बसा था। करीब दो माह पहले उक्त परिवार का एक युवक मां और पत्नी को लेकर बंडा क्षेत्र के एक देवस्थल पर दर्शन करने गया था। वापस आते समय किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। जिससे युवक और मां की मौत हो गई थी। हादसे की खबर पाकर खुटार के एक भाजपा नेता सांत्वना देने के लिए पीड़ित परिवार के घर पहुंचे थे। युवा नेता के साथ में क्षेत्र के खुटार के एक गांव का एक युवक भी पहुंचा था। आरोप है कि भाजपा नेता के साथ पहुंचे उक्त युवक ने पीड़ित परिवार को एक्सीडेंटल क्लेम दिलाने का झांसा दिया और उसके घर पर आना-जाना शुरू कर दिया। इसी दौरान युवक ने पत्नी और बाद में उसकी बहन को अपने झांसे में फंसा लिया। आरोप है कि एक सप्ताह पहले क्लेम दिलाने का बहाना बनाकर आरोपी युवक महिला और भाभी को घर ले आया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घर लाने के बाद आरोपी ने युवती से खुद शादी कर ली और उसकी भाभी को घर पर रखे हुए हैं। मंगलवार को पीड़ित परिवार को जब इस पूरी हकीकत की जानकारी हुई। तो वह खुटार थाने पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# सस्ता इलाज, डॉक्टरों की कमी सींच रही झोलाछाप की बेल

## अमृत विचार अभियान: जिले में फैला झोलाछाप का जाल, व्यवस्था की उदासीनता भी बना एक कारण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- 80 प्रतिशत झोलाछाप शहर के बाहर बनाए हैं ठिकाना
- तमाम ग्रामीण डिग्रीधारी और झोलाछाप में नहीं जानते फर्क

**अमृत विचार:** जिले में सस्ता इलाज और विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी झोलाछाप के गोरखधंधे को बढ़ावा दे रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 80 प्रतिशत झोलाछाप ने ठिकाना बना रखा है, जहां लोग आसानी से इलाज के लिए पहुंच जाते हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी और सरकारी व्यवस्था की उदासीनता के चलते मरीज मजबूरी में झोलाछाप के पास इलाज कराने को विवश हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में डिग्रीधारी एमबीबीएस डॉक्टर और झोलाछाप में फर्क न समझ पाने के कारण भी लोग गलत हाथों में इलाज करा रहे हैं, जिससे जोखिम बढ़ता जा रहा है।

गांव से शहर तक मरीज को पहुंचाने में लगने वाला समय भी झोलाछाप के पास जाने का एक बड़ा कारण है। गांव में ही तुरंत उपलब्ध होने के कारण लोग छोटी-बड़ी हर बीमारी में झोलाछाप पर निर्भर हो जाते हैं। यही कारण है कि इनके क्लीनिक पर भीड़ लगी रहती है। विशेषज्ञता और पर्याप्त जानकारी के अभाव में गंभीर बीमारियों का गलत इलाज होने से कई बार मरीजों की हालत बिगड़ जाती है।

स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और जागरूकता के अभाव के चलते यह समस्या लगातार बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गांव स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और डॉक्टर उपलब्ध हों तो झोलाछाप पर निर्भरता कम हो सकती है।

इसके साथ ही प्रशासन की सख्ती और नियमित जांच से इस गोरखधंधे पर रोक लगाई जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिला के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हैं। मानक के मुताबिक 197 डॉक्टरों की जरूरत है, लेकिन मौके पर सिर्फ 57 डॉक्टर ही सेवाएं दे रहे हैं। डॉक्टरों की कमी के चलते मरीजों को पर्याप्त इलाज नहीं मिल पा रहा और उन्हें मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है।

### लोगों की जान लेने के लगे आरोप

झोलाछाप पर तमाम लोगों की जान लेने के भी आरोप हैं। जिले से आए दिन इस तरह की शिकायतें आती रहती हैं कि झोलाछाप के इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई। तमाम झोलाछाप पर कार्रवाई भी हुई है। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से कुछ हद तक झोलाछाप पर लगाम लगी है, लेकिन पूरी तरह सफाया नहीं हो पा रहा है।

### 15 सीएचसी और 39 पीएचसी में 57 डॉक्टर संभाल रहे व्यवस्था

स्वास्थ्य विभाग के अधीन 15 सीएचसी और 39 पीएचसी संचालित हैं, जहां ओपीडी के साथ भर्ती की सुविधा भी उपलब्ध है। इन इकाइयों पर 69 डॉक्टरों की तैनाती दिखाई जा रही है, लेकिन इनमें से पांच लंबे समय से गैरहाजिर हैं, एक डॉक्टर पीजीआई में प्रतिनियुक्ति पर हैं और छह डॉक्टर पीजी की पढ़ाई के लिए बाहर गए हुए हैं। ऐसे में वास्तविक रूप से केवल 57 डॉक्टर ही पूरी व्यवस्था संभाल रहे हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी स्थिति को और गंभीर बना रही है। महिला रोग विशेषज्ञ के 16 पदों के सापेक्ष सिर्फ दो डॉक्टर, बाल रोग विशेषज्ञ के तीन पदों पर एक, सर्जन के 15 पदों में केवल तीन तैनात हैं, जिनमें दो अनुपस्थित रहते हैं। एनेस्थीसिया के 16 पदों के मुकाबले तीन डॉक्टर हैं और फिजिशियन के 15 पदों के सापेक्ष मात्र एक डॉक्टर उपलब्ध है।

### एक तो फीस कम और दूसरे गांव में उपलब्धता

स्वास्थ्य सेवाओं की कमी जिले में झोलाछाप के लिए वरदान है। सरकारी चिकित्सालयों में पर्याप्त इलाज मिल नहीं पाता है और निजी चिकित्सकों की फीस देने में गरीब आदमी सक्षम नहीं है। ऐसे में वह झोलाछाप के सहारे इलाज करा रहा है। झोलाछाप के पास जाने पर लोगों को दो फायदे होते हैं। एक तो फीस कम और दूसरे गांव में ही उपलब्ध हो जाते हैं। तमाम गांव वाले झोलाछाप और डिग्री धारक डॉक्टर में फर्क भी नहीं जानते हैं। जिसके चलते गली-मोहल्लों में झोलाछाप की दुकानें खूब फल-फूल रही हैं।

### झोलाछाप से इलाज के दौरान इनकी गई जान

- 30 नवंबर 2024 को निजामपुर गौटिया निवासी विपिन कुमार के सात माह के बेटे पप्पू की इंजेक्शन से
- 03 नवंबर 2024 को मिर्जापुर के गांव गुटेटी उत्तर निवासी छंगेलाल की
- 10 अगस्त 2024 को जैतीपुर के गांव शंकरपुर पिटराई के हरवीर सिंह की एक साल की बेटी की इंजेक्शन से
- 10 अगस्त 2024 को ही गढ़िया रंगीन के गांव भटिया के ओमकार के पुत्र राजू की
- 05 जून 2024 को मदनापुर के बरुआ गांव में पांच माह की आराध्या जिसका केस झोलाछाप पर दर्ज
- 31 मई 2024 को रोजा के सरइया आवाद निवासी भईया लाल की इंजेक्शन लगाने के पांच मिनट बाद मौत
- 13 अप्रैल 2024 कांट के इमलिया निवासी सुरेंद्र पाल की मौत का मुकदमा झोलाछाप आशीष पर मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर दर्ज हुआ।
- 08 अप्रैल 2024 को झोलाछाप के इंजेक्शन से पुवायां के गांव मुड़िया कुर्मियात निवासी प्रमोद कुमार के दस वर्षीय पुत्र की मौत
- 12 अक्टूबर 2023 को अल्हागंज के गांव निवऊ नगला निवासी मिथलेश कुमार की बुखार में इलात के बाद
- 20 सितंबर 2023 को रोशनपुर गांव के राजपाल के पांच वर्षीय पौत्र राम की इलाज के दौरान
- 25 अगस्त 2023 को झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से मदनापुर के प्रतापपुर गहबरा निवासी राजकुमार सिंह के 16 वर्षीय बेटे सौरभ सिंह
- 22 अगस्त 2023 को जैतीपुर के गांव आलमपुर निवासी वीर बहादुर की इलाज के दौरान
- 19 मार्च 2023 को बुखार पीड़ित अल्हागंज के मोहल्ला मेवाती निवासी अखिलेश कुमार के बेटे अजय की मौत
- 15 जनवरी 2023 को जलालाबाद के गांव रघुनाथपुर निवासी सुधीर कुमार के सात माह के बेटे सनी की मौत

(नोट : सभी आंकड़े मीडिया रिपोर्ट्स पर आधारित, घटना की तिथियों में आंशिक अंतर हो सकता है)

# क्विज में जनस्वास्थ्य से जुड़ा ज्ञान दिखाया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



ग्रैंड फिनाले में कॉलेज का प्रतिनिधित्व करतीं एमबीबीएस की छात्राएं।

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन के राज्य चैप्टर द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले बुधवार को वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के प्रतिभागियों ने जनस्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर ज्ञान एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों में जन स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धात्मक भावना को भी सुदृढ़ करती हैं।

कॉलेज का प्रतिनिधित्व 2024-25 बैच के एमबीबीएस की भाव्या, अर्पिता यादव एवं भावना आदि ने किया। छात्राओं ने उत्साह, आत्मविश्वास एवं सक्रियता का परिचय दिया। उन्होंने अधिकांश प्रश्नों के उत्तर समय पर एवं सटीक दिए व राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने के लिए विशेष उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में डॉ. पूरवा सूर, डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. इंतखाब आलम, डॉ. विनायक एच कश्यप, डॉ. शिवानी गुप्ता, डॉ. आदित्य प्रकाश सिंह सहित अन्य संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष ने बताया कि परिणामों की घोषणा आज शाम 5 बजे की जाएगी।

# 2251 रुपये प्रति क्विंटल लगी गेहूं की बोली

संवाददाता, तिलहर

- मंडी सचिव की मौजूदगी में व्यापारियों ने लगाई बोली

**अमृत विचार:** नवीन गल्ला मंडी में मंडी सचिव की मौजूदगी में व्यापारियों ने गेहूं की 2251 रुपये प्रति क्विंटल बोली लगाई।

मंगलवार को सरकारी शासनादेश के तहत मंडी प्रशासन की ओर से नवीन गल्ला मंडी में आढ़त पर आए गेहूं की मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में स्थानीय व्यापारियों द्वारा बोली लगाई गई। गेहूं ढेरी की बोली 2240 रुपये से शुरू हुई, जिस पर मंडी की आढ़त गिरीश चंद्र गुप्ता द्वारा 2251 रुपये कर दी गई। इस दौरान मौजूद मंडी सचिव ने आढ़त स्वामियों से बोली को लेकर अपनी राय रखने को कहा, लेकिन किसी अन्य व्यापारी द्वारा बोली की राशि न बढ़ाए जाने पर 2251 रुपये बोली राशि तय कर दी गई।



नवीन गल्ला मंडी में गेहूं ढेरी की बोली लगाते व्यापारी। ● अमृत विचार

मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप 17 स्थायी और 2 मोबाइल सरकारी गेहूं खरीद केंद्र आवंटित कर दिए गए हैं और मंडी की आढ़तों पर आने वाली गेहूं ढेरी की बोली भी नियमानुसार लगवाई जा रही है। मंडी में गेहूं ढेरी बोली के दौरान मंडी कर्मचारी राजेश कुमार, अंकित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

**एसडीएम ने किया केंद्रों का निरीक्षण, नमी बनी बाधा:** गेहूं खरीद को लेकर एसडीएम ने मंडी सचिव के साथ सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने गेहूं खरीदने के लिए केंद्र प्रभारियों को सख्ती से निर्देश दिए। नवीन गल्ला मंडी परिसर में जिला प्रशासन द्वारा गेहूं खरीदने के लिए मंडी समिति में 19 सरकारी क्रय केंद्र खोले गए हैं। नमी होने के कारण 2 दिन में कोई भी गेहूं खरीद क्रय केंद्रों पर नहीं हुई है।

बुधवार को एसडीएम सदानंद सरोज अचानक मंडी समिति पहुंचे। उन्होंने मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह के साथ सभी क्रय केंद्रों का बारीकी से निरीक्षण किया। एसडीएम ने गेहूं में नमी चेक कराकर देखी। एसडीएम ने गेहूं में नमी निकलने पर किसानों से फसल को सुखाकर बेचने के निर्देश दिए। एसडीएम के मंडी और सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर अचानक पहुंचकर निरीक्षण करने के बाद किसानों को इस वर्ष अपनी फसल का वाजिब मूल्य मिलने की आशा जगी है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
निः शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

# आंबेडकर ने संविधान से मजबूत किया लोकतंत्र



शहबाजनगर में आयोजित समारोह को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- संविधान निर्माता को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की स्मृति में समारोह

**अमृत विचार :** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया के तत्वावधान में महाड़ चोबदार तालाब सत्याग्रह व संविधान निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर को 31 मार्च 1990 में भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किए जाने की स्मृति में समारोह का आयोजन किया गया।

मोहल्ला नई बस्ती ग्राम शहबाज़नगर में बुद्ध व डॉ. आंबेडकर के चित्रों पर पुष्पांजलि के बाद मुख्य अतिथि कानपुर के डिप्टी सीएमओ ओपी गौतम ने कहा कि बाबासाहब ने संविधान के माध्यम से व्यवस्था को लोकतांत्रिक ढंग से संचालित करने का मार्ग प्रशस्त किया।

समारोह में पश्चिमी प्रान्त के अध्यक्ष रामसेवक गौतम, अनुसूचित जाति एवं जनजाति बेसिक शिक्षक संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सियाराम दिनकर, विशिष्ट अतिथि कवि ज्ञानेंद्र मोहन ''ज्ञान'', रामसागर यादव, बाबू भगवंतराम, अजय वर्मा, मातादीन वर्मा, गियारी लाल, बहादुर लाल आजाद, बृजेश वर्मा, तोताराम बौद्धाचार्य, सत्यपाल वर्मा, केदारनाथ टंडन, विक्रम सिंह, अमित कुमार आजाद, मोनू भारती, राजेश्वर सिंह जाटव, मुरारीलाल भास्कर, जगदीश प्रसाद, हरिश्चंद्र वर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। संचालन विनोद कुमार छाबला व योगेश कुमार ने किया। रामेश्वर दयाल गौतम ने आभार जताया।

# गोवंश को लेकर मारपीट, तीन घायल

**कलान, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम छिदकुरी के मजरा धोबियन नगला में एक पक्ष के राहुल सिंह ने बताया कि गांव के विपिन वर्मा आदि पालतू गोवंश छुट्टा छोड़ देते हैं, जिससे फसलों को नुकसान होता है। इसी बात को लेकर बुधवार को कहासुनी हुई और लाठी-डंडे चलने लगे। राहुल सिंह ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उस पर लाठी-डंडों के साथ चाकू से भी हमला किया गया, जिससे वह घायल हो गया।

वहीं दूसरे पक्ष के विपिन वर्मा की ओर से रामकली पत्नी बालक राम, देववती पत्नी उमेश और शालिनी पुत्री बालक राम को चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर घायलों का मेडिकल कराया है और जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही है।

### लाठी-डंडा से हमला, चार पर केस

**कलान, अमृत विचार :** ग्राम खमरिया निवासी वीपी सिंह ने बताया कि 27 मार्च को शाम करीब 7 बजे वह भाई की किराने की दुकान पर बैठे थे, तभी गांव के मुखराम, झब्बू, सुभाष और राजाराम पहुंचे और टकोला व लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल ने उपचार कराने के बाद 31 मार्च को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी शिव दीन वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## न्यूज डायरी

### कुल की रस्म के साथ उर्स-ए-कलीमी का समापन



**मीरानपुर कटरा/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खानकाहे हुसैनिया कलीमिया में उर्से कलीमी में कुल की रस्म के साथ पांच दिवसीय उर्स का समापन हो गया। कुल शरीफ में कई प्रांतों के जायरीन शामिल हुए। खानकाह परिसर जायरीन से पूरी तरह खचाखच भर गया। बुधवार को कटरा में मशहूर सूफी संत हजरत मुहम्मद हुसैन उर्फ दूल्हा मियां व मसरूरे मिल्लत ताजुल उरफा सैयद मसरूर अहमद कलीमी रहमतुल्लाह तआला अलैह का सालाना उर्स अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। हजारों की संख्या में कलीमी दीवाने कुल की रस्म में शामिल हुए। खानकाह के सज्जादानशीन सैयद मसऊद अहमद कलीमी की सरपरस्ती में सुबह कुरआन ख्वानी हुई। सुबह दस बजे कुल शरीफ हुआ, जिसमें मुल्क की मशहूर खानकाहों के मशाइख व सज्जादगान ने दरगाह साबिर पाक कलियर शरीफ के सज्जादा नशीन शाह अली मंजर कुद्दूसी साबरी, खानकाह रदौली शरीफ के सज्जादा नशीन हजरत शाह मुहम्मद अली आरिफ सुब्बू मियां दरगाह गरीब नवाज के सज्जादानशीन सैयद औसाफ़ अली चिश्ती, शाह महताब आलम कुद्दूसी गुड्डू मियां, ख़ानकाह रशीदिया मैनपुरी के सज्जादानशीन शाह अब्दुर्रहमान उर्फ बब्लू मियां साहब, खानकाह हजरत बाबा बहा उद्दीन बाबा फरीदी रजबपुर शरीफ के सज्जादानशीन ख्वाजा सलीम फरीदी, ख्वाज़ा अनवर फरीदी ने शिरकत की। दिन भर मज़ार पर हाजिरी देने का सिलसिला जारी रहा। खानकाह का खास तबर्रूक कौढ़िया जायरीन में बांटी गईं। सज्जादानशीन हजरत सैयद मसऊद अहमद कलीमी ने मुल्क में अमन व खुशहाली की दुआएं कीं। नम आंखों से जायरीन अपने पीर व मुर्शिद से इजाजत लेकर अपने वतन रवाना होना शुरू हो गए।



### गेहूं की फसल की उत्पादकता का किया आंकलन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक के निर्देश पर विकासखंड भावलखेड़ा के ग्राम पंचायत सुतनेरा में गेहूं की फसल की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े जुटाने के लिए अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान फसल कटाई की स्थिति का जायजा लेकर क्रॉप कटिंग कर उत्पादन का आकलन किया गया। बुधवार को बीज भंडार प्रभारी भावलखेड़ा की देखरेख में कृषक अरविंद कुमार के खेत में 43 .3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 10-10-10 मीटर का समबाहु त्रिभुज प्लॉट बनाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से फसल की क्रॉप कटिंग कराई गई। इसके बाद गेहूं की पिटाई कराकर तौल कराई गई, जिसमें 23 .60 किलोग्राम फसल प्राप्त हुई। बीज भंडार प्रभारी ने किसानों से अपील की कि वह अपनी फसलों का बीमा और किसान पंजीकरण अवश्य कराएं, जिससे उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल हंसराम वर्मा, मोहित कुमार, बीमा कंपनी के जिला समन्वयक समी आलम, मुसाद रजा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



### अधिकारियों को व्यवस्थाएं मजबूत करने के निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रमों को लेकर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने हनुमतधाम का स्थलीय निरीक्षण किया। 2 अप्रैल को होने वाले आयोजन से पहले तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को सुरक्षा और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान हनुमतधाम परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय और बैठने की व्यवस्थाओं को देखा गया। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं मजबूत रखने को कहा और संभावित भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। मंदिर परिसर और आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थानों पर निगरानी, सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखने और लगातार गश्त करने के निर्देश दिए गए, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इस दौरान एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### गाड़ी हटाने पर विवाद, दो लोग घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव कनेंग निवासी आलोक सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 28 मार्च को बाइक से घर वापस जा रहे थे। उनके साथ अनिकेत और दिव्यांशू भी थे। रास्ते में कोटे की दुकान के पास गांव के ही सतेंद्र उर्फ शैली सिंह ने गाड़ी लगा रखी थी। जब आलोक ने गाड़ी हटाने को कहा तो आरोप है कि सतेंद्र गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर तीनों को जमकर पीटा। अपराध निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि मामले में सतेंद्र सिंह निवासी गांव कनेंग, आदर्श पांडेय निवासी गांव ददऊं थाना सेहरामऊ दक्षिणी, बिट्टू नाथ निवासी अज्ञात समेत एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# नया कानून लागू होने से जिले के 17 हजार आयकर दाताओं को मिलेगी राहत

## 65 साल पुराने आयकर कानून के स्थान पर लागू हुआ नया आयकर अधिनियम 2025

- हजारों वेतनभोगी, व्यापारी और पेशेवर करदाताओं को मिलेगा सीधा लाभ
- नए कानून के लागू होने से करदाताओं की टैक्स देनदारी में आएगी कमी, प्रक्रिया होगी आसान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** नए वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत एक अप्रैल से हो गई है। नए वित्तीय वर्ष में 65 साल पुराने आयकर कानून की जगह पर अधिनियम 2025 लागू हो गया है। नए आयकर कानून के लागू होने से जिले के करीब 17 हजार आयकरदाताओं को राहत मिलेगी। साथ ही, जिले के वेतनभोगी, व्यापारियों और पेशेवर करदाताओं को इसका सीधा लाभ पहुंचेगा।

एक अप्रैल से 1961 के 65 साल पुराने आयकर कानून की जगह नया आयकर अधिनियम 2025 लागू हो गया है। नए कानून के लागू होने से सैकड़ों को करदाताओं की टैक्स देनदारी में कमी आएगी और प्रक्रिया भी आसान रहेगी। नई व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल और फेसलेस असेसमेंट पर आधारित हो गई है जिससे भ्रष्टाचार और अनावश्यक दखल कम हो जाएगा।

आयकर अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि जिले में करीब 17 हजार के बीच सक्रिय आयकरदाता हैं, जिनमें बड़ी संख्या वेतनभोगियों और छोटे व्यापारी शामिल हैं। आयकर अधिकारी का कहना है कि नई व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल और फेसलेस असेसमेंट पर आधारित है।

नई व्यवस्था में आईटीआर फाइलिंग की तारीखें भी तय कर दी गई हैं। इसके तहत आईटीआर-1 और 2 के लिए 31 जुलाई और आईटीआर 3 और 4 के लिए 31 अगस्त की तिथि नियत की गई है। इसके अलावा चैरिटेबल ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन 5 से बढ़ाकर 10 साल किया गया है। साथ ही पैन नियम और अधिक पारदर्शी किए गए हैं। नया कानून के लागू होने के बाद करदाताओं की टैक्स देनदारी में कमी आएगी। साथ ही प्रक्रिया भी आसान की गई है।

### कर मुक्त रहेगी 4 लाख तक की आय

आयकर अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि अधिनियम 2025 के तहत चार लाख तक की आय वालों को कर मुक्ति में रखा गया है वहीं 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। 12 लाख तक की आय वाले कर्मचारियों और व्यापारियों को रिबेट का लाभ मिलेगा। साथ ही 75 हजार रुपए तक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ 12.75 लाख रुपये तक की राहत दी गई है।

### नए अधिनियम में कम हुई धाराओं की संख्या

आयकर अधिकारी ने बताया कि एक अप्रैल से लागू हुए अधिनियम 2025 के तहत आयकर धाराओं की संख्या घटा दी गई है। पूर्व के अधिनियम में धाराओं की संख्या 800 थी। इन्हें घटाकर 536 कर दी गई है। इसके साथ ही भाषा को भी सरल किया गया है। भाषा सरल किए जाने से आम करदाता बिना विशेषज्ञ की मदद के टैक्स को समझ सकेंगे। इसके अलावा असेसमेंट ईयर और प्रीवियस ईयर की जगह अब केवल टैक्स ईयर लागू होगा, जिससे भ्रम खत्म होगा।

### सरल और पूरी तरह से पारदर्शी है नया अधिनियम

सीए अश्वनी गोयल ने बताया कि अधिनियम 1961 काफी जटिल था जिसे समझना बेहद मुश्किल था। नया आयकर अधिनियम कर प्रणाली को सरल और पूरी तरह पारदर्शी बनाएगा। इससे करदाताओं को बहुत राहत मिलेगी। साथ ही टैक्स चोरी पर भी अंकुश लग जाएग। उन्होंने बताया कि नए आयकर अधिनियम का सबसे अधिक लाभ छोटे व्यापारियों और वेतनभोगी को मिलेगा। व्यापारियों और वेतन भोगियों को नया कानून काफी फायदेमंद साबित होगा। इससे लोग राहत महसूस करेंगे।



# 18.40 करोड़ से होगा भागीरथी घाट का विकास

- बिल्सी विधायक ने निगम के बस अड्डा बाईपास के बाद अब दिलाई बड़ी सौगात

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे विकास की बयार और तेज हो रही है। इसी क्रम में बिल्सी विधायक हरीश शाक्य के क्षेत्र में विकास के लिए धनराशि अवमुक्त हो रही है। सड़क, नाली निर्माण, पुल आदि के बजट पास कराया गया है। सुगम यातायात के लिए परिवहन निगम का बस अड्डा बनवाया और बाईपास निर्माण की स्वीकृति दिलाई। अब कछला स्थित भागीरथी घाट पर गंगा के दोनों ओर के घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत हुई है।



विधायक हरीश शाक्य

बिल्सी विधायक ने बताया कि भागीरथी घाट स्थित दोनों ओर के तटों के सौंदर्यीकरण के लिए 18.40 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। उन्होंने बताया कि मां भागीरथी घाट सनातन संस्कृति में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का रोज आना जाना रहता है।

कावड़ के दौरान लाखों श्रद्धालु स्नान करने और जल लेने के लिए आते हैं। तटों पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके चलते उन्होंने शासन को सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भेजा था। उन्होंने बताया कि विधानसभा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। प्रयास है कि बिल्सी विधानसभा को विकसित विधानसभाओं में गिना जाए। उन्होंने धनराशि आवंटन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानाचार्य सुमन रानी सेवानिवृत्त, दी गई भावभीनी विदाई

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या दो स्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सुमन रानी 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गईं। विद्यालय परिसर में आयोजित विदाई समारोह में अध्यापिकाओं व कर्मचारियों ने उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सुमन रानी का सेवाकाल बेदाग और अनुकरणीय रहा है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण व निष्ठा के साथ कार्य करते हुए विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने बताया कि सुमन रानी ने 1994 में इसी विद्यालय से अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत की थी। वर्ष 2022 से वह प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत रहीं। उनके सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका मीरा रानी को प्रधानाचार्य का प्रभार सौंपा गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य व स्वस्थ जीवन की कामना की।

### होली के दिन हुआ था विवाद, रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** होली पर हुए विवाद के बाद अब बिनावर पुलिस पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की है। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव महरोली निवासी हरि ओम शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा ने बताया कि 4 मार्च को होली मिलन समारोह के दौरान वह अपने क्षेत्र में बैठे हुए थे, गांव निवासी राजीव शर्मा समेत कुछ लोग होली मिलने उनके पास आए। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले सचिन और सुमित शराब के नशे में आए और उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर वह गुस्सा गए। जान से मारने की नीयत से फावड़ा से हमलाकर दिया। बचाने आईं रचना व मिथलेश के घर पर पथराव किया। हरि ओम शर्मा के सिर पर चोट आई। वह बेहोश हो गए। मौजूद लोग उन्हें घर ले जा रहे थे। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायर किया जो मिस हो गया। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया था, पर कार्रवाई नहीं हुई। अब जाकर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सेवानिवृत्त सीएमओ को दी गई विदाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामेश्वर मिश्रा 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए। बुध सेवानिवृत्त होने पर सीएमओ को दी गई विदाई वार को सीएमओ कार्यालय में समारोह आयोजित कर उनके अधीनस्थों ने फूल माला पहनाकर विदाई दी। साथ ही, डा. मोहर झा को प्रभारी सीएमओ बनाया गया।

सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा 2024 में यहां आए थे। कुशल प्रशासनिक क्षमता के साथ उन्होंने काम किया। डा. रामेश्वर मिश्रा 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए। उनका विदाई समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सभी एमओआईसी और एसीएमओ तथा अन्य विभागीय अधिकारियों ने उनका फूल माला पहनाते हुए उनसे मिले अनुभव को साझा किया। सेवानिवृत्त



सीएमओ को विदाई देते सहकर्मी

होने पर डा. रामेश्वर मिश्रा ने कहा कि उन्हें यहां पर सभी का सहयोग मिला जिससे काम करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। बदायूं में बिताया गया समय हमेशा याद रहेगा। इस मौके पर उनके अधीनस्थों ने विदाई देते हुए उपहार भेंट किए। जिला अस्पताल में कार्यरत सिस्टर शोभना मैसी के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को जिला अस्पताल के सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। स्टाफ नर्स और डॉक्टर ने शोभना मैसी को विदाई देते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा की।

### डा. मोहन झा बनाए गए प्रभारी सीएमओ

सीएमओ के सेवानिवृत्त होने पर वरिष्ठ एसीएमओ डा. मोहन झा को प्रभारी सीएमओ बनाया गया। डा. मोहन झा ने सीएमओ का पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि वह सभी के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग को आगे बढ़ाएंगे। लोगों की सेवा के लिए पूरी मेहनत करेंगे। उन्हें डॉक्टरों ने आश्वासन दिया कि यहां पर कोई दिक्कत नहीं होगी। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर जिला अस्पताल के सीएमएस डा. अमित वार्ष्णेय, जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डा. शोभा अग्रवाल सहित अनेक डॉक्टर मौजूद रहे।



# सांसद धर्मेंद यादव ने संसद में की अधिनियम पर चर्चा

**बदायूं, अमृत विचार :** सपा के मुख्य सचेतक व आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव ने संसद में आंध्र प्रदेश के पुनर्गठन संशोधन अधिनियम 2026 के समर्थन में चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह बिल अभी संसद में आया है। अगर इसे पहले से नोटिफाइड किया होता तो राजनीतिक दलों को इस पर व्यापक चिंतन करने का अवसर मिल जाता। स्थानीय सपा नेताओं के अनुसार पार्टी सांसद ने आंध्रप्रदेश की टीडीपी और एनडीए के सदस्यों से सवाल करते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश का सबसे बड़ा शहर विशाखापत्तनम राजधानी के रूप में विकसित हो रहा था।



सांसद धर्मेंद्र यादव

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण शुरू



टीकाकरण के दौरान सीएचसी पर मौजूद विधायक हरीश शाक्य। • अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्सी पर बुधवार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुरू हुआ। अभियान की शुरूआत विधायक हरीश शाक्य ने की। इस मौके पर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार आम जन के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है और लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि इस टीकाकरण अभियान के तहत 14 वर्ष से 15 वर्ष 3 माह तक की आयु वर्ग की स्कूल जाने वाली बालिकाएं पात्र हैं। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, आशा कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से आह्वान किया कि वह अपने क्षेत्रों और विद्यालयों से पात्र बालिकाओं को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को टीकाकरण के लिए आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्सी भेजें जिससे समय रहते सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सके। इस मौके गगन राठी, मोहित गुप्ता, अमित मिश्रा, आदित्य महेश्वरी आदि मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान शुरू, बच्चों ने निकाली रैली

**बिल्सी, अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र के साथ ही बुधवार से क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान शुरू हो गया। विकास क्षेत्र अंबियापुर के संविलियन विद्यालय बढनौमी के छात्र-छात्राओं ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर शिक्षा के प्रति लोगों को प्रेरित किया। रैली के दौरान बच्चों ने नारे लगाकर अभिभावकों को अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के लिए जागरूक किया। शिक्षकों ने गांव के लोगों से संपर्क कर 6 से 14 वर्ष तक के ड्रॉप आउट बच्चों को परिषदीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकित कराने का आह्वान किया। प्रधानाध्यापक ज्ञान सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। यह अभियान दो चरणों में संचालित होगा जिसमें पहला चरण एक से 15 अप्रैल और दूसरा चरण एक से 15 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान बिना किसी दस्तावेज़ की बाध्यता के बच्चों का नामांकन किया जाएगा। कार्यक्रम में राजेश गुप्ता, मनोज कुमार, प्रज्ञा वार्ष्णेय, राजेश कुमार, प्रेमपाल, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

# खुनक के पास पलटा मिला चोरी किया गया ई-रिक्शा

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में पत्नी का ऑपरेशन कराने आए युवक का ई-रिक्शा चोरी हो गया। बाद में ई-रिक्शा गांव खुनक के पास पलटा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। ई-रिक्शा थाने पर खड़ा कराया गया। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव के पास ग्रामीणों ने बुधवार सुबह ई-रिक्शा पलटा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ई-रिक्शा थाने ले गई जिसे चेक किया तो कुछ कागजात में मिले। कागजात के आधार पर पुलिस ने ई-रिक्शा मालिक वजीरगंज क्षेत्र के गांव हतरा निवासी इलियास को सूचना दी। वह थाने पहुंचे। उन्होंने देखा कि ई-रिक्शा के तीन पहिया और चार बैटरियां गायब थीं। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी रेशमा की तबीयत खराब हो गई थी। वह पत्नी को ई-रिक्शा से जिला अस्पताल ले गए थे। चिकित्सक ने पत्नी की पित्त की थैली के ऑपरेशन की बात कही थी। रात में चोर ई-रिक्शा ले गए।



थाने में खड़ा बैटरी वाला ई-रिक्शा।

# उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा

- चार केंद्रों पर 19 मार्च से चल रहा था उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन
- 16 दिनों में जांची गईं करीब 3.41 लाख उत्तर पुस्तिकाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो गया। मूल्यांकन पूरा होने के बाद शिक्षकों से मांग पत्र जमा कराकर उन्हें रिलीव किया जा रहा है। कॉपियों के बंडल क्षेत्रीय कार्यालय भेजे जाने की तैयारी चल रही है। कॉपियां सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहुंचाई जाएंगी। इस बार सभी केंद्रों पर करीब 3.60 लाख उत्तर पुस्तिकाएं आवंटित की गईं, लेकिन माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से कुल 3.41 लाख ही उत्तर पुस्तिकाएं भेजी गई थीं। इन्हें समय से जांच लिया गया है।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद 19 मार्च से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने का काम शुरू हुआ था। मूल्यांकन कार्य शहर के चार कॉलेजों में कराया गया जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज व राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की कॉपियां जांचने के लिए पहुंचायीं गई थीं। एसके इंटर कॉलेज और इस्लामिया इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन कार्य सभी चारों केंद्रों पर पूरा कर लिया गया। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से चारों केंद्रों पर करीब 3.60 लाख उत्तर पुस्तिकाएं आवंटित की थी लेकिन 3.41 लाख उत्तर पुस्तिकाएं भेजी गईं। मूल्यांकन कार्य के बाद अब माध्यमिक शिक्षा विभाग आवंटित उत्तर पुस्तिकाओं को संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय वापस भेजने की कोशिश में जुट गया है। कॉपियों के बंडल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच क्षेत्रीय कार्यालय भेजी जाएंगी। मूल्यांकन के बाद परीक्षक पारिश्रमिक व यात्रा भत्ता समेत अन्य भत्तों का मांग पत्र जमा करने में जुटे हैं। डीआईओएस ने शिक्षकों को रिलीव होने के बाद कॉलेज में कार्यभार ग्रहण कर एक अप्रैल से शुरू हुए नवीन प्रवेश के साथ शिक्षण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया है।

> हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की आवंटित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो गया है। सूचना माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव को दे दी गई है। उत्तर पुस्तिकाएं कड़ी सुरक्षा में क्षेत्रीय कार्यालय भेजी जाएंगी। इसकी जिम्मेदारी मूल्यांकन केंद्र प्रभारी को दी गई है। शिक्षकों को रिलीव किया जा रहा है।
>
> **लालजी यादव**, डीआईओएस

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू, किया गया जागरूक

- सदर विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना
- शासन से कई विभागों को मिली जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ बुधवार को सीएमओ कार्यालय पर किया गया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान को सफल बनाने को कई विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शासन स्तर से स्वास्थ्य विभाग को हर साल संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने की जिम्मेदारी दी जाती है। बुधवार को शासन के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर मलेरिया विभाग के जरिये कार्यक्रम आयोजित किए गए।

रैली को सफल बनाने के लिए तमाम ऑटो तैयार किए गए साथ ही स्वास्थ्य विभाग व मलेरिया विभाग ने संयुक्त रूप से बड़े बैनर के साथ शहर में रैली निकाल कर जागरूकता पैदा की। रैली को सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली को रवाना करते हुए सदर विधायक ने कहा कि सरकार ग्रामीण व शहरी जीवन को निरोग बनाने को हर साल संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाती है। इस अभियान में शिक्षा विभाग, मलेरिया विभाग, स्वास्थ्य विभाग, डीपीआरओ को जिम्मेदारी दी जाती है। सभी विभाग अपने-अपने स्तर से स्वच्छता को प्रचार-प्रसार करते हैं, ताकि रोगों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

जिला मलेरिया अधिकारी योगेश सारस्वत ने कहा कि गंदगी को साफ कराने के लिए कई विभागों को इसमें शामिल किया गया है। इसमें मुख्य रूप से शिक्षा विभाग, ग्राम पंचायत तथा आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाती है। अभियान के पहले चरण में गांव-गांव स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। स्कूलों के बच्चे जागरूकता रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश देंगे। ग्राम पंचायतों को साफ-सुथरा बनाने के लिए ग्राम प्रधान और सचिव को दायित्व सौंपे गए हैं। अभियान के दूसरे चरण में गांव-गांव सफाई कराने के बाद आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घरों में बीमार लोगों को चिन्हित करेंगी। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ कौशल गुप्ता समेत सभी मलेरिया निरीक्षक, अर्बन कोऑर्डिनेटर, आशा रैली आदि रैली में शामिल हुईं।



सीएमओ कार्यालय पर रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक महेश चंद्र गुप्ता • अमृत विचार

### तालाबों-झीलों को किया जाएगा चिन्हित

मलेरिया निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में बड़े तालाबों-झीलों को चिन्हित करेंगे जिससे वहां पर मच्छर का लार्वा नष्ट किया जा सके। स्थानीय लोगों व ग्राम पंचायत के सहयोग से क्षेत्र को संचारी रोग मुक्त बनाया जा सके। गांवों में नालियों में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव कराया जाएगा। इसके लिए पहले मलिन बस्तियों को चिन्हित कर काम किया जाएगा। अन्य क्षेत्रों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा।

### नगर पालिका कराएगा नालों की सफाई

अभियान को सफल बनाने को नगर पालिका परिषद को भी जिम्मेदारी दी गई है। घनी आबादी के बीच मच्छर नाशक दवा का छिड़काव करना, फॉगिंग कराना, नालों की सफाई करना आदि कार्य पालिका परिषद को सौंपा गया है। अप्रैल माह में दो चरणों में अभियान चलाकर शहरों को साफ-सुथरा बनाने के निर्देश दिए गए हैं।


RMC BAREILLY Excellence towards profession

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

विशाल चिकित्सा शिविर

हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग | नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग

यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक

समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं

रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये

डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त | भर्ती एवं पलंग मुफ्त | भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त | भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचे मुफ्त | डिलीवरी मुफ्त | भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में | भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त | भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)

1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम

इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)

1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.

*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply

हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145

इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में

एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

## न्यूज ब्रीफ

### प्रेम प्रसंग में युवक को किया मरणासन्न अस्पताल में भर्ती

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती से प्रेम प्रसंग पर उसके भाईयों ने युवक को पीटकर मरणासन्न हालत में पहुंचा दिया। युवक की मां की तहरीर पर पांच भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। युवक बरेली के निजी अस्पताल में वेंटिलेटर पर है। नगर उझानी निवासी युवक की मां सीमा देवी पत्नी उदयराज सिंह ने बताया कि उनका बेटा सूर्यकांत उर्फ छोटू प्राइवेट नौकरी करता है। उसका एक युवती से प्रेम प्रसंग था। दोनों का मिलना-जुलना था। वह दोनों शादी भी करने वाले थे। दोनों एक ही बिरादरी के हैं। उन्होंने बताया कि 28 मार्च सुबह 7 बजे युवती के भाई सूर्यकांत को गांव ले जाने की बात कहकर साथ ले गए। उसे बुरी तरह से पीटकर मरणासन्न कर दिया और कार में लाकर उनके घर पर डाल गए। पुलिस ने युवती के दो भाइयों समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने उपनिरीक्षक जगमेंद्र को जांच सौंपी है।

### जंगल में मिले पशु के अवशेष

**बदायूं, अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव दहेमी के जंगल में खून और पशु के अवशेष मिले। ग्रामीणों की ने गोवध की शिकायत की। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोवध की बात से इंकार किया है।

### पटपरागंज में फिर से कूडा पड़ा तो कांग्रेस करेगी विरोध प्रदर्शन

**बदायूं, अमृत विचार :** ब्लॉक उझानी के गांव पटपरागंज में फिर से कूड़ा डाला गया, तो कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि पिछले एक साल से नगर पालिका की ओर से कूड़े का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। अब फिर से नगर पालिका प्रशासन कूड़ा निस्तारण को लेकर कार्य योजना तैयार कर रहा है। उन्होंने बताया कि पटपरागंज में दस साल से कूड़ा डाला जा रहा था जिसे एक साल पहले बंद कराया गया है।


बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करती स्कूल प्रधानाध्यापक। ● अमृत विचार


छात्रों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि संजीव कुमार शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार


बच्चों को नई किताबें देते शिक्षक। ● अमृत विचार

# बच्चों को तिलक लगाकर हुआ स्वागत, पढ़कर सुनाया अखबार

## परिषदीय और माध्यमिक स्कूलों में हुई स्कूल चलो अभियान की शुरुआत, ग्रामीणों को शिक्षकों ने बच्चों का नामांकन कराने के लिए किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत बच्चों को विद्यालय से जोड़ना और शिक्षा के प्रति जागरूकता किया गया। कई स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन स्कूल आने वाले बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ नई किताबों को वितरण किया गया।

नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत प्रार्थना सभा के दौरान अखबार के साथ हुई। बच्चों से अखबार पढ़वाया गया। शिक्षकों ने कहा कि अखबार पढ़ने से बच्चों में वाक्य उच्चारण की क्षमता बढ़ेगी, साथ ही, ज्ञान में वृद्धि होगी।

जगत ब्लॉक के संविलियन विद्यालय आम गांव में प्रधानाध्यापक संगीता शर्मा ने स्कूल आने वाले बच्चों को रोली चंदन से टीका लगाकर स्वागत किया। इसके बाद नई किताबें बांटी। साथ ही, गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान ग्रामीणों को बच्चों के लिए स्कूल भेजने को प्रेरित किया।


बच्चे को किताबें देते बीएसए। ● अमृत विचार


बच्चे को सम्मानित करती स्कूल प्रधानाध्यापक। ● अमृत विचार

● **शैक्षिक सत्र की शुरूआत पर किताबों का वितरण**

### सत्र आरम्भ पर बीएसए ने कराया पुस्तक वितरण

**बिसौली, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान की शुरुआत हो गई। साथ ही, बच्चों के बीच किताबें भी बांटी गईं। संविलियन विद्यालय हररायपुर में सत्र के प्रथम दिन बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं ने पुस्तक वितरण कराया। साथ ही, बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही बीएसए ने स्कूल चलो अभियान की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में गौरव यादव, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरपाल सिंह, उपाध्यक्ष हिरदेश बाबू, विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवरसेन, सहायक अध्यापक चित्रा, उमेश चंद्र, हिमानी वार्ष्णेय, हेमलता व अंजुम बुशरा आदि उपस्थित रहे। इधर क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज में नए शिक्षा सत्र शुभारंभ पर स्कूल में हवन पूजन किया गया। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने अन्य शिक्षकों के साथ हवन में आहुतियां दी। इस अवसर पर नीरज चौहान, रामौतार मौर्य, प्रवीण मिश्रा, अश्वनी शर्मा, प्रवेश शर्मा, अनमोल उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों का हुआ स्वागत, किताबें बांटी

**सहसवान, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के स्कूलों में नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन स्कूल चलो अभियान के तहत नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं और पिछले सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को परिणाम पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया। विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय समसपुर बल्लू में आयोजित कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मनोज राम ने अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को निशुल्क किताबें दीं और मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा का अधिकार है। कार्यक्रम में एआरपी रावेश कुमार, संजय कुमार, आमोद कुमार, प्रधानाध्यापक राजन यादव, दुर्वेश कुमार, हरिओम और सोमवीर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जगी शिक्षा की अलख, निकली जागरूकता रैली में

**ओरछी, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर बेहटा में बुधवार को स्कूल चलो अभियान का आयोजन किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ नीरज शर्मा के विद्यार्थियों के साथ जागरूकता रैली निकाली जिसमें शिक्षकों ने ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। जागरूकता रैली में आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे जैसे नारों के साथ शिक्षा की अलख जगाई गई। इससे पूर्व स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहीं सेवानिवृत्त अध्यापक चन्द्रमुखी ने कहा कि शिक्षा ही वह एकमात्र मार्ग है जिससे समाज में बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम में मनोज तोमर, भुवनेश गोविल, प्रीति गौतम, अरुण कुमार मिश्रा, विवेक कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### श्रेष्ठ ज्ञान से ही महान लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं बच्चे

**कादरचौक, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय रेवा में वार्षिक उत्सव और नव प्रवेशोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल चलो रैली निकाली और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अभिभावकों ने अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराया। मुख्य अतिथि स्काउट संस्था के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चे बल, बुद्धि और विवेक से विषम परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना करें। उच्च शिक्षा अर्जित करें।


मेधावी बच्चों को सम्मानित करते बीईओ। ● अमृत विचार

राज्य संदर्भदाता समूह की सदस्य प्रधानाध्यापिका सुधा मिश्रा ने कहा कि बच्चे श्रेष्ठ ज्ञान से ही महान लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। एआरपी अंजुम खान, शैलेन्द्र कुमार, रत्नेश कुमार, योगेश शर्मा ने सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल व टीसी के साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भूतपूर्व सैनिक हुकुम सिंह, प्रधान वीरेन्द्र यादव, अवनीश यादव, किरन कुमारी, मीना, आरती, नीलम आदि मौजूद रहे। विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगपुर पुख्ता मे वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीईओ दिलीप कन्नौजिया रहे। बीईओ ने मनोयोग से अध्ययन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बीईओ ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र/छात्राओं सहित सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्रों को माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किये। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार, सहायक अध्यापक अनूप चौहान, सर्वेश कुमार सिंह, प्रीति सिंह, सुनीति शाक्य, कृष्णपाल शाक्य आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षा और संस्कारों से जीवन को छात्र बनाएं मर्यादित : उझानी

अमृत विचारः नगर के विद्या मंदिर इंटर कालेज में गायत्री महायज्ञ के साथ नवीन शिक्षण सत्र का शुभारंभ हुआ। विद्यालय में प्रवेश लेने वाले 21 बच्चों का मां सरस्वती, भगवान श्री गणेश-माता लक्ष्मी पूजन के साथ विद्यारंभ संस्कार हुआ। गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने वेद मंत्रोच्चारण कर यज्ञ संपन्न कराया। कहा कि बच्चे शिक्षा और संस्कारों से जीवन को मर्यादित और पवित्र बनाएं। प्रधानाचार्य शैलेन्द्र यादव ने कहा कि शिक्षा ज्ञान की आधारशिला है। इससे व्यक्ति चरित्रवान बनता है। कहा कि विद्यार्थियों में न केवल अध्ययन के प्रति लगन बढ़ती है, बल्कि उनमें भारतीय संस्कृति, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के प्रति गहरा जुड़ाव भी विकसित होता है। प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने यज्ञ भगवान को गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र की विशेष आहुतियां दी। नवीन शिक्षण सत्र के प्रथम दिन 21 बच्चों ने विद्यालय में प्रवेश लिया। इस मौके पर सुधीर कुमार, राजेश सागर, रिंकी यादव, गार्गी जैन आदि मौजूद रहे।


सबसे पुराना स्थापित 1960

गुप्त रोगी रोजाना मिलें

हर जगह से परेशान रोगी मिले

नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी

बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार

बबासीर

खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर

कांच का बिना ऑपरेशन

इलाज दर्द रहित

उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक

निकट जिला पंचायत चौपुला

कुतुबखाना रोड, बरेली

मो. 9259082174


### नीलगाय से टकराकर बाइक सवार की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र में नीलगाय से टकराकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई और दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर चीत्कार करते परिजन पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव सुंदर नगर निवासी चीकू पुत्र पप्पू सिंह और ओमपाल पुत्र साधू सिंह बाइक से बिल्सी की ओर जा रहे थे। रास्ते में गांव घंसौली के पास उनके सामने अचानक नीलगाय आ गई। उनकी बाइक अनियंत्रित होकर नीलगाय से टकरा गई। बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने ओमपाल को मृत घोषित कर दिया। चीकू की हालत नाजुक है।

# एसएसपी ने किया औचक निरीक्षण



थाने के बाहर से अतिक्रमण हटवाते पुलिसकर्मी।


थाना बिनावर का निरीक्षण करतीं एसएसपी अंकिता शर्मा।

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** एसएसपी अंकिता शर्मा बुधवार को दोपहर लगभग तीन बजे अचानक थाना बिनावर का निरीक्षण करने पहुंच गईं। पुलिस कर्मी घबराए हुए नजर आए। एसएसपी ने थाने के बाहर किए गए अतिक्रमण पर नाराजगी व्यक्त की। पुलिस ने तत्काल अतिक्रमण हटवाया। एसएसपी ने थाने निरीक्षण के दौरान कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति डेस्क और अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति देखी।

● **थाने के बाहर ठेला संचालकों ने किया था अतिक्रमण**

एसएसपी को थाने के बाहर ठेला खोमचा का अतिक्रमण मिला। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। पुलिस कर्मियों ने तुरंत ठेलों को वहां से हटवाया। इसके बाद एसएसपी ने हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, मैस, सीसीटीएनएस कक्ष आदि का बारीकी से मुआयना किया।

अभिलेखों के रखरखाव, परिसर की साफ-सफाई व सीसीटीवी कैमरों को सुचारू रखने को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ, दिवसाधिकारी उपनिरीक्षक नरोत्तम सिंह, महिला हेल्प डेस्क पर दीपमाला, रोबिन, कंप्यूटर ऑपरेटर फईम अहम, कृष्ण अवतार मौजूद रहे। एसएसपी ने कर्मचारियों को साइबर अपराध, साइट्रेन के बारे में जागरूक करने और मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत क्षेत्र में भ्रमणशील रहने को निर्देशित किया।

# परीक्षा फल वितरित मेधावी हुए सम्मानित


मेधावी बच्चों के साथ शिक्षक ● अमृत विचार

संवाददाता, रुदायन

**अमृत विचारः** एसजीएम पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया। अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों को स्कूल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम प्रकाश गुप्ता और मुकेश रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा मेधावियों को सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार व प्रधानाचार्य विमल कुमार बच्चों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही, कहा कि मेहनत और अनुशासन से ही सफलता मिलती है। विद्यार्थियों को आगे भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

# मनाया गया नीरज बोरा का जन्म दिन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन संगठन की ओर से संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष विधायक डॉ. नीरज बोरा का जन्म दिन समरसता के रूप में मनाया गया। ओवरब्रिज स्थित श्री दुर्गा मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करके श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

संगठन के जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता उर्फ शोंटू ने बताया कि डॉ. नीरज बोरा ने अपना पूरा जीवन सामाजिक और राजनीतिक सेवा के लिए समर्पित किया है। उनके मार्ग दर्शन में समाज की सभी उपजातियां एक मंच पर संगठित होकर मानव सेवा का कार्य बखूबी निभा रही हैं। उनके प्रयास के लिए संगठन ने समरसता दिवस मनाकर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है। जिला महामंत्री हरि अग्रवाल ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कार और सकारात्मकता का संचार होता है। आने वाली पीढ़ी में भी एक अच्छा संदेश जाता है कि वह भी आने वाले समय में सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी महती भूमिका निभाएं। प्रदेश मंत्री अवधेश लड्डा, पवन जैन, नितिन गुप्ता, दिनेश कुमार थापा, दीपक गुप्ता, गौरव गुप्ता, संजय गुप्ता, विनय गुप्ता, कुलदीप वैश्य, मनोज गुप्ता, ओम गुप्ता आदि मौजूद रहे।


जन्म दिन पर हनुमान चालीसा का पाठ करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन संगठन की ओर से मंदिर में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ**

# जय हनुमान से गुंजायमान हुआ धाम

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिद्ध पीठ श्री बालाजी धाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। मंदिर परिसर में सतेती से आई प्रसिद्ध भजन मंडली की ओर से सुंदरकांड व संगीतमय पाठ किया गया। आयोजन की दिव्यता का आलम यह रहा कि पाठ के दौरान उपस्थित सैकड़ों भक्त श्रद्धा के अतिरेक में भाव-विभोर हो गए और पूरा मंदिर प्रांगण ''जय श्री राम'' व ''जय हनुमान'' के उद्घोष से गूंज उठा।

सुंदरकांड का सस्वर पाठ बजरंग कीर्तन मंडल ने प्रस्तुत किया गया। उनकी सुमधुर प्रस्तुति ने वातावरण में ऐसी आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया कि श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर प्रभु की भक्ति में लीन नजर आए। पाठ की पूर्णाहुति पर दरबार के महंत मटरू मल शर्मा ने विधि-विधान के साथ भगवान के स्वरूप की आरती उतारी और प्रसाद वितरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में स्वतंत्र राठी, सौरभ सोमानी, चारु सोमानी, जितेंद्र वार्ष्णेय, मयंक महेश्वरी, दीपक बाबा, संजीव शर्मा और नहुष माहेश्वरी सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु मौजूद रहे।

आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए महंत मटरू मल शर्मा ने बताया कि जन्मोत्सव के पर्व पर मंदिर में सेवा कार्य जारी हैं। अगले चरण में मंदिर में विशाल महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसके पश्चात कन्या पूजन का विशेष अनुष्ठान संपन्न होगा। कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोग लगाया जाएगा। महंत ने बताया कि 3 अप्रैल को सिद्ध पीठ श्री बालाजी धाम के तत्वाधान में एक विशाल और भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।


बाला जी धाम में मौजूद महिला श्रद्धालु ● अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

## डायट में छात्राओं को साइबर ठगी को लेकर किया जागरूक

**बदायूं, अमृत विचार :** लोगों में जागरूकता की कमी की वजह से साइबर अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं। इसके चलते साइबर थाना पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार वर्धन ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में छात्राओं को जानकारी दी। साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि आज के समय मोबाइल चलाते समय बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है। किसी भी अनजान लिंक को नहीं खोलें और न ही किसी के साथ ओटीपी व सीवीसी नंबर शेयर करें। उन्होंने साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट आदि ठगी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ठगी होने की दशा में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। टीम में हेड कांस्टेबल निपेंद्र यादव, कांस्टेबल राज चौधरी, प्रियंका तोमर रहे।

## कुंवर गांव में दुकान में लगी भीषण आग

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** नगर कुंवरगांव के वार्ड संख्या 7 में उस समय हड़कंप मच गया जब एक बंद दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। मकान के एक हिस्से में बनी दुकान को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे आठ से दस लाख का सामान जलकर राख हो गया। आग पर दमकल की गाड़ियों ने काबू पाया। मुजफ्फर अली उर्फ मंसूरी, कई वर्षों से कुंवर गांव में रहकर फोटो स्टूडियो और कपड़े की दुकान चलाते हैं। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य एक रिश्तेदारी में शादी समारोह में गए हुए थे। सोमवार देर शाम को गृहस्वामी मुसब्बर अली शादी से लौटे और कुछ देर घर पर रुकने के बाद अपने पैतृक गांव इमलिया चले गए। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि उनके मकान में आग लग गई है। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते फोटो स्टूडियो का पूरा सेटअप और कपड़े का सामान जलकर राख हो गया।

## चार महीने से नहीं मिला मानदेय

**बदायूं, अमृत विचार :** जनपद में आशा और संगिनी को पिछले साल का कई माह का मानदेय व अन्य मदों का पैसा नहीं दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारियों पर उत्पीड़न के आरोप लगाए जा रहे हैं। साथ ही, अन्य गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। मानदेय न मिलने से एक बार फिर धरना-प्रदर्शन की तैयारी है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए 337 ग्राम पंचायतों में बनाए गए अमृत सरोवर

## एक अमृत सरोवर के निर्माण कार्य में खर्च हुए हैं 10 से 12 लाख रुपए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भू-जल स्तर सुधारने और पर्यावरण संतुलन के लिये किया गया है सरोवर का निर्माण
- मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायतों में बनाए गए हैं अमृत सरोवर

**अमृत विचार:** जल संरक्षण को बढ़ावा देने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दिशा में सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर का निर्माण कराया जा रहा है। साल 2022 से लागू योजना के तहत अब तक 337 ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर का निर्माण किया जा चुका है। अन्य ग्राम पंचायतों में निर्माण के लिए भूमि की तलाश की जा रही है। अमृत सरोवर से न केवल भू-जल स्तर में सुधार करने की पहल की जा रही है, बल्कि कृषि, पशुपालन और ग्रामीण रोजगार को भी बढ़ावा देने की कोशिश हो रही है। मनरेगा योजना के तहत एक अमृत सरोवर के निर्माण पर 10 से 12 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

पुराने पोखर और तालाबों का जीर्णोद्धार कर उन्हें अमृत सरोवर का रूप दिया जा रहा है। तालाबों को जीवित करने और उनके सौन्दीकरण की योजना पिछले चार साल से चल रही है। साल 2022 में शुरू हुई योजना के तहत पूर्व में प्रत्येक ब्लॉक में दो-दो अमृत सरोवर का निर्माण किया जाना था। इसे विस्तार देते हुए अब सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर का निर्माण किया जाना है। जिला प्रशासन द्वारा योजना के तहत पुराने पोखरों और तालाबों का जीर्णोद्धार कर अब तक 337 तालाबों को अमृत सरोवर का रूप दे चुका है। मनरेगा के तहत बनने वाले प्रत्येक सरोवर पर करीब 10 से 12 लाख रुपये तक की धनराशि खर्च की गई है। शेष ग्राम पंचायतों में निर्माण के लिए तालाबों को चिन्हित करने की कवायद चल रही है। नए वित्तीय वर्ष में 75 अमृत सरोवर का निर्माण किया जाना है।

### जलाशयों के किनारे की गई पथ व्यवस्था

तालाबों की नए सिरे से खुदाई करने के साथ ही उनके किनारों का सौन्दीकरण किया गया है। लोगों को सुबह-शाम टहलने के लिए पथ बनाया गया है। बैठने के लिए बेंच लगाने के साथ ही छायादार पौधे लगाए गए हैं।

### गांवों की बढ़ी सुंदरता

जिन ग्राम पंचायतों में तालाबों का सौन्दर्यीकरण किया गया है, उनकी खूबसूरती बढ़ी है। बच्चों के खेलने के लिए स्थान बनाया गया है। इसके साथ ही, उनके चारों ओर फलदार और छायादार पौधे लगाए गए हैं, जो अब वृक्ष बन चुके हैं। इनके निर्माण से मनरेगा मजदूरों को भी रोजगार मिला है।

> मनरेगा योजना के तहत सभी 15 ब्लॉकों की 1036 ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर का निर्माण कराया जा चुका है। नए वित्तीय वर्ष में 75 अमृत सरोवर का निर्माण कराया जाना है। ग्राम पंचायतों का चयन किया जा किया रहा है। एक सरोवर के निर्माण पर करीब 10 से 12 लाख रुपये खर्च होंगे।
> **अखिलेश कुमार चौबे**, उपायुक्त, उपायुक्त मनरेगा।

**इन ब्लॉकों में बने अमृत सरोवर**

| | |
|---|---|
| अंबियापुर | 12 |
| आसफपुर | 11 |
| बिसौली | 18 |
| दातागंज | 14 |
| दहगवां | 15 |
| इस्लामनगर | 14 |
| जगत | 22 |
| म्याऊं | 14 |
| कादरचौक | 15 |
| सहसवान | 17 |
| सालारपुर | 21 |
| समरेर | 18 |
| उझानी | 16 |
| उसावां | 12 |
| वजीरगंज | 12 |
| जिला पंचायत | 03 |

# अनुरक्षण कार्य के कारण चार घंटे गुल रही बिजली, लोग रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 33 केवी लाइन पर काम की वजह से गुल हो गई थी बिजली
- विभाग ने कहा, अनुरक्षण कार्य कराने के लिये हुआ था शटडाउन

**अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से चलाए जा रहे अनुरक्षण कार्य के चलते जिले के उपभोक्ताओं को चार-चार घंटे बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। इस्लाम गंज क्षेत्र में आज सुबह दस बजे से दो बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

अनुरक्षण माह के तहत पिछले कई दिनों से 33 केवी बिजली की लाइनों को ठीक किया जा रहा है। जर्जर लाइनें बदली जा रहीं हैं। पुराने केबल हटाकर नई केबल डाली जा रही हैं। बिजली घरों पर पीवीसी बदली गई है जिससे कई घंटे बिजली गुल हो रही है। बुधवार सुबह को इस्लामगंज पडौआ, कुलचौरा, उनौला, खरखोली सहित करीब 18 गांवों की बिजली आपूर्ति सुबह दस बजे बंद कर दी गई। इन ग्रामों में वैसे सुबह पांच बजे बिजली सप्लाई ठप होती है लेकिन बुधवार को दस बजे तक सप्लाई दी गई। इसके बाद बिजली आपूर्ति रोककर अनुरक्षण कार्य किया गया। बड़ी लाइन के तारों को तालगांव और कुलचौरा के बीच में ठीक किया गया। इससे इस पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति रोकी गई।

उधर शहर की ढाक वाली जियारत स्थित बिजलीघर से भी बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे इस बिजली घर से पोषित बिजली चार घंटे से अधिक गुल रही। इस बिजली घर पर मंगलवार को भी काम किया गया था, जिससे उपभोक्ताओं को छह घंटे बिजली कटौती का सामना करना पड़ा था। आज फिर इस लाइन पर काम किया गया जिससे सिमरिया, रसूलपुर, उदमई, उपरैला, सूरजपुर, रूपापुर, आदि गांवों की बिजली आपूर्ति ठप रही। लोगों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर बार दो बजे जब बिजली आपूर्ति शुरू हुई तो उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

### खराब ट्रांसफार्मरों की मरम्मत जारी

बिजली विभाग के जरिये पिछले एक सप्ताह में 18 खराब ट्रांसफार्मरों की मरम्मत की गई जबकि 15 से अधिक खराब ट्रांसफार्मर कार्यशाला में रखे हैं जिनकी मरम्मत की जा रही है। अधिशासी अभियंता हरीश ने बताया कि खराब ट्रांसफार्मरों को 24 घंटे में ठीक कर मौके पर पहुंचाया जा रहा है। बढ़ती गर्मी के चलते अधिक लोड पड़ रहा है जिससे ट्रांसफार्मर जल रहे हैं। अभी तक स्थिति सामान्य रही है जबकि आगे गर्मी में स्थिति और बिगड़ने की आशंका विभाग ने व्यक्त की है।

### सलारपुर बिजलीघर पर भी किया गया काम

सलारपुर बिजलीघर व उसके आने वाली 33 केवी की लाइन पर पिछले तीन दिन से काम किया जा रहा है। इससे हर दिन इस क्षेत्र में तीन से चार घंटे बिजली रोकी जा रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अप्रैल माह में ही सभी लाइनों की मरम्मत कर ली जाएगी जिससे गर्मी में उपभोक्ताओं को कटौती और ट्रिपिंग का सामना न करना पड़े।

> जनपद के सभी बिजली घरों पर अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है जिससे कुछ देर के लिए शटडाउन लिया जा रहा है। लाइनों को ठीककर बिजली आपूर्ति दी जा रही है। एक माह के अंदर मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।
> **संजीव कुमार**-अधिशासी अभियंता, प्रथम

# महिलाओं ने मनाया रामोत्सव कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



श्री रामोत्सव कार्यक्रम मनाती महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला पटेल नगर में विहिप की जिला सह संयोजिका सुमन लता गुप्ता के निवास पर बुधवार को रामोत्सव कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य पद्धति द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य वक्ता डॉ प्रतिभा गुप्ता एडवोकेट जिला संयोजिका मातृशक्ति रहीं। उन्होंने कहा कि आज हम सब यहां मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के पावन स्मरण में रामोत्सव के दिव्य अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारे संस्कार और हमारे जीवन मूल्यों का जीवंत प्रतीक है। भगवान राम का जीवन हमें सिखाता है कि सत्य, त्याग, मर्यादा और कर्तव्य मनुष्य को महान बनाते हैं। उन्होंने अपने जीवन में हर परिस्थिति में धर्म का पालन किया। चाहे वह पिता की आज्ञा का पालन करते हुए वनवास स्वीकार करना हो, या रावण जैसे अधर्मी का संहार करना। राम केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक आदर्श जीवन पद्धति है। राम हमें सिखाते हैं कैसे एक आदर्श पुत्र बने, कैसे एक आदर्श भाई और मित्र बने, और सबसे महत्वपूर्ण कैसे एक आदर्श समाज का निर्माण करें। कार्यक्रम में विमला गुप्ता, नेहा, मीना वर्मा, वंदना यादव, किरण यादव, मंजू शर्मा, रुचि यादव, राजकुमारी गुप्ता अंजू त्रिपाठी सुमन लता, वैष्णवी गुप्ता, महिषा सिंह उपस्थिति रहीं।

# मेडिकल कॉलेज में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस, बी.एससी. नर्सिंग व पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण अपराह्न कॉलेज परिसर में प्रदर्शित किया गया। सजीव प्रसारण के बाद जिन छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृत हुई, उन्हें कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# समय रहते नहीं हुई थी पुलिस कार्रवाई

प्लांट पर हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



संसद में दोहरे हत्याकांड का मुद्दा उठाते सांसद आदित्य यादव। ● अमृत विचार

- प्लांट पर 12 मार्च की दोपहर गोली मारकर की गई थी दो अधिकारियों की हत्या

**अमृत विचार :** दातागंज तहसील के थाना मूसाझाग क्षेत्र स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर 12 मार्च की दोपहर दो अधिकारियों की हत्या का मामला लोकसभा में उठाया गया है। बुधवार को सांसद आदित्य यादव ने लोकसभा में हत्याकांड का मुद्दा उठाया।

सांसद ने कहा कि एचपीसीएल प्लांट के उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की प्लांट के भीतर निर्मम तरीके से हत्या की गई थी जो सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाता है। अधिकारी कई बार अपनी जान को खतरा बताकर प्रशासन और पुलिस को लिखित शिकायत दे चुके थे लेकिन इसके बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। 4 फरवरी 2026 को प्लांट में पहले भी हमला हुआ था फिर भी आरोपी को न तो गिरफ्तार किया गया और न ही अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान की गई।

आरोप लगाया कि आरोपी को स्थानीय स्तर पर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था जिसके कारण पुलिस और प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की। सांसद ने पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग की। कहा कि यह घटना केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था, प्रशासनिक जवाबदेही और औद्योगिक सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। सांसद ने मांग की कि दोषी अपराधियों, लापरवाह पुलिस अधिकारियों और उन्हें संरक्षण देने वाले प्रभावशाली लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# महिला की मौत पर ससुरालियों पर आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोप- दहेज की मांग पूरी नहीं होने की थी पिटाई
- बदायूं की महिला की किला क्षेत्र में हुई थी शादी
- किला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** एक महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। किला पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पति, जेठ, देवर व ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बदायूं जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ा सराय निवासी साहिद हुसैन ने बताया कि उसने बहन आफरीन की शादी 4 अप्रैल 2023 को किला छावनी के शाकिर के साथ की थी। उसकी बहन ने 2025 में एक बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल के लोगों ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। वह मायके से दो लाख रुपये के साथ बाइक लाने की मांग करने लगे। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर जेठ आशिफ, देवर रेहान समेत अन्य ससुराली उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि 30 मार्च को भी ससुरालियों ने उसकी बहन के साथ मारपीट की। जिसकी जानकारी होने पर वह बरेली आए तो पता लगा कि बहन एक निजी अस्पताल में भर्ती है। वह कुछ बोल नहीं पा रही है। मंगलवार रात उसकी बहन की उपचार के दौरान मौत हो गई। किला पुलिस ने पति शाकिर, जेठ आशिक, देवर रेहान और ननद आसमा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और चोट पहुंचाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मायके वाले ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है।

# गांव सैंजनी में कब्जा मुक्त कराया गया खेत

**बदायूं, अमृत विचार:** गांव सैंजनी में दातागंज तहसील प्रशासन के द्वारा सालों से दबंगों के कब्जे से एक खेत को मुक्त कराया जिसे पीड़ित को सौंपा गया। यह कार्रवाई पीड़ित की ओर से की गई शिकायत के बाद की गई। गांव सैंजनी निवासी किसान किसान हरिवंश किशोर मिश्रा ने अपने खेत पर अवैध कब्जे की शिकायत प्रशासन से की थी। इस शिकायत पर दातागंज मजिस्ट्रेट ने गंभीरता से संज्ञान है। एसडीएम ने खेत को खाली कराने के लिए लेखपाल पैमाइश कराने के बाद कब्जा मुक्त कराने के आदेश कर दिए। एसडीएम से मिले निर्देश पर बुधवार को लेखपाल हेमसिंह ने गांव पहुंचकर खेत की पैमाइश कराई गई। नाप-जोख के दौरान कब्जा अवैध पाया गया। प्रशासनिक टीम ने मौके पर ही अवैध कब्जा हटवाकर खेत को खाली कराया। खेत का कब्जा विधिवत रूप से हरिवंश किशोर मिश्रा को वापस सौंप दिया गया।

# ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे की कोशिश

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत छीतरपुर महरौला में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला एक बार फिर गरमा गया है। न्यायालय के स्पष्ट आदेश और पूर्व में हुई प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद दबंगों द्वारा दोबारा कब्जा करने की कोशिश से गांव में तनाव का माहौल है।

ग्राम प्रधान के अनुसार गांव के कुछ प्रभावशाली लोग अनुसूचित जाति की नवीन परती भूमि पर जबरन कब्जा करने में जुटे हैं। आरोप है कि उक्त लोगों ने जमीन पर उपलों का बटोरा रखकर कब्जे की फिर से शुरुआत कर दी है। इस संबंध में ग्राम प्रधान ने तत्काल जनसुनवाई पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है और संबंधित लेखपाल को भी मौके की जानकारी दी, लेकिन लेखपाल के मौके पर न पहुंचने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस भूमि पर पूर्व में भी अवैध कब्जा किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए 20 दिसंबर 2025 को न्यायालय के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन से कब्जा हटाकर भूमि को ग्राम पंचायत को विधिवत सौंप दिया था। उस समय प्रशासन की कार्रवाई को बड़ी सफलता माना गया था।

कब्जा हटाने के बाद संबंधित पक्ष ने जिलाधिकारी न्यायालय में अपील दायर कर दी, जो फिलहाल विचाराधीन है। इसके बावजूद 28 मार्च को एक बार फिर उसी भूमि पर कब्जा करने की कोशिश सामने आई है। ग्राम प्रधान ने इसे न्यायालय की अवमानना बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# निलंबित कोतवाल के पक्ष में दिया ज्ञापन

**बिसौली, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन समेत कई संगठन अब बिसौली के निलंबित कोतवाल राजेंद्र सिंह पुंडीर के पक्ष में उतर आये हैं। उन्होंने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कुछ समय पहले एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें बिसौली कोतवाल राजेंद्र सिंह पुंडीर किसी फरियादी के साथ दुर्व्यवहार करते नजर आए थे। एसएसपी ने उन्हें और एक उप निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। भाकियू के तहसील अध्यक्ष मुकेश भदौरिया व राष्ट्रवादी प्रताप सेना के जिला प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एसएसपी को संबोधित ज्ञापन दिया गया।

# गला दबाकर की गई थी युवक की हत्या

संवाददाता, ओरछी

- मंगलवार को मिला था शव, तीन नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में गांव सिसरका के चकरोड किनारे खेत में युवक का शव मिला था। गले में काले गमछे से फंदा कसा था। शरीर के चोट के निशान थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें युवक की हत्या गला दबाकर किए जाने की पुष्टि हुई है। परिजनों ने तहरीर देकर तीन लोगों पर हत्या करने की आशंका जताई। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जल्द ही खुलासा होने की उम्मीद है।

मंगलवार सुबह मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग से तकरीबन 300 मीटर दूर चकरोड किनारे जुते हुए खेत में युवक का शव मिला था जिसकी शिनाख्त कस्बा फैजगंज बेहटा के वार्ड आठ निवासी गुड्डू उर्फ आसिफ पुत्र इकबाल के रूप में हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार युवक की गला दबाकर हत्या की गई थी। परिजनों के अनुसार गुड्डू सोमवार से लापता थे।


रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल

(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)

पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली

शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।

पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।

बस्ति चिकित्सा | जलौकावचारण चिकित्सा | जानु बस्ति चिकित्सा | नस्य चिकित्सा | पत्र पिण्ड पोट्टली स्वेद चिकित्सा | शिरोधारा चिकित्सा | नेत्र तर्पण चिकित्सा

प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।

कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।

शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्मे का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।

Reception : 9520876144

Helpline No.: 8077808309

निःशुल्क योग सत्र (ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144

निःशुल्क भर्ती सुविधा (निर्धारित समय अवधि के लिए)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें 9756905552, 8445507002

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र अरविन्द कुमार व उसकी पत्नी को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **परमेश्वरदीन पुत्र श्री हीरालाल नि. भवनपुरवा मजरा सेमरी पर. तह. धौरहरा-खीरी**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित कुमार को उसके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे पुत्र से अब मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य से उसका कोई संबंध सरोकार नहीं होगा। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **शारदा कुमार उर्फ रामलखन पुत्र सुखलाल नि. ग्राम व पो. शाहवाजनगर तह. सदर बाजार जिला शाहजहांपुर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने सगे पुत्र अकरम को उसके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे पुत्र से अब मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य से उसका कोई संबंध सरोकार नहीं होगा। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **अब्दुल गनी पुत्र अब्दुल अजीज व अकबरी पत्नी अब्दुल गनी निवासीगण हरूनगला थाना कोतवाली पो. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय जिला बरेली**

**सूचना**
मैंने अपने सबसे बड़े पुत्र अनवर अली व उसकी पत्नी आफरीन के गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वे अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **शाहजहाँ पत्नी अशफाक हुसैन, निवासी-कुहाड़ापीर, थाना प्रेमनगर, बरेली।**

**सूचना**
मैंने अपने सबसे बड़े पुत्र अनवर अली व उसकी पत्नी आफरीन के गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वे अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **अशफाक हुसैन पुत्र स्व. मोहम्मद हुसैन, निवासी-68, गली खिजफिजा, कुहाड़ापीर, थाना प्रेमनगर, बरेली।**

Rakshpal Bahadur Teachers Training Institute, Bareilly
REQUIRES For B.Ed.
■ Head of Deptt.
■ Lecturer
Qualification as per UGC/NCTE/MJPRU norms
Apply alongwith CV, AADHAR, Photo and all necessary documents within 21 days of publication to email : jobs@rbmi.in
Ph.: 7217023076
Near ITBP, Bukhara Turn Badaun Road, Bareilly

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### शोध छात्र ने उत्तीर्ण की पीसीएस परीक्षा



**चंदौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज कॉलेज चन्दौसी के राजनीति विज्ञान विभाग के शोध छात्र सतीश चन्द्र का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा - 2024 में हुआ है। उनकी नियुक्ति नायब तहसीलदार के पद पर की जाएगी । यूजीसी नेट उत्तीर्ण सतीश चन्द्र महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान विभाग की प्रभारी/असिस्टेंट प्रोफेसर व शोध पर्यवेक्षक डॉ. रीता के निर्देशन में जान राल्स का सामाजिक न्याय सिद्धान्त एवं भारत में आरक्षण द्वारा स्थापित सामाजिक न्याय का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य कर रहे हैं। मूल रूप से पीलीभीत जनपद निवासी सतीश चन्द्र का चयन पीसीएस परीक्षा में नायब तहसीलदार के पद पर हुआ है। उनकी इस सफलता पर महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल शिक्षिकाओं व छात्राओं ने हर्ष जताया है।

### रुविवि ने परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने संबद्ध महाविद्यालयों में विभिन्न पाठ्यक्रमों की वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियों में संशोधन किया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार 1 अप्रैल से ऑनलाइन परीक्षा फार्म दोबारा से भरने के लिए उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी 5 अप्रैल तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर शुल्क जमा कर सकेंगे। जमा करने की अंतिम तिथि 6 अप्रैल है। महाविद्यालयों की ओर से ऑनलाइन अप्रूवल 7 अप्रैल तक किया जाएगा। बीए, बीएससी, बीकॉम और परास्नातक के एमए, एमएससी, एमकॉम द्वितीय वर्ष तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रम के स्नातक के बीएससी गृह विज्ञान, कंप्यूटर सांइस, बायोटेक्नालॉजी, बीकॉम आनर्स, एमएससी गृह विज्ञान सहित विभिन्न कोर्सों के परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाई गई है।

# ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज

## जांच में विकास कार्य न कराने एवं आदेशों की अवेहलना आया सामने

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पंडरी मरौरी की महिला प्रधान पर डीएम ने की कार्रवाई

**संतोषजनक नहीं मिला स्पष्टीकरण**

जांच के दौरान स्वास्थ्य उपकेंद्र की गली में इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण जानबूझकर न कराना पाया गया। इसी वजह से जलभराव होना भी पाया गया। जांच अधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं सचिव को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी। इस पर ग्राम प्रधान एवं सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। दोनों ने जवाब दाखिल भी किया, मगर स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया। इससे पूर्व भी उक्त ग्राम प्रधान शासकीय धन के दुरुपयोग में दोषी पाई जा चुकी है। उस दौरान ग्राम प्रधान से दुरुपयोगित धनराशि की रिकवरी करते हुए उन्हें चेतावनी जारी की गई थी।

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान-सचिव गठबंधन विकास कार्यों के नाम पर मिले बजट में तो सेंधमारी कर ही रहा है, अब अफसरों के आदेश को भी हवा में उड़ाया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत पंडरी मरौरी का उजागर हुआ है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मामले की जांच की गई तो शिकायत सही पाई गई। जिस पर डीएम ने ग्राम पंचायत पंडरी मरौरी की महिला ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारी सीज कर दिए। अंतिम जांच के लिए दो सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। नामित जांच टीम को 15 दिन के अंदर जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मामला बिलसंडा ब्लाक की ग्राम पंचायत पंडरी मरौरी से जुड़ा है। गांव निवासी एक ग्रामीण ने पंचायत के स्वास्थ्य उपकेंद्र के गेट और गली में जलभराव की समस्या दूर कराने को इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कराने की माग की। जिस पर डीपीआरओ ने संबंधित पंचायत सचिव को उक्त कार्य प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए थे। इधर जब आदेश के बावजूद उक्त कार्य नहीं कराए गए तो शिकायतकर्ता ने मामले को लेकर मंडलायुक्त से की। शिकायत में आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान एवं सचिव ने उक्त कार्य न कराकर बजट को ही ठिकाने लगा दिया। इस पर डीपीआरओ द्वारा संबंधित सचिव प्रदीप कुमार को नोटिस जारी किया गया। सचिव में निर्धारित तिथि तक कोई जवाब दाखिल ही नहीं किया। मामले में कोई कार्रवाई न होते देख शिकायतकर्ता ने पुनः मंडलायुक्त से शिकायत से कर ग्राम प्रधान एवं सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। इसके बाद उक्त मामले की जांच के लिए जिला कृषि अधिकारी को जांच अधिकारी नामित कर मामले की जांच कराई गई

इधर उच्चाधिकारियों के निर्देश के बावजूद जानबूझ कर कार्य न कराने, पूर्व में हुई जांच में दोषी पाए जाने, ग्राम पंचायत संबंधी अभिलेखों को अपने पास रखने एवं जांच कमेटी को अभिलेख उपलब्ध न कराने पर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत पंडरी मरौरी की ग्राम प्रधान मुन्नी देवी के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारी सीज कर दिए। इस मामले की अंतिम जांच के लिए उप कृषि निदेशक एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग के अधिशासी अभियंता को जांच अधिकारी नामित किया गया है। नामित जांच कमेटी को 15 दिन के अंदर जांच आख्या उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं।

### मारपीट का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पीलीभीत डिपो के चालक निजामुद्दीन और महिला परिचालक माधवी शर्मा बस लेकर टनकपुर पहुंचे थे। स्टैंड पर खड़ी बस में रुहेलखंड डिपो के चालक और परिचालक घुस आए और स्टाफ ने बिना किसी कारण के चालक निजामुद्दीन से मारपीट करने लगे।

# ई-रिक्शा दिलाने के नाम पर ठगी, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** शहर की युवती ने अमरिया के एक युवक पर ई-रिक्शा दिलाने के नाम पर ठगी करने और रुपये वापस मांगने पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि थाना अमरिया पुलिस से बीते दिनों शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब सीओ सदर से शिकायत पत्र देकर न्याय शहर की एक युवती ने एसपी को संबोधित शिकायत पत्र सीओ सदर को सौंपा। जिसमें बताया कि उसकी मुलाकात चार माह पूर्व अमरिया क्षेत्र के युवक से हुई थी। आरोपी ई-रिक्शा व स्कूटी की एजेंसी चलाता है। उसने कम रुपये में ई-रिक्शा दिलाने का झांसा दिया। इसके एवज में 40 हजार रुपये आरोपी को दे दिए थे। 25 मार्च को वह आरोपी की अमरिया स्थित दुकान पर गई और रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने छेड़छाड़ की। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। ये भी बताया कि आरोपी पर दर्जनभर मुकदमे दर्ज हैं। आरोप है कि थाना अमरिया में तहरीर दी गई लेकिन थाना पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की।

## एचपीवीः बरेली प्रदेश में आगे, शाहजहांपुर में शुरुआत भी नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश में चल रहे एचपीवी (सर्वाइकल कैंसर रोधी) टीकाकरण अभियान में बरेली दूसरे सप्ताह तक सबसे आगे रहा है, जबकि मंडल में शाहजहांपुर में शुरुआत भी नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक प्रदेश में कुल 2559 किशोरियों को टीका लगाया जा चुका है, जिसमें अकेले बरेली में 741 किशोरियों का टीकाकरण हुआ।

अन्य जिलों की बात करें तो मुरादाबाद में 426 और पीलीभीत में 245 किशोरियों को टीका लगाया गया है। इसके विपरीत बदायूं जिले में स्थिति चिंताजनक है, जहां अब तक सिर्फ तीन लोगों को ही टीका लगाया जा सका है। शाहजहांपुर की स्थिति और खराब है। यहां अभी तक टीकाकरण की शुरूआत भी नहीं हो सकी है। बरेली जिला प्रतिरक्षण अधिकारी प्रशांत रंजन और उनकी टीम द्वारा चलाए गए जागरुकता अभियान का सकारात्मक असर देखने को मिला है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी प्रशांत रंजन ने बताया कि जागरूक पहुंच रहे हैं।

# लूट-डकैती, हत्या व दुष्कर्म के मामलों में कठोर कार्रवाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

- डीआईजी ने रेंज के पुलिस अधीक्षकों के साथ की समीक्षा बैठक
- अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश

**अमृत विचार :** अपराध नियंत्रण, कानून व यातायात व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर बुधवार को डीआईजी अजय कुमार साहनी ने सभी जिले के पुलिस कप्तानों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने हत्या, लूट-डकैती, दुष्कर्म, दहेज हत्या के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीआईजी ने कार्यालय में आयोजित बैठक में आपराधिक प्रकरण, निरोधात्मक कार्रवाई, एसआर केस और लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ने कहा कि हत्या लूट, डकैती, बलात्कार, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, गोकशी, धर्मांतरण एवं साम्प्रदायिक संघर्ष के मामलों में कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन क्लीन, ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत की गयी कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के तहत चलाए जा रहे विभिन्न अभियान, नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभावी संचालन, क्रियान्वयन व महिला बीट प्रणाली की सुदृढ़ीकरण को कहा। साइबर हेल्प-डेस्क के क्रियान्वयन और साइबर क्राइम के प्रभावी रोकथाम को भी निर्देश दिए। जनपदों में अपराध नियंत्रण एवं कानून व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली अनुराग आर्य के अलावा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं, पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर मौजूद रहे।

# एसबीआई शाखा के मुख्य प्रबंधक पर जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सिर पर हमला कर फरार हुए हमलावर, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार शाम शहर की एसबीआई शाखा के मुख्य प्रबंधक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बिना नंबर की स्विफ्ट कार सवार अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल मुख्य शाखा प्रबंधक का मेडिकल परीक्षण कराया है।

शाहजहांपुर जनपद के जैतीपुर थाना क्षेत्र के नगरिया खुर्द निवासी विवेक यादव ने बताया कि वह भारतीय स्टेट बैंक लखीमपुर में मुख्य प्रबंधक के पद पर तैनात हैं। मंगलवार की शाम शाम करीब 6:30 बजे हमले का शिकार हो गए। आरोप है कि स्विफ्ट कार से आए हमलावरों ने अचानक उन पर हमला कर सिर पर वार किया, जिससे उनका सिर फट गया और वह खून से लथपथ हो गए। घटना से हड़कंप मच गया। लोग जब तक कुछ समझ पाते। इससे पहले ही हमलावर जान से मार देने की धमकी देते हुए कार समेत भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि वह हमलावरों को नहीं पहचानता है।

घायल मुख्य शाखा प्रबंधक ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ कोतवाली सदर पुलिस को तहरीर दी है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। प्रकरण की जांच एसआई संचित यादव को सौंपी गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# शारदा में डूबे युवक का तीसरे दिन शव बरामद

संवाददाता, फूलबेहड़



- पचपेड़ी घाट पर नहाते समय डूबा था मैनहा निवासी विनीत यादव
- हादसा स्थल से 2.30 किमी दूर मिला शव, परिजनों में कोहराम

**अमृत विचार :** कोतवाली फूलबेहड़ क्षेत्र के शारदा नदी स्थित पचपेड़ी घाट कछुआ पुल के पास डूबे युवक का शव बुधवार को बरामद कर लिया गया। घटना के बाद से पुलिस, गोताखोरों और फ्लड PAC की टीम लगातार युवक की तलाश में जुटी हुई थी, जिसे आखिरकार सफलता मिल गई।

सदर कोतवाली के गांव मैनहा निवासी करीब 20 वर्षीय विनीत यादव पुत्र रविन्द्र यादव सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे अपने चार साथियों के साथ पचपेड़ी घाट घूमने गया था। घूमने के बाद सभी युवक नदी में स्नान करने लगे, तभी विनीत अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना फूलबेहड़ पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों व फ्लड PAC की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। सोमवार से लगातार चल रहे इस अभियान में टीमों ने नदी के विभिन्न हिस्सों में खोजबीन की। लगातार प्रयासों के बाद बुधवार शाम करीब 6:30 बजे युवक का शव घटनास्थल से लगभग 2.30 किलोमीटर दूर बरामद किया गया। शव मिलते ही मौके पर मौजूद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## संदिग्ध हालात में घर में मिला शव

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** घटना थाना क्षेत्र के ग्राम शिम्भुआ की है। बताते हैं कि यहां के रहने वाले 50 वर्षीय मनजीत सिंह पुत्र चंचल सिंह चौकीदारी करते थे। वह एक खाली मकान की रखवाली किया करते थे। मंगलवार को जब दिन भर कोई गतिविधि नहीं हुई तो पड़ोसियों को अनहोनी का शक हुआ। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी। शाम करीब पौने छह बजे मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। भीतर चौकीदार मनजीत सिंह का शव जीने पर क्षतविक्षत हालत में पड़ा था। पुलिस ने फील्ड यूनिट टीम को भी बुलाया और मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें सिर के पीछे की तरफ और चेहरे पर आई चोटों से मौत होने की पुष्टि हुई। इसके अलावा शव को किसी जानवर द्वारा क्षतविक्षत करने की भी बात निकली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पेंशन बहाली को कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध किया विरोध

संवाददाता, भानपुर



ग्राम सचिवालय पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते सफाईकर्मी। ● अमृत विचार

- पुरानी पेंशन को लेकर बिजुआ ब्लॉक में सफाई कर्मी व शिक्षक एकजुट

**अमृत विचारः** बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र में बुधवार को पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर सफाई कर्मियों और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने जोरदार सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपनी-अपनी ड्यूटी के दौरान काली पट्टी बांधकर सरकार के प्रति नाराजगी जताई और मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई।

प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष एवं सफाईकर्मी रामासरे दिवाकर ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से कर्मचारी इस मांग को उठा रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि नई पेंशन व्यवस्था में कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक अस्थिरता का सामना करना पड़ता है, जबकि पुरानी पेंशन योजना उन्हें सुरक्षित भविष्य की गारंटी देती थी। ऐसे में सरकार को कर्मचारियों की भावनाओं को समझते हुए जल्द से जल्द इस पर सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी।

सफाई कर्मियों के साथ-साथ शिक्षा विभाग के शिक्षक और कर्मचारी भी अपने-अपने कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर विरोध करते नजर आए। इससे स्पष्ट हुआ कि यह मुद्दा सिर्फ एक विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि विभिन्न विभागों के कर्मचारी इसमें शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। फिलहाल यह विरोध प्रदर्शन सांकेतिक रहा, लेकिन इससे कर्मचारियों की एकजुटता और नाराजगी साफ झलक रही है।

# चीनी मिल गेट पर मजदूर परिवार की भूख हड़ताल

संवाददाता, पलिया कलां



चीनी मिल गेट पर धरना देता पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

- करंट से हुई मौत के बाद नौकरी का वादा पूरे न होने का आरोप

**अमृत विचारः** बजाज चीनी मिल के गेट नंबर पांच पर बुधवार को एक मजदूर परिवार ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। ड्यूटी के दौरान करंट लगने से मृत हुए ठेका मजदूर मनीष कुमार गौतम के परिजनों ने मिल प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए धरना शुरू किया है।

परिजनों का कहना है कि 24 मार्च 2021 को ड्यूटी के दौरान मनीष कुमार गौतम की करंट लगने से मौत हो गई थी। घटना के बाद मिल प्रबंधन ने मृतक के भाई अजीत कुमार गौतम को नौकरी देने का आश्वासन दिया था, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी वादा पूरा नहीं किया गया। आरोप है कि अजीत कुमार को केवल ठेका मजदूर के रूप में ही रखा गया है, जबकि उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त कर खलासी पद का ग्रेड देने का वादा किया गया था। अब तक न तो उन्हें स्थायी ज्वाइनिंग लेटर दिया गया और न ही वेतनमान में कोई सुधार किया गया। इन्हीं मांगों को लेकर मृतक के पिता प्रेमसागर, माता गायत्री देवी, भाई अजीत कुमार और भाभी सारथी देवी अपने बच्चों के साथ मिल गेट पर धरने पर बैठ गए हैं। परिजनों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका धरना और भूख हड़ताल जारी रहेगा।

धरने पर बैठे परिजनों ने प्रशासन और मिल प्रबंधन से जल्द न्याय दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि परिवार पहले ही आर्थिक संकट से जूझ रहा है और अब वादाखिलाफी ने उनकी परेशानियां और बढ़ा दी हैं। वहीं मिल प्रबंधन की ओर से कोई वरिष्ठ अधिकारी सामने नहीं आया। एचआर विभाग के सतीश श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक ठेका मजदूर था और उसके भाई अजीत कुमार को भी ठेका मजदूर के रूप में ही रखा गया है, जो वर्तमान में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि मिल की ओर से उसे स्थायी किए जाने की संभावना नहीं है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रहगवां वि.खं. मझगवां जिला बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रहगवां के गिरन्दपुर में वार्षिक कार्ययोजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में मनरेगा राशि से स्वीकृत ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेन्ट अन्य की आपूर्ति की जाती है। जिसकी सीलबन्द निविदायें पंचायत कार्यालय पर दिनांक 02.04.2026 से 04.04.2026 को 2 बजे तक आमंत्रित की जाएगी। जिसे 04.04.2026 को शाम 5 बजे खोला जायेगा।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1 | रहगवां के गिरन्दपुर में लीलाधर के घर से हेमराज के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण। | 3,68,662/- |
| 2 | रहगवां के गिरन्दपुर में महेन्द्र के घर से विद्याराम के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण | 2,54,580/- |

रविन्द्र राणा (सचिव) आरफा खान (प्रधान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत खिरका विकास खंड फतेहगंज प0, बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-खिरका विकास खंड-फतेहगंज प0 बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/ 16वें वित्त, 5वें वित्त / 6वें आयोग, मनरेगा/वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अपराहन 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

श्री जितेन्द्र (प्रधान) श्री सुरेन्द्रवीर गंगवार (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सतुईया खास विकास खंड फतेहगंज प0, बरेली।**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-सतुईया खास विकास खंड-फतेहगंज प0 बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अप. 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

श्री रामकुमार (प्रधान) श्री सुरेन्द्रवीर गंगवार (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सतुईया पट्टी विकास खंड फतेहगंज प0, बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-सतुईया पट्टी विकास खंड-फतेहगंज प0 बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अप. 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

श्रीमती पूजा (प्रधान) श्री सुरेन्द्रवीर गंगवार (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत ठिरिया खेतल विकास खंड फतेहगंज प0, बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-ठिरिया खेतल विकास खंड-फतेहगंज प0 बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर, आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अपराहन 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

श्री महेन्द्र पाल (प्रधान) श्री सुरेन्द्रवीर गंगवार (सचिव)

**आवश्यक सूचना**

सभी सम्मानित ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि अमरदीप निधि लि0 फाइनेन्स कम्पनी (रजि0) पता-भारती मेडीकल के पास, मोहल्ला मीरा सराय, जनपद बदायूं की वित्तीय स्थिति अस्थायी रूप से कमजोर हो यी है। सभी प्रकार की जमा राशि का भुगतान समय पर न हो पाने के लिए क्षमा प्रार्थी है। निकट भविष्य में सभी ग्राहकों का पैसा लौटाया जायेगा। जिसके लिए कम्पनी प्रयासरत है । ग्राहकों से धैर्य बनाये रखने की गुजारिश है। ग्राहकों से अनुरोध है कि अनावश्यक हिंसा न करें अन्यथा विधिक कार्यवाही होगी। अधिक जानकारी के लिए कम्पनी के अधिकृत एजेन्ट सुमित सागर व असद खां, एवं डायरेक्टर जितेन्द्र कुमार से संपर्क करें ।

डायरेक्टर
जितेन्द्र कुमार
अमरदीप निधि लि0, बदायूं

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर**

पत्रांक: 195/न.पा.परि.बी./25-26 दिनांक: 01.04.2026

**कुटेशन आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा निराश्रित गौवंशीय पशुओं के लिए बनाये गये अस्थाई गौ संरक्षण केन्द्र में उपस्थित निराश्रित पशुओं के भरण पोषण हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक के लिए भूसा एवं चोकर क्रय किया जाना है, जिसके लिए सीलबंद कुटेशन दिनांक 01.01.2026 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक कृषक/आपूर्तिकर्ता/विकेता फर्म स्वामी अपनी-अपनी प्रति कुन्टल की दर से सीलबंद कुटेशन दिनांक 10.04.2026 तक अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर में रखे कुटेशन बाक्स में डाल सकते हैं। कुटेशनदाताओं को अपने लेटर पैड अथवा सादे पेपर पर टाइपशुदा अपनी-अपनी दरें एवं मात्रा प्रति कुन्टल/कि.ग्रा. में अंकित करना अनिवार्य होगा। कटिंग/फ्लूड लगे कुटेशन आमान्य होंगे। प्राप्त कुटेशन इसी दिनांक को सायं 04:00 बजे सक्षम अधिकारियों द्वारा उपस्थित कुटेशनदाताओं के समक्ष खोले जायेंगे। समय उपरान्त प्राप्त कुटेशनों पर विचार नहीं किया जायेगा और न ही सशर्त कुटेशनों पर विचार किया जायेगा। शेष नियम व शर्ते नगर पालिका कार्यालय में कार्यशील दिवस में आकर सम्बन्धित विभाग से मालुम की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बीसलपुर, जनपद-पीलीभीत
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बीसलपुर, जनपद-पीलीभीत

**कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, जनपद बदायूं**

पत्रांक: सी-13/जि.प्रो.का./उ.व्य.उ.सु./प्रेस-विज्ञप्ति/2026-27 दिनांक: 01.04.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

**उपयुक्त व्यक्ति (फिट पर्सन)/उपयुक्त सुविधा (फिट फैसिलिटी)/फास्टर केयर ग्रुप फास्टर केयर के रूप में मान्यता हेतु आवेदन**

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अन्तर्गत बालकों को सुरक्षित पारिवारित वातावरण में देखरेख, संरक्षण, पुनर्वास एवं सामाजिक पुनः एकीकरण कराने हेतु उपयुक्त व्यक्ति, उपयुक्त सुविधा, फास्टर केयर तथा ग्रुप फास्टर केयर के रूप में जनसामान्य में लोकहितैषी भावना से कार्य करने वाले इच्छुक व्यक्तियों, स्वयंसेवी संस्थाओं से अपनी सेवायें देने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उपयुक्त व्यक्ति तथा उपयुक्त सुविधा की सेवायें निःशुल्क प्रदान की जायेंगी। ऐसे व्यक्ति/संस्थायें जो बालकों को बुनियादी सेवायें उपलब्ध कराने में शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम हों, किसी भी अनैतिक या आपराधिक कार्य में संलिप्त न हो तथा बाल संरक्षण अथवा सामाजिक कार्य करने के क्षेत्र में अनुभवी हों, आवेदन हेतु पात्र होंगे। विस्तृत जानकारी तथा आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइट https://mahilakalyan.up.nic.in से डाउनलोड करें अथवा कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी कक्ष संख्या 44, कलेक्ट्रेट बदायूं से प्राप्त कर उक्त कार्यालय में जमा करें।

अभय कुमार
जिला प्रोबेशन अधिकारी
बदायूं

**कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बरेली सम्भाग, बरेली**

पत्रांक सं.- 1163/टीआर/यू.पी.-25 डीएन-4245/2026/बरेली दिनांक: 27.02.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्री भूरे पुत्र श्री प्रेमपाल नि. मोहल्ला मोहब्बतगंज गौटिया, मजरा नगरिया, आंवला, बरेली के नाम पंजीकृत वाह संख्या यूपी-25 डीएन-4245 को वित्त पोषक आर.बी.एल. बैंक, 16 फ्लोर, एम.पी. रियल टॉवर, रिलायवल टेक पार्क, एरोली, नवी मुम्बई, महाराष्ट्र पिन-400708 द्वारा वाहन की किस्ते अदा न हो पाने के कारण अपने कब्जे में ली गयी है, तथा कम्पनी के कब्जे (गैराज) में है फाइनेन्सर द्वारा उक्त वाहन के सम्बन्ध में नियम 61(2) के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने का आवेदन किया गया है। वाहन स्वामी तथा वित्त पोषक को इस कार्यालय के पत्र संख्या 2194/2025 दिनांक 14.10.2025 प्रारूप- 37 संलग्न कर प्रेषित किया गया। इसके उपरान्त पत्र संख्या 1041/2025 दिनांक 23.12.2025 एवं पत्र संख्या 1122/2026 दिनांक 09.02.2026 को प्रेषित किये गये। उक्त वाहन स्वामी को अन्तिम सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु पत्र पंजीकृत डाक से प्रेषित किये गये, किन्तु न तो वाहन स्वामी द्वारा कोई उत्तर दिया गया और न ही वह स्वयं इस कार्यालय में उपस्थित हुए है। अतः उक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वाहन स्वामी को एक अंतिम अवसर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु प्रदान किया जाता है। यदि अब भी वाहन स्वामी अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करता है तो मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लाते हुये फ्रेश पंजीयन प्रमाण-पत्र वित्त पोषक के पक्ष में निर्गत कर दिया जायेगा जिसके लिये वाहन स्वामी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), बरेली

न्यूज ब्रीफ

## कौशल विकास मिशन में पहले दिन 99 हजार प्रशिक्षण लक्ष्य आवंटित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन 99,075 प्रशिक्षण लक्ष्यों का आवंटन 957 ट्रेनिंग पार्टनर्स को जारी कर दिया है। इस बार प्रक्रिया को पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाया गया है। पहली बार ग्रेडिंग नीति को सार्वजनिक कर प्रशिक्षण केंद्रों का मूल्यांकन किया गया, जिसके आधार पर लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की समय सीमा 90 दिन से घटाकर 30 दिन कर दी गई है। साथ ही 'स्मार्ट टॉप-अप' व्यवस्था लागू की गई है, जिससे बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को अतिरिक्त लक्ष्य मिल सकेंगे। पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाते हुए इम्पैनलमेंट, लक्ष्य आवंटन और भुगतान ऑनलाइन कर दिया गया है।

## अग्निवीर भर्ती में दिखाया दमखम

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगरा कैंट के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहली अप्रैल से अग्निवीर भर्ती रैली शुरू हो गई। एआरओ आगरा के तहत पहले दिन 12 जिलों के अभ्यर्थियों के बीच अग्निवीर ट्रेड्समैन की भर्ती कराई गई। जारी किए गए कुल 875 प्रवेश पत्र के सापेक्ष करीब 600 अभ्यर्थियों ने शामिल होकर दमखम दिखाया। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उप्र. एवं उत्तराखंड) के तत्वावधान में आयोजित रैली के लिए आगरा, अलीगढ़, इटावा, एटा, फिरोजाबाद, हाथरस, जालौन, झांसी, कासगंज, ललितपुर, मैनपुरी और मथुरा के 19 हजार अभ्यर्थी चयनित किए गए हैं। जिन्होंने ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण किया है। आगरा के कार्यवाहक स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर केबी सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गुरुवार को आगरा को छोड़कर शेष 11 जिलों के अभ्यर्थियों के बीच अग्निवीर टेक्निकल की भर्ती रैली कराई जाएगी।

## सीएम युवा योजना से उमंग बने उद्यमी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत लखीमपुर खीरी के उमंग शुक्ला ने आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। उन्होंने जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केंद्र के माध्यम से 25 लाख रुपये का ऋण लेकर ऑयल मिल स्थापित की और आज सफल उद्यमी बन गए हैं। उमंग प्रतिदिन 10-15 क्विंटल सरसों की पेराई कर रहे हैं और उनका उत्पाद स्थानीय बाजार के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी बिक रहा है। इस उद्यम से जहां उन्हें करीब 70 हजार रुपये मासिक शुद्ध आय हो रही है, वहीं पांच लोगों को रोजगार भी मिला है। योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख और सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

# सोनभद्र में मिला लौह अयस्क का नया ब्लॉक

## 3.02 मिलियन टन भंडार का अनुमान, ई-नीलामी से होगा आवंटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के खनन क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। जनपद सोनभद्र में लौह अयस्क के नए ब्लॉक-डी की भूवैज्ञानिक रिपोर्ट भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा राज्य सरकार को सौंप दी गई है।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव माला श्रीवास्तव ने बताया कि इस ब्लॉक में करीब 3.02 मिलियन टन लौह अयस्क का भंडार आंका गया है, जिसमें औसत लौह मात्रा लगभग 39.73 प्रतिशत है। इसे प्रदेश के लिए खनिज संपदा के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग से यह अन्वेषण कार्य पूरा किया गया है। अब इस ब्लॉक को माइनिंग लीज पर देने के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और खनन कार्य को गति मिलेगी। खनन शुरू होने के बाद प्रदेश के राजस्व में वृद्धि होगी और सोनभद्र में स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव माला श्रीवास्तव को रिपोर्ट सौंपते अधिकारी।

# समाचार पत्र पढ़कर हुई नए सत्र की शुरुआत

## विद्यार्थियों की स्कूली दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल होंगे समाचार पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** समसामयिक घटनाओं की जानकारी से अवगत होने और शब्दज्ञान बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों ने नए सत्र में अपनी कक्षाओं का शुभारंभ समाचार पत्र पढ़कर किया। माध्यमिक विद्यालयों में नए सत्र का आरंभ बुधवार से कर दिया गया है। प्रार्थना सभा के बाद छात्र-छात्राओं ने समाचार पत्रों का वाचन किया। इसके लिए विद्यालयों में समाचार पत्रों की उपलब्धता और इसे विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया गया था।

निर्देश के अनुसार, बच्चों की स्कूली दिनचर्या में अनिवार्य रूप से समाचार पत्रों को शामिल किया जाए। जिससे बच्चों की स्क्रीन टाइमिंग कम हो सके और पठन-संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए एसीएस पार्थसारथी शर्मा की ओर से निर्देश दिया गया था कि स्कूल की प्रार्थना सभा में प्रमुख समाचारों का वाचन किया जाएगा साथ ही आज के शब्द प्रतियोगिता भी कराई जाएगी।



लखनऊ : राजकीय हाईस्कूल हलुआपुर, काकोरी में अखबार पढ़ती छात्राएं।

- प्रदेश के सभी जिलों को जारी किया गया निर्देश

हर समय मोबाइल देखने की आदत से बच्चों को दूर करने के लिए प्रत्येक विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को चक्रानुसार समाचार पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। मंडल के विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि मंडल के माध्यमिक विद्यालयों में पठन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समाचार पत्र वाचन को स्कूली दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाया जाएगा।

# सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से तय समय सीमा में जोड़ें : योगी

## मुख्यमंत्री ने की कृषि विभाग की समीक्षा, फार्मर रजिस्ट्री को तेजी से लागू करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषि विभाग को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था तय समयसीमा में तैयार की जाए और विभागीय पोर्टल को 1 मई 2026 तक पूरी तरह क्रियाशील बनाया जाए। इससे लाभार्थियों के चयन और वितरण की प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी हो सकेगी।

- ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर, 1 मई तक पोर्टल होगा क्रियाशील, सभी योजनाएं होंगी एकीकृत

मुख्यमंत्री योगी ने अपने आवास पर बुधवार को कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में फार्मर रजिस्ट्री को प्रदेशभर में तेजी से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक पात्र किसान का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए और कोई भी किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसे कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है, जिससे विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों तक पहुंचेगा।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में यदि कोई त्रुटि है, तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए। साथ ही प्रत्येक पात्र किसान का किसान पहचान पत्र बनवाना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं लघु सिंचाई जैसे सहयोगी विभाग किसान पहचान पत्र के उपयोग के लिए कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें और 31 मई तक आवश्यक तैयारियां पूरी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से किसानों तक पहुंचेगा, अनावश्यक जटिलताएं समाप्त होंगी और संसाधनों का लक्षित उपयोग सुनिश्चित होगा।



लखनऊ : अधिकारियों के साथ कृषि विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### भूसा-साइलेज की उपलब्धता पर सरकार सख्त, टेंडर में आई तेजी

**अमृत विचार :** प्रदेश में गोवंश संरक्षण को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार एक्शन मोड में नजर आ रही है। भूसा और साइलेज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसका असर यह है कि कई जिलों में टेंडर प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है, जबकि 6 जिलों में साइलेज टेंडर की प्रक्रिया पूरी भी हो चुकी है। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोआश्रय स्थलों पर चारे की किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। विशेष रूप से गर्मी के मौसम को देखते हुए भूसा और साइलेज का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

### बारिश पर किसानों को तत्काल राहत के लिए अलर्ट रहने के निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जिलों में हुई बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों की स्थिति का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों से रिपोर्ट तलब करते हुए कहा कि फसल नुकसान का त्वरित आकलन कर प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री ने राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनियों को संयुक्त सर्वे कर फसल क्षति का आंकलन करने तथा इसकी रिपोर्ट शीघ्र शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि मुआवजा प्रक्रिया तुरंत शुरू की जा सके।

# नौ जिलों में 3200 करोड़ की 11 परियोजनाओं को रेरा ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण ने लखनऊ, बरेली, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, झांसी, मेरठ, आगरा, मथुरा और फिरोजाबाद में 11 नई रियल एस्टेट परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। इन जिलों में बिल्डरों द्वारा 3,212.63 करोड़ से 2,914 आवासीय, वाणिज्यिक एवं मिश्रित इकाइयां विकसित करके फ्लैट, प्लॉट, विला, ऑफिस बनाकर बेचे जाएंगे।

बुधवार को न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में प्राधिकरण की 199वीं बैठक हुई। निजी परियोजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया गया। निवेश के दृष्टिकोण से गाजियाबाद सबसे आगे रहा, जहां 1,108.69 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति दी गई। परियोजना में 568 इकाइयां विकसित की जाएंगी। वहीं, इकाइयों की संख्या के मामले में गौतमबुद्ध नगर सबसे आगे रहा। जहां 843.14 करोड़ से एक वाणिज्यिक परियोजना में 1,077 आईटी कार्यालय स्थल को मंजूरी दी गई। इससे कॉर्पोरेट सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा।



लखनऊ स्थित रेरा मुख्यालय पर बैठक करते अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी।

- लखनऊ, बरेली, गौतमबुद्धनगर गाजियाबाद, आगरा, मथुरा में बिल्डर विकसित करेंगे इकाइयां

लखनऊ में 947.04 करोड़ की एक आवासीय और एक मिश्रित परियोजना में 815 इकाइयां विकसित करने को मंजूरी दी गई। इससे राजधानी में आवासीय मांग और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

इसी तरह बरेली में 98.50 करोड़ से एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति दी गई। परियोजना में 100 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी। झांसी में 96.69 करोड़ से एक आवासीय और एक मिश्रित परियोजना में 134 इकाइयां विकसित करने को मंजूरी दी गई। आगरा में 47.86 करोड़ से एक आवासीय परियोजना में 80 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। मथुरा में 55 करोड़ से एक आवासीय परियोजना में 86 आवासीय इकाइयां बनाई जाएंगी। मेरठ में 3.11 करोड़ से एक आवासीय परियोजना में 35 आवासीय इकाइयां बनेंगी। फिरोजाबाद में 12.60 करोड़ की परियोजना में 19 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।

## अखिलेश की 'राम वाली पोस्ट' पर जुबानी जंग तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में चुनावी सरगर्मी के बीच समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने तीखा हमला बोला है।
दरअसल, अखिलेश यादव ने इटावा स्थित निर्माणाधीन श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर में प्रभु राम की अभिराम मूर्ति की तस्वीर साझा की थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए केशव मौर्य ने इसे सपा की अवसरवादी राजनीति बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा के भय से पहले मंदिर और अब प्रभु श्रीराम का उल्लेख करना सपा के बदले हुए रुख को दर्शाता है। डिप्टी सीएम ने आरोप लगाया कि सपा का अतीत रामभक्तों के प्रति संवेदनहीन रहा है और अब वह राजनीतिक लाभ के लिए आस्था का सहारा ले रही है। वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केशव प्रसाद मौर्य के बयान पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उनकी आस्था को 'स्वांग' बताने पर वे मानहानि का दावा भी कर सकते थे, लेकिन जिनका स्वयं कोई 'मान' नहीं है, उनके प्रति उन्हें सहानुभूति है। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि जो अपनी ही पार्टी में लगातार हाशिए पर हैं, वे दूसरों पर टिप्पणी कर रहे हैं।

- केशव मौर्य ने बताया अवसरवादी सपा प्रमुख ने किया पलटवार

# निरीक्षण में बाधा डाली तो तय होगी जिम्मेदारी, सरकार सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए निरीक्षण व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि निरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा डालना नियमों के विरुद्ध होगा और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

प्रमुख सचिव संयुक्ता समद्दार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय के मुख्य निरीक्षक, उप मुख्य निरीक्षक एवं निरीक्षकों को सभी सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण करने का पूर्ण अधिकार है। शासन ने स्पष्ट किया है कि निरीक्षण दल को रोकना, अभिलेख उपलब्ध न कराना या किसी भी प्रकार का असहयोग करना पूर्व में जारी शासनादेशों का उल्लंघन माना जाएगा। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि निरीक्षण के दौरान मांगे गए सभी अभिलेख तत्काल उपलब्ध कराए जाएं और पूर्ण सहयोग सुनिश्चित किया जाए।

- सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने को जारी किया गया शासनादेश

इसके साथ ही यह भी अनिवार्य किया गया है कि निरीक्षण के बाद प्राप्त टिप्पणियों पर एक माह के भीतर अनुपालन आख्या तैयार कर, एक स्तर उच्च अधिकारी के माध्यम से मुख्य निरीक्षक को भेजी जाए। यह शासनादेश समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों तथा सभी विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्षों को संबोधित किया गया है।

## पूर्व विधायक के पुत्र को योगी ने दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को सहजनवा के पूर्व विधायक शीतल पांडेय के आवास पहुंचकर उनके पुत्र मानवेंद्र पांडेय 'मनु' को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मानवेंद्र का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया था, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री शाम को लखनऊ से गोरखपुर पहुंचे और एयरपोर्ट से सीधे रामगढ़ताल/तारामंडल स्थित आवास गए। वहां उन्होंने दिवंगत मनु पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। योगी ने पूर्व विधायक शीतल पांडेय और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

# नए औद्योगिक क्षेत्रों के मानचित्र को मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ/ कानपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) बोर्ड की बैठक लखनऊ स्थित लोक भवन में अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

विकास एवं अनुरक्षण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के लिए एजेंसी चयन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। साथ ही कम्पिल कताई मिल, मऊ आइमा, बहादुरगंज, सलेमपुर एवं बाराबंकी के औद्योगिक क्षेत्रों के मानचित्रों को स्वीकृति दी गई। बलिया, हाथरस, फतेहपुर, बाराबंकी एवं चित्रकूट के औद्योगिक क्षेत्रों के लेआउट प्लान को औद्योगिक विकास आयुक्त ने स्वीकृति दी। कहा कि नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए भूमि बैंक बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य करें। औद्योगिक क्षेत्रों में पारदर्शिता एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ड्रोन आधारित मॉनिटरिंग प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया गया। इस प्रणाली के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित सिविल, विद्युत एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी। सहारनपुर एवं बदायूं भूमि अधिग्रहण के संबंध में यह निर्देशित किया गया कि प्रस्तावित अधिग्रहण की जाने वाली भूमि की रोड कनेक्टिविटी को सही करते हुए भूमि अधिग्रहण का कार्य किया जाए। आवंटन योग्य भूमि का 75% आवंटन पूर्ण होने के पश्चात शेष 25% भूमि का आवंटन ई-ऑक्शन के माध्यम से किए जाने का निर्णय लिया गया।



बैठक करते अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार।

- यूपीसीडा बोर्ड की बैठक में लिए गए अहम फैसले, विकास और मरम्मत कार्यों की थर्ड पार्टी ऑडिट होगी

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि अवस्थापना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) सुविधाओं के लिए शासन द्वारा वित्तपोषित किया गया है, जिससे एक वर्ष के भीतर अवस्थापना सुविधाओं का त्वरित विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद, एसीओ चर्चिल गौड़, प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी, वित्त सचिव अनुराग यादव, वित्त नियंत्रक दिनेश कुमार, महाप्रबंधक राजेश परासर आदि उपस्थित रहे।

उपलब्धि | बरेली की प्रसिद्ध लाल व पीली मिर्च व अन्य गुणवत्ता वाले मसालों पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया

# बरेली के बासमती ने लंदन में बिखेरी सुगंध, बढ़ी निर्यात की संभावना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लंदन में 30 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम (आईएफई) में उत्तर प्रदेश ने कृषि उत्पादों का वैश्विक प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। खासकर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बरेली के गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म का झुमका बासमती, हंसराज बासमती व तिलक चंदन जैसी पारंपरिक सुगंधित धान कई देशों को पसंद आया। बरेली की प्रसिद्ध लाल व पीली मिर्च तथा अन्य उच्च गुणवत्ता वाले मसालों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इन उत्पादों पर यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के खरीदारों ने विशेष रुचि दिखाई है। इससे निर्यात की संभावना बढ़ गई।

- लंदन में अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम में यूपी के उत्पादों की हुई सराहना
- यूके, फ्रांस, पोलैंड, चीन, अमेरिका समेत कई देशों के उद्यमियों ने दिखाई रुचि

उप्र पवेलियन का उद्घाटन भारतीय उच्चायोग लंदन में सेवारत आईएएस निधि मणि त्रिपाठी ने किया। नेतृत्व मंडी परिषद के सचिव/निदेशक इंद्र विक्रम सिंह ने किया। इस दौरान प्रदेश के पांच प्रमुख कृषि उत्पादकों ने चावल, शहद, मसाला, फल समेत अन्य उत्पादों का प्रदर्शन करके राज्य की समृद्ध कृषि परंपरा और गुणवत्ता का परिचय दिया। इसमें विभिन्न देशों के खरीदार, वितरक, खाद्य विशेषज्ञ और उद्यमियों ने गहरी रुचि दिखाई। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एम्ब्रोसिया ने अपना मेव उत्पाद लांच किया। इस अवसर पर हाई कमीशन ऑफ इंडिया, लंदन की निधि मणि त्रिपाठी, हमना मरियम खान, राकेश दहिया, डॉ. सुधांशु सचिव एपीडा उपस्थित रहे।



लंदन में अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम में यूपी के पवेलियन का उद्घाटन करते अधिकारी।

### शहद के नवाचारी उत्पादों ने किया आकर्षित

**अमृत विचार :** स्टॉलों पर मधुमक्खी वाला शहद, नीम हनी, जामुन हनी और वाइल्ड फॉरेस्ट हनी की शुद्धता एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों ने आगंतुकों को आकर्षित किया। इसके अतिरिक्त "हनी विद लेमन" जैसे नवाचारी उत्पाद की अवधारणा को भी सराहा गया। माधव उद्यान स्थित मेव ऑर्चर्ड एस्टेट में उगाए गए फलों और मसालों से निर्मित विशिष्ट उत्पाद अपने स्वाद और प्राकृतिक फ्लेवर के लिए सराहे गए। फॉर्च्यून राइस को यूरोप के खरीदारों से बासमती चावल एवं ताजे कृषि उत्पादों के लिए सकारात्मक व्यापारिक प्रस्ताव प्राप्त हुए। मोरक्को के एक प्रमुख आयातक के साथ संपर्क स्थापित होना कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही।

# एक ही साल्ट की दवाओं में मूल्य अंतर पर उठाए सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने दवाओं की कीमतों में भारी असमानता का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से सभी दवाओं के लिए एक समान अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) निर्धारित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक ही साल्ट की दवाओं के दाम में बड़ा अंतर आम लोगों के लिए आर्थिक बोझ बन रहा है।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने बुधवार को संसद में शून्यकाल के दौरान उठाए गए इस मुद्दे की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने आयुष्मान भारत योजना और जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया है, लेकिन निजी क्षेत्र में मूल्य असमानता अभी भी बड़ी समस्या बनी हुई है। सांसद ने यह भी सुझाव दिया कि डॉक्टरों को दवाओं के ब्रांड नाम के बजाय साल्ट नाम लिखना चाहिए। साथ ही दवा कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए सख्त मूल्य नियंत्रण लागू किया जाए।

- भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने सरकार से की सख्ती की अपील



# अमृत विचार

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026




आप दीवार के चित्रों को बदल कर इतिहास के तथ्यों को नहीं बदल सकते।
–जवाहर लाल नेहरू, पूर्व प्रधानमंत्री



## भगवान भरोसे भीड़

बिहार के नालंदा जिले में मघड़ा गांव में स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ की घटना महज एक 'दुर्घटना' नहीं, बल्कि व्यवस्थागत पंगुता और प्रशासनिक संवेदनहीनता का जीवंत प्रमाण है। 8 महिलाओं की मृत्यु और 15 से अधिक का घायल होना यह सवाल उठाता है कि क्या आधुनिक भारत में नागरिक के जीवन का मूल्य केवल कुछ हजार रुपयों के मुआवजे तक सिमट कर रह गया है? इस त्रासदी का मुख्य दोषी पंडा कमेटी और स्थानीय पुलिस-प्रशासन का वह 'अहंकारी समन्वय' है, जिसने 25 हजार की भीड़ को भगवान भरोसे छोड़ दिया। पंडा कमेटी का पुलिस से सुरक्षा की मांग न करना उनकी अक्षमता और वर्चस्ववादी सोच को दर्शाता है, लेकिन क्या प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से केवल इसलिए पल्ला झाड़ सकता है कि उसे व्यवस्था प्रबंध हेतु 'आमंत्रण' नहीं मिला? खुफिया विभाग और स्थानीय पुलिस को हर साल चैत्र के आखिरी मंगलवार को जुटने वाली इस भीड़ का पूर्वानुमान क्यों नहीं था? क्या पुलिस इतनी दिशाहीन हो गई है कि उसे 25,000 लोगों के जमावड़े की आहट तक नहीं मिली? सबसे विडंबनापूर्ण स्थिति सुरक्षा प्राथमिकताओं की है। जिस दिन यह त्रासदी हुई, उसी दिन राष्ट्रपति की सुरक्षा में 2,500 पुलिसकर्मी तैनात थे, जबकि मंदिर में 25,000 आम नागरिकों के लिए एक भी नहीं। यह 'अतिविशिष्ट' बनाम 'आम जनता' का वह असंतुलन है, जो लोकतंत्र के मूल ढांचे पर प्रहार करता है। घटना के बाद कुछ अधिकारियों का निलंबन मात्र प्रशासनिक 'खानापूरी' है, जिससे मूल समस्याओं का समाधान नहीं होता। एंबुलेंस और सहायता में देरी यह पुष्टि करती है कि आपदा प्रबंधन की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। देश में मंदिरों और बाबाओं के समागमों में होने वाली भगदड़ की घटनाओं में पिछले कुछ बरसों में 12,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। सत्य है कि आस्था भीड़ लाती है, लेकिन सच यह भी है कि प्रशासन को उस भीड़ का प्रबंधन करना होता है। हर विफलता के बाद शासन-प्रशासन अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर डालकर बच निकलता है।

इन हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केवल संवेदना प्रकटीकरण या मुआवजा पर्याप्त नहीं है। हमें एक 'राष्ट्रीय भीड़ प्रबंधन प्रोटोकॉल' की आवश्यकता है। हर धार्मिक स्थल की एक 'वहनीय क्षमता' तय होनी चाहिए। भीड़ बढ़ने पर 'होल्डिंग एरिया' का निर्माण और प्रवेश पर नियंत्रण अनिवार्य हो। ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से वास्तविक समय में भीड़ की घनत्व की निगरानी की जानी चाहिए ताकि 'क्राउड क्रिटिकल पॉइंट' की पहचान पहले ही हो सके। धार्मिक समितियों और पुलिस के बीच एक अनिवार्य समन्वय केंद्र हो, जहां बिना किसी औपचारिक मांग के भी पुलिस तैनाती सुनिश्चित की जाए। तंग जगहों पर स्थित मंदिरों में 'वन-वे' प्रवेश और निकास के साथ आपातकालीन निकासी मार्ग की सख्त व्यवस्था होनी चाहिए। समाज और सरकार को यह समझना होगा कि व्यवस्था की कमी से होने वाली मौतें 'ईश्वर की इच्छा' नहीं, बल्कि 'मानवीय भूल' हैं। यदि हमने आदिवासी नक्सल प्रभावित जैसे दुर्गम क्षेत्रों में डिजिटल व्यवस्था पहुंचा दी है, तो हम अपने तीर्थस्थलों पर बुनियादी सुरक्षा ढांचा क्यों नहीं विकसित कर सकते? आस्था का सम्मान तभी होगा जब श्रद्धालु सुरक्षित घर लौट सकें।

### प्रसंगवश

## भौतिक सुखों के बीच गुम होती आत्मिक प्रसन्नता

खुशी क्या है? इस सवाल का जवाब शायद ही किसी को ठीक-ठीक पता हो, लेकिन सरल शब्दों में कहा जाए, तो आत्मसंतुष्टि ही वास्तविक खुशी है। आज की तेज रफ्तार दुनिया में हम अक्सर इस संतुष्टि के भाव को समझ ही नहीं पाते। यदि हम अपने आसपास नजर दौड़ाएं, तो पाएंगे कि हम अपनी खुशी को दूसरों के व्यवहार से जोड़ चुके हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हम सच में अपने भावनाओं पर नियंत्रण रखने वाले इंसान हैं या फिर दूसरों के व्यवहार से संचालित होने वाली मशीन? निःसंदेह, इंसान होने के नाते हमारे भीतर अपार शक्ति और आत्मनियंत्रण की क्षमता होती है। जैसे-जैसे व्यक्ति सफलता की ओर बढ़ता है, उसके भीतर आत्मविश्वास और प्रसन्नता के बीज स्वतः अंकुरित होने लगते हैं, लेकिन वर्तमान समय में धैर्य



शिवालिक अवस्थी
लेखक

और संयम का अभाव विशेष रूप से युवाओं में साफ दिखाई देता है। आज का युवा भीड़ में खुद को खोया हुआ महसूस कर रहा है। आंतरिक सुख मानो उसके भीतर कहीं दब गया है, जबकि भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर उसका झुकाव तेजी से बढ़ता जा रहा है। युवाओं को यह समझना आवश्यक है कि भौतिक सुख क्षणिक होते हैं। ये कुछ समय के लिए तो आनंद दे सकते हैं, लेकिन स्थायी संतुष्टि नहीं दे सकते। हमारे शास्त्र भी दीर्घकालिक सुख की खोज पर जोर देते हैं, जो केवल भौतिक साधनों से संभव नहीं है। आज के दौर में भौतिक सुख-सुविधाओं में सबसे प्रमुख स्थान मोबाइल फोन ने ले लिया है। यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

आज लगभग हर व्यक्ति के हाथ में मोबाइल है, लेकिन इसके कारण परिवार के बीच रहकर भी लोग अकेलापन महसूस कर रहे हैं। संयुक्त परिवारों का विघटन और मोबाइल की बढ़ती लत ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है। खासकर युवा वर्ग इसका सबसे अधिक शिकार हो रहा है, जो अपना अधिकांश समय मोबाइल स्क्रीन पर बिताता है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि मोबाइल का उपयोग केवल कॉल या जरूरी कार्यों तक सीमित नहीं रहा। सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। भावनाओं और व्यवहार में बदलाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। कई युवा मानसिक दबाव और अकेलेपन से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वास्तविक खुशी उनसे दूर होती जा रही है। हाल ही में जारी हुई विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2026 भी इस स्थिति की पुष्टि करती है। इस रिपोर्ट में 147 देशों को विभिन्न मानकों-जैसे प्रति व्यक्ति आय, सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता और पारदर्शिता के आधार पर आंका गया। फिनलैंड, आइसलैंड और डेनमार्क जैसे देश शीर्ष स्थानों पर रहे, जबकि भारत 4.536 अंकों के साथ 116 वें स्थान पर है। यह आंकड़े बताते हैं कि भौतिक प्रगति के बावजूद मानसिक संतुष्टि का स्तर अभी भी चुनौतीपूर्ण है। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रतिदिन 2.5 घंटे से अधिक मोबाइल का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जबकि सीमित उपयोग लाभकारी हो सकता है। सोशल मीडिया का संतुलित उपयोग ज्ञानवर्धन और सूचना प्राप्ति के लिए किया जा सकता है, लेकिन अत्यधिक समय चैटिंग, रील्स और गेम्स में बिताना उचित नहीं है। हमारी खुशी हमारे अपने हाथों में है। साधन केवल उपयोग के लिए होते हैं, उनका सही या गलत इस्तेमाल हम पर निर्भर करता है। यदि हम मोबाइल और सोशल मीडिया से कुछ समय निकालकर परिवार, आत्मविकास और ज्ञान की ओर ध्यान दें, तो न केवल हमारा मन शांत रहेगा, बल्कि जीवन में सच्ची खुशी का अनुभव भी संभव हो सकेगा। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## ऊर्जा संकट के बीच भारत की राह






रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पश्चिम एशिया में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच जारी युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को गहरे संकट में डाल दिया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पर अनिश्चितता ने न केवल अंतर्राष्ट्रीय कीमतों को ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, बल्कि ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों की आर्थिक स्थिरता को भी चुनौती दी है। भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इस संकट से सीधे प्रभावित हो रहा है। बढ़ती ऊर्जा कीमतें महंगाई, चालू खाता घाटा और औद्योगिक लागत को बढ़ाकर आर्थिक विकास की गति को धीमा कर सकती हैं।

ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि भारत सरकार और आम नागरिक मिलकर इस चुनौती का समाधान निकालें, ताकि अर्थव्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे और आम जनता पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। सरकार के स्तर पर सबसे महत्वपूर्ण कदम ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण होना चाहिए। भारत को केवल खाड़ी देशों पर निर्भर रहने के बजाय रूस, अमेरिका, अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों से तेल और गैस आयात के विकल्प बढ़ाने होंगे। इससे किसी एक क्षेत्र में संकट का प्रभाव कम किया जा सकेगा। इसके साथ ही, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को और मजबूत करना आवश्यक है, ताकि आपात स्थिति में देश के पास पर्याप्त ऊर्जा उपलब्ध हो। यह नीति न केवल अल्पकालिक राहत देगी, बल्कि दीर्घकाल में ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत करेगी।

यह ऊर्जा संकट भारत के लिए एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि अत्यधिक आयात पर निर्भरता भविष्य में बड़े जोखिम पैदा कर सकती है और अवसर इसलिए कि भारत अपनी ऊर्जा नीति को अधिक आत्मनिर्भर और टिकाऊ बना सकता है।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम नवीकरणीय ऊर्जा पर तेजी से निवेश बढ़ाना है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्प भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह संकट भारत के लिए एक अवसर भी है कि वह जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करे और स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़े। इसके साथ ही, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करना भी आवश्यक है, ताकि पेट्रोल और डीजल की खपत को कम किया जा सके। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ऊर्जा संकट का सीधा बोझ आम नागरिकों पर न पड़े। इसके लिए पेट्रोल, डीजल और एलपीजी पर करों में अस्थायी राहत दी जा सकती है। साथ ही, गरीब और मध्यम वर्ग के लिए लक्षित सब्सिडी व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए, ताकि उनकी क्रय शक्ति पर असर न पड़े। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सस्ता, सुलभ और अधिक प्रभावी बनाना भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। यदि लोग निजी वाहनों के बजाय बस, मेट्रो और ट्रेन का उपयोग करेंगे, तो ईंधन की खपत कम होगी और आयात बिल भी नियंत्रित रहेगा।

ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उद्योगों को ऊर्जा बचाने वाली तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और ऊर्जा दक्ष उपकरणों पर सब्सिडी देना एक प्रभावी रणनीति हो सकती है। इससे उत्पादन लागत कम होगी और प्रतिस्पर्धात्मकता भी बढ़ेगी। इसके साथ ही, सरकार को कूटनीतिक स्तर पर भी सक्रिय रहना होगा, ताकि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में स्थिरता बनी रहे और भारत को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो सके, जहां सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है, वहीं नागरिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है।

आम नागरिक अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करके ऊर्जा की खपत को काफी हद तक कम कर सकते हैं। उदाहरण के लिए अनावश्यक बिजली उपकरणों को बंद रखना, एलईडी बल्ब का उपयोग करना और ऊर्जा दक्ष उपकरणों को अपनाना सरल, लेकिन प्रभावी उपाय हैं। रसोई में गैस के उपयोग को नियंत्रित करना और खाना पकाने के तरीकों में बदलाव भी एलपीजी की खपत को कम कर सकता है। निजी वाहनों के अत्यधिक उपयोग से बचना भी एक बड़ा कदम हो सकता है। कार-पूलिंग, सार्वजनिक परिवहन और साइकिल जैसे विकल्प अपनाकर न केवल ईंधन की बचत की जा सकती है, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाया जा सकता है।

इसके अलावा, जो लोग सक्षम हैं, वे सोलर पैनल जैसे विकल्पों में निवेश करके अपनी बिजली की जरूरतों को आंशिक रूप से स्वयं पूरा कर सकते हैं। जीवनशैली में बदलाव भी इस संकट से निपटने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। आज के समय में उपभोग की आदतें तेजी से बढ़ी हैं, जिससे ऊर्जा की मांग भी बढ़ रही है। यदि नागरिक "कम उपभोग और अधिक बचत" की नीति अपनाएं, तो न केवल ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि आर्थिक स्थिरता भी बनी रहेगी। स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना भी एक अच्छा विकल्प है, क्योंकि इससे परिवहन पर होने वाली ऊर्जा खपत कम होती है।

अंततः यह ऊर्जा संकट भारत के लिए एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि अत्यधिक आयात पर निर्भरता भविष्य में बड़े जोखिम पैदा कर सकती है और अवसर इसलिए कि भारत अपनी ऊर्जा नीति को अधिक आत्मनिर्भर और टिकाऊ बना सकता है। यदि सरकार दूरदर्शी नीतियों के साथ आगे बढ़ती है और नागरिक जिम्मेदारी के साथ अपने व्यवहार में बदलाव लाते हैं, तो भारत न केवल इस संकट से उबर सकता है, बल्कि भविष्य में एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभर सकता है। यही समय है जब ऊर्जा सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाकर एक संतुलित और सतत विकास की दिशा में कदम बढ़ाए जाएं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने



जैसे नरेंद्र मोदी को डोनाल्ड ट्रंप नियंत्रित करते हैं, वैसे ही मोदी आपके मुख्यमंत्री को नियंत्रित कर रहे हैं। पिनाराई विजयन अपने भ्रष्टाचार के कारण मोदी के दबाव में हैं। एलडीएफ सरकार अब वामपंथी नहीं, बल्कि 'कॉर्पोरेट फंडेड' सरकार बन गई है। यह इस बात का सबूत है कि बीजेपी और एलडीएफ के बीच 'सीक्रेट डील' है।

–राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस

### सामने

यह समझ नहीं आता कि राहुल को कौन सलाह दे रहा है और वे ऐसे बेतुके बयान क्यों दे रहे हैं। राहुल जमीन से कटे हुए नेता हैं, जिन्हें केरल की वास्तविकता का पता नहीं है। खुद 'इंडिया' गठबंधन के नेता बनने का दावा करते हैं, तो वे उसी गठबंधन के साथियों पर इस तरह के हमले कैसे कर सकते हैं?

– पी. संदोष कुमार
सांसद सीपीआई



## उपभोग की मृगतृष्णा को भुनाता बाजार



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

भारतीय लोकजीवन में दो वाक्य लंबे समय से समानांतर रूप से चलते आए हैं- "तेते पांव पसारिये, जेती लांबी सौर" और "ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्।" पहली कहावत मर्यादा, संयम और यथार्थ के साथ जीवन जीने की सीख देती है, दूसरी, जो चार्वाक दर्शन से जुड़ी है, तत्काल सुख के लिए भविष्य की चिंता से मुक्त होने का आग्रह करती है। ये दोनों सूत्र केवल लोकोक्तियां नहीं हैं, वे भारतीय समाज के भीतर मौजूद दो मानसिकताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। आज का भारत इन्हीं दो ध्रुवों के बीच झूलता दिखाई देता है। एक ओर विवेक, दूसरी ओर उपभोग का आकर्षण, जो कई बार आधुनिकता के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। लंबे समय तक भारतीय समाज, विशेषकर मध्यवर्ग, पहली दृष्टि के साथ जीता रहा। सीमित आय, सीमित संसाधन और सीमित इच्छाएं इन तीनों के बीच एक सहज संतुलन था। आर्थिक आत्मनिर्भरता और ऋणमुक्ति सामाजिक प्रतिष्ठा का हिस्सा थीं। बचत करना केवल आर्थिक विवेक नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार था। एक ऐसा संस्कार, जो भविष्य के प्रति भरोसा पैदा करता था।

उदारीकरण के बाद जब भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक बाजार से गहराई से जुड़ी, तो परिवर्तन केवल व्यापार और निवेश तक सीमित नहीं रहा। इसके साथ एक नई उपभोक्ता संस्कृति भी समाज में तेजी से फैलने लगी। बाजार ने केवल वस्तुएं नहीं दीं, उसने इच्छाओं का एक विस्तृत संसार रचा और धीरे-धीरे आवश्यकताओं को इच्छाओं और इच्छाओं को अनिवार्यता में बदल दिया। "अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें" का आकर्षक नारा जीवनशैली का हिस्सा बन गया। क्रेडिट कार्ड, उपभोक्ता ऋण और आसान किश्तों ने उपभोग को तत्काल संभव बना दिया। उपलब्ध सत्यापित आकलनों के अनुसार, दिसंबर 2025 तिमाही तक भारत का खुदरा ऋण बाजार 162.7 लाख करोड़ तक पहुंच चुका था और सक्रिय ऋण खातों की संख्या 69 करोड़ हो गई थी। जनवरी, 2026 तक देश में प्रचलित क्रेडिट कार्डों की संख्या भी बढ़कर लगभग 11.66 करोड़ हो गई, जो पिछले कुछ वर्षों में खुदरा उधारी के तेज विस्तार को रेखांकित करती है। इसके साथ ही, स्वर्ण ऋण जैसे उत्पाद खुदरा ऋण विस्तार के प्रमुख चालक बनकर उभरे हैं। दिसंबर 2025 तिमाही में TransUnion CIBIL का उपभोक्ता ऋण बाजार संकेतक (Consumer Credit Market Indicator) 102 तक पहुंच गया। स्वर्ण ऋण कुल खुदरा ऋण आपूर्ति का 36 प्रतिशत (मात्रा के आधार पर) और 39 प्रतिशत (मूल्य के आधार पर) हिस्सा लेने लगे। इस वृद्धि में पहली बार ऋण लेने वालों, 35 वर्ष से कम आयु के उपभोक्ताओं और गैर-महानगरीय क्षेत्रों की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है।

आज के मध्यमवर्गीय जीवन को देखें तो एक दिलचस्प विरोधाभास सामने आता है। सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन आर्थिक दबाव भी उसी अनुपात में बढ़ा है। उधारी से चमकती जीवनशैली के पीछे ऋण का एक स्थायी बोझ खड़ा होता है। आधुनिक उपभोक्ता के पास वस्तुएं अधिक हैं, पर आर्थिक स्वतंत्रता लगातार सिमटती जा रही है। घर, कार, मोबाइल, टेलीविजन, फ्रिज, वाशिंग मशीन, यहां तक कि छुट्टियां भी अब किश्तों में खरीदी जा सकती हैं। सुविधा का यह विस्तार दरअसल भविष्य की आय को वर्तमान में खींच लाने की प्रक्रिया है।

आधुनिकता का अर्थ अपनी जड़ों से कट जाना नहीं, बल्कि उन्हें नए संदर्भ में समझना है। शायद इसी संदर्भ में "तेते पांव पसारिये" को नए अर्थों में पढ़ने की जरूरत है।

यह स्थिति केवल व्यक्तिगत निर्णयों का परिणाम नहीं है। इसके पीछे एक व्यापक सामाजिक दबाव भी काम करता है। सोशल मीडिया ने इस दबाव को और तीव्र बना दिया है। दूसरों की यात्राएं, महंगे शौक और सजी हुई जीवनशैली लगातार हमारी स्क्रीन पर दिखाई देती हैं। यह आभासी दुनिया एक ऐसा भ्रम पैदा करती है कि यदि हमारे पास वही चीजें नहीं हैं, तो हम कहीं पीछे रह गए हैं। इसी "फियर ऑफ मिसिंग आउट" के कारण बहुत से लोग अपनी वास्तविक आय से अधिक खर्च करने लगते हैं। क्रेडिट कार्ड की ब्याज दरें कई बार काफी ऊंचाई तक पहुंच जाती हैं। उधार का घी क्षणभर के लिए सस्ता लगता है, पर उसकी असली कीमत बाद में चुकानी पड़ती है।

इस प्रवृत्ति का व्यापक आर्थिक संदर्भ भी ध्यान देने योग्य है। 2024-25 में घरेलू शुद्ध जीडीपी के लगभग 6.0 प्रतिशत के स्तर पर रही, जबकि घरेलू वित्तीय देनदारियां जीडीपी का 4.7 प्रतिशत थीं। यह संकेत देता है कि महामारी के बाद घरेलू देनदारियों में तेज वृद्धि अवश्य हुई, लेकिन हाल के वर्षों में उसमें कुछ नरमी के संकेत भी दिखाई देने लगे हैं। वास्तविक समृद्धि केवल वस्तुओं के संग्रह से नहीं आती। वह आर्थिक स्वतंत्रता, मानसिक शांति और भविष्य की सुरक्षा से आती है। यदि उपभोग हमें स्वतंत्र बनाने के बजाय कर्ज के बोझ से बांध दे, तो वह समृद्धि नहीं, बल्कि एक प्रकार की आर्थिक असुरक्षा है।

आज आवश्यकता आधुनिक जीवन से दूरी बनाने की नहीं, बल्कि उसके साथ संतुलन स्थापित करने की है। तकनीक, सुविधा और बेहतर जीवन स्तर प्रगति के स्वाभाविक हिस्से हैं, लेकिन आर्थिक विवेक और संयम की परंपरा को पूरी तरह त्याग देना बुद्धिमानी नहीं होगी। आधुनिकता का अर्थ अपनी जड़ों से कट जाना नहीं, बल्कि उन्हें नए संदर्भ में समझना है। शायद इसी संदर्भ में "तेते पांव पसारिये" को नए अर्थों में पढ़ने की जरूरत है। यह केवल अभाव की स्वीकारोक्ति नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और संतुलन का सिद्धांत है।

आज के भारत के सामने यही चुनौती है कि उपभोग की ऊर्जा और संयम की परंपरा के बीच संतुलन बनाना। यदि यह संतुलन साध लिया गया, तो समृद्धि का अर्थ केवल वस्तुओं का विस्तार नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और संतोष का विस्तार भी होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## केरोसिन युग की वापसी

खाड़ी युद्ध के लंबा खिचने से ईंधन की संभावित समस्या को देखते हुए सरकारों ने केरोसिन वितरण के आदेश दे दिए हैं, जिसे कोटेदारों और पेट्रोल पंपों से उपलब्ध कराया जाएगा। विगत एक दशक से केरोसिन (मिट्टी का तेल) का दिखना ही दुर्लभ हो गया था। पिछले साल गांव में तपनी जलाने के लिए जलावन



डॉ. अरविंद मिश्रा
वरिष्ठ विज्ञान लेखक

की लकड़ियों पर मिट्टी का तेल छिड़कने की जरूरत हुई, तो मिट्टी का तेल ढूंढने से भी नहीं मिला। गांव के कोटेदार ने भी हाथ खड़े कर दिए। कभी मिट्टी का तेल गांव की रोजमर्रा की जिंदगी में अच्छी दखल रखता था। स्टोप से खाना इसी मिट्टी के तेल से बनता था। लालटेन से लेकर पेट्रोमेक्स तक इसी मिट्टी के तेल से कस्बों का अंधेरा दूर करते थे। शादी-व्याह के मंडप, शामियाना आलोकित होते। घर-घर शाम की दिया-बत्ती इसी केरोसिन से जलती। अब केरोसिन से जुड़ी जुगतें, साजो-सामान भी लुप्त हो गए। मुझे याद है कि मेरे गांव में तीसेक वर्ष पहले बिजली आई, तदनंतर गैस का चूल्हा और सिलेंडर। धीरे-धीरे केरोसिन की जरूरत खत्म होती गई और फिर मांग न होने से केरोसिन भी मिलना बंद हो गया। पहले केरोसिन रंगहीन होता था बाद में इसे हल्के नीले रंग का कर दिया गया। बताया गया कि मिट्टी का तेल मिलावट में इस्तेमाल न हो इसलिए ऐसा किया गया।

आशय यह कि मिट्टी का तेल गावों में एक जरूरी कमोडिटी बन गया था। एक महिला की मुझे याद है, जिनके पति घर में एक लीटर मिट्टी के तेल की व्यवस्था कर परदेश चले गए थे। पांच साल बाद लौटे तो एक छोटी शीशी में कुछ तेल अभी भी बचा था। छोटी शीशी दिए में तब्दील हो गई थी। महिला खाना तो ऊपली और लकड़ी की अंगीठी पर बनाती, मगर शाम को कुछ मिनटों के लिए देहरी पर उजाला इसी दिए से करती। इतनी किफायत से ही वह बस शाम को कुछ मिनट का उजाला एक लीटर मिट्टी के तेल से पांच साल करती रही। घर की देहरी के शाम के चंद मिनट के उजाले में वह पति का बाट जोहती रही।

अब फिर उसी केरोसिन के युग की वापसी ने कितने ही यादों को स्फुरण दे दिया है। न जाने यह शकुन है या कोई अपशकुन यह तो आने वाला समय ही बताएगा। खाड़ी युद्ध न जाने कौन कौन सी परिस्थितियां उत्पन्न करेगा यह प्रश्नचिह्न अब बड़ा आकार लेने लगा है।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## कुप्रबंधन की भेंट चढ़ती आस्थावान जिंदगी

बिहार राज्य के नालंदा जिले के शीतला माता मंदिर में मची भगदड़ में 8 लोगों की दर्दनाक मौत मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की कुप्रबंधन और घोर बदइंतजामी को उजागर करता है। जब मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन अच्छी तरह अवगत था कि चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ सकती है, तो फिर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किया गया? स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हादसा व्यवस्था की बदइंतजामी और कुप्रबंधन के कारण हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें, तो हर कोई जल्दी दर्शन करना चाहता था, जिससे बैरिकेड्स और कतारें टूट गई। लोग एकदूसरे के उपर गिरने लगे और भगदड़ मच गई। मरने वालों में अधिकांश महिलाएं



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

हैं। अगर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाकर्मी उपलब्ध होते, तो कतारें और बैरिकेड्स नहीं टूटते और न ही लोगों की जान जाती। यह पर्याप्त नहीं कि जिला प्रशासन एसएचओ को सस्पेंड कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लें। उचित होगा कि इस हादसे की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को कड़ी सजा मिले। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब कुप्रबंधन के कारण दर्शनार्थियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। याद होगा अभी पिछले वर्ष ही 27 जुलाई को उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियों पर मची भगदड़ में आधा दर्जन लोगों की जान चली गई। पिछले वर्ष ही प्रयागराज कुंभ में मची भगदड़ में दर्जनों श्रद्धालुओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। देखा जाए, तो इन सभी धार्मिक स्थलों पर हुए हादसे के लिए पूर्ण रूप से शासन-प्रशासन, मंदिर प्रबंधन तंत्र और श्रद्धालुओं की अनुशासनहीनता ही प्रमुख रुप से जिम्मेदार रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह कि हर हादसे में शासन-प्रशासन और मंदिर प्रबंधतंत्र अपनी गलतियां स्वीकारने के बजाए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराता नजर आता है।

सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर क्यों? क्या राज्य सरकारें और आयोजकगण हादसों को लेकर गंभीर और संवेदनशील नहीं होते हैं? या यह समझा जाए कि हादसों के लिए जिम्मेदार तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का न होना है? गौर करें तो ये दोनों ही बातें सच हैं। अगर सरकारी अमला, मंदिर प्रबंधनतंत्र और आयोजकगण अपनी जिम्मेदारियों का सही निर्वहन करें, तो इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति नहीं होगी। ध्यान देना होगा कि देश में बहुतेरे मंदिर हैं, जहां लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इन स्थानों पर सुरक्षा और संभावित हादसों को टालने का पूरा इंतजाम होना चाहिए। उचित होगा कि इन धार्मिक स्थानों पर दर्शन कराने की समुचित व्यवस्था हो और सुरक्षा बलों की उपस्थिति हो। भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए बैरीकेड की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ प्रवेश व निकास के लिए अलग-अलग मार्ग हो। रास्ते में श्रद्धालुओं के आराम की पर्याप्त व्यवस्था के साथ-साथ लोगों पर नजर रखने के लिए सेवादार और राज्य का खुफिया तंत्र मजबूत हो।

आज जरूरत इस बात की है कि राज्य सरकारें, स्थानीय प्रशासन, मंदिर प्रबंधनतंत्र और श्रद्धालुगण सभी अपनी जिम्मेदारियों को समझें। दर्शन के समय श्रद्धालुगणों का व्यवहार अत्यंत संयमित और सहनशील होना चाहिए। अफवाहों पर ध्यान न दें और दिशा-निर्देशों का समुचित पालन करें। सरकारी प्रशासन, मंदिर प्रबंधनतंत्र एवं धार्मिक आयोजकगण अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। श्रद्धालुओं की जानमाल की सुरक्षा शीर्ष प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## वर्ड स्मिथ

### ऑटो रिक्शा

जापान की सड़कों पर लोग एक अनोखे वाहन में सफर करते थे। यह वाहन था "जिनरिकिशा"- एक ऐसा रिक्शा, जिसे इंसान अपनी ताकत से खींचता था। तीन पहियों वाला यह साधन आम लोगों के लिए सस्ता और सुविधाजनक था,



लेकिन इसे खींचने वाले के लिए यह मेहनत भरा काम था। समय बदला, तकनीक आगे बढ़ी और दुनिया ने आराम की ओर कदम बढ़ाया। इंसानी ताकत की जगह अब मशीनों ने लेनी शुरू कर दी। तभी एक नया विचार आया- क्यों न इस रिक्शे को इंजन से चलाया जाए? यहीं से जन्म हुआ "ऑटो रिक्शा" का। "ऑटो" शब्द ग्रीक भाषा के "Autos" से आया, जिसका अर्थ है "स्वयं", यानी खुद चलने वाला। जब यह शब्द "रिक्शा" के साथ जुड़ा, तो बना "ऑटो रिक्शा" एक ऐसा वाहन, जो अब इंसान की मेहनत नहीं, बल्कि इंजन की ताकत से चलता था। धीरे-धीरे यह वाहन भारत जैसे देशों में पहुंचा और लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया। तंग गलियों से लेकर भीड़भाड़ वाली सड़कों तक, ऑटो रिक्शा हर जगह आसानी से चलने लगा। सस्ता किराया, तेज रफ्तार और आसानी से उपलब्धता- इन सबने इसे आम जनता का पसंदीदा बना दिया। दुनिया को "ऑटो-रिक्शा" शब्द देने का श्रेय भारत को जाता है। वर्ष 1947 में आजादी के बाद देश में आत्मनिर्भरता की सोच ने जोर पकड़ा और कई उद्योगपतियों ने स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देना शुरू किया। इसी दौर में N.K. Firodia, जो Force Motors के संस्थापक थे, ने मोटर से चलने वाले रिक्शे के लिए "ऑटो-रिक्शा" शब्द गढ़ा।

यह शब्द धीरे-धीरे आम बोलचाल में इतना लोकप्रिय हुआ कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचाना जाने लगा। आज "ऑटो-रिक्शा" शब्द को Oxford English Dictionary में भी स्थान मिल चुका है, जो इसकी वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है।



# ई-कॉमर्स मैनेजमेंट

## ऑनलाइन कारोबार की रीढ़

तेजी से बदलते डिजिटल युग में खरीदारी का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। आज उपभोक्ता घर बैठे कपड़े, मोबाइल, किताबें ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से खरीद रहे हैं। इस बढ़ती डिजिटल निर्भरता ने ई-कॉमर्स को एक विशाल बाजार के रूप में स्थापित कर दिया है। ऐसे में किसी भी ऑनलाइन व्यवसाय को सफल बनाने के लिए ई-कॉमर्स मैनेजमेंट की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। ई-कॉमर्स मैनेजमेंट केवल उत्पाद बेचने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक समग्र प्रक्रिया है, जिसमें वेबसाइट या ऐप का संचालन, प्रोडक्ट की प्रस्तुति, ग्राहकों से संवाद, ऑर्डर की प्रक्रिया, भुगतान प्रणाली और डिलीवरी तक का पूरा प्रबंधन शामिल होता है। सही रणनीति और कुशल प्रबंधन के जरिए ऑनलाइन व्यवसाय को तेजी से विस्तार दिया जा सकता है।



सत्यदत्त शुक्ला
चार्टर्ड अकाउंटेंट, लखनऊ

### क्या है ई-कॉमर्स मैनेजमेंट

ई-कॉमर्स मैनेजमेंट का अर्थ है ऑनलाइन बिजनेस के हर पहलू को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करना। इसमें प्रोडक्ट लिस्टिंग, कीमत निर्धारण, स्टॉक की निगरानी, ग्राहकों की समस्याओं का समाधान, सुरक्षित भुगतान व्यवस्था और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करना शामिल होता है। यह एक ऐसा तंत्र है, जो ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाकर ब्रांड की विश्वसनीयता बढ़ाता है।

### मुख्य कार्य और जिम्मेदारियां

- **प्रोडक्ट मैनेजमेंट**- प्रोडक्ट की सही जानकारी, आकर्षक तस्वीरें और स्पष्ट विवरण ग्राहक को खरीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। अच्छी प्रोडक्ट प्रेजेंटेशन बिक्री बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है।
- **ऑर्डर और इंवेंटरी मैनेजमेंट**- ऑर्डर को समय पर प्रोसेस करना और स्टॉक की सटीक जानकारी बनाए रखना जरूरी होता है। इससे ओवरसेलिंग या स्टॉक आउट जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।
- **कस्टमर एक्सपीरियंस**- ग्राहकों की संतुष्टि ई-कॉमर्स की सफलता का आधार है। उनके सवालों का त्वरित उत्तर देना, रिटर्न और रिफंड की सुविधा देना और भरोसेमंद सेवा प्रदान करना आवश्यक है।
- **डिजिटल मार्केटिंग और ब्रांडिंग**- सोशल मीडिया, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), ईमेल मार्केटिंग और पेड विज्ञापनों के माध्यम से ब्रांड की पहुंच बढ़ाई जाती है। आज डेटा आधारित मार्केटिंग (Data-driven Marketing) भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।





### लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन

सही समय पर उत्पाद की डिलीवरी सुनिश्चित करना और सप्लाई चेन को सुचारु रखना ग्राहक संतुष्टि के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### नई तकनीकों की भूमिका

आधुनिक ई-कॉमर्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। ये तकनीकें ग्राहकों की पसंद को समझने, पर्सनलाइज्ड सुझाव देने और बिजनेस ऑपरेशन को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करती हैं। साथ ही, मोबाइल कॉमर्स (एम-कॉमर्स) का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे स्मार्टफोन के जरिए खरीदारी और आसान हो गई है।

### जरूरी स्किल्स

- इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए कुछ प्रमुख कौशल आवश्यक हैं-
- डिजिटल मार्केटिंग की समझ
- डेटा विश्लेषण की क्षमता
- कस्टमर सर्विस स्किल
- टेक्नोलॉजी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का ज्ञान।

### समस्या समाधान और निर्णय लेने की क्षमता

ई-कॉमर्स मैनेजमेंट आज के डिजिटल कारोबार की रीढ़ बन चुका है। सही रणनीति, तकनीकी ज्ञान और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर इस क्षेत्र में न केवल सफलता हासिल की जा सकती है, बल्कि एक मजबूत और भरोसेमंद ब्रांड भी स्थापित किया जा सकता है।

### करियर की संभावनाएं

ई-कॉमर्स सेक्टर में करियर के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। इस क्षेत्र में ई-कॉमर्स मैनेजर, डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ, प्रोडक्ट मैनेजर, सप्लाई चेन मैनेजर और कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजर जैसे कई पद उपलब्ध हैं। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऑनलाइन व्यवसाय के बढ़ते प्रभाव से रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।



## नोटिस बोर्ड

### परीक्षा फॉर्म जारी



- लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक, परास्नातक व डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों के परीक्षा फॉर्म जारी कर दिए गए हैं। नियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व इक्जेम्टेड परीक्षा के लिए यह फॉर्म द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को छोड़कर अन्य सभी सम सेमेस्टर के छात्र 13 अप्रैल तक भर सकेंगे। इसके बाद उन्हें अपना फार्म संबंधित विभाग में जमा करना होगा, जिसे विभाग द्वारा अग्रसारित कर 16 अप्रैल तक विश्वविद्यालय को भेजा जाएगा।

### रोजगार मेला

- मेरठ के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए अच्छी खबर है, जो प्राइवेट सेक्टर में बेहतर रोजगार की तलाश कर रहे हैं। 2 अप्रैल को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा मवाना क्षेत्र के रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में एक बड़े रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें 60 से अधिक नामी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इस मेले में हर स्तर की योग्यता रखने वाले युवाओं के लिए अवसर मिलेगा। शैक्षणिक योग्यता की बात करें, तो 10 वीं पास से लेकर आईटीआई, नॉन-आईटीआई, टेक्निकल, नॉन-टेक्निकल, स्नातक और परास्नातक कर चुके सभी युवा इसमें भाग ले सकते हैं।

## कॉलेज का पहला दिन

# नए माहौल में नई शुरुआत

मेरा नाम दिव्या सिंह है। मैंने विवेकानंद बालिका इंटर कॉलेज से 12 वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद बीसीए कोर्स में एडमिशन लिया। मेरे लिए सबसे खास बात यह रही कि मुझे सीधे कानपुर यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिला। यह मेरे जीवन का एक नया और महत्वपूर्ण अनुभव था।

कॉलेज का पहला दिन मेरे लिए उत्साह और थोड़ी घबराहट दोनों लेकर आया। स्कूल का माहौल काफी अलग होता है, जहां सब कुछ जाना-पहचाना होता है, लेकिन यूनिवर्सिटी का माहौल बड़ा और नया था। मैं पहले केवल एडमिशन के समय ही वहां गई थी, इसलिए पहले दिन सब कुछ नए जैसा लग रहा था। यूनिवर्सिटी का कैंपस काफी बड़ा और सुंदर है। वहां अलग-अलग कोर्स पढ़ने वाले बहुत सारे छात्र-छात्राएं आते हैं। मुझे यह देखकर अच्छा लगा कि यहां पढ़ाई के साथ-साथ आगे बढ़ने के कई मौके भी मिलते हैं। मैंने बीसीए कोर्स चुना था, क्योंकि मुझे कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी में रुचि है। पहले दिन हमारी क्लास में पढ़ाई शुरू नहीं हुई, बल्कि सबसे पहले हम सबका परिचय कराया गया। टीचर्स ने हमसे कहा कि यह हमारे जीवन की एक नई शुरुआत है और हमें इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी समझाया कि हमें एक-दूसरे को जानना चाहिए और साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।



दिव्या सिंह

मेरे लिए यह दिन थोड़ा अलग इसलिए भी था, क्योंकि मेरे साथ स्कूल का कोई दोस्त नहीं था। मैं अकेली ही यूनिवर्सिटी गई थी। शुरुआत में थोड़ा डर और झिझक महसूस हुई, खासकर जब आसपास नए लोग थे, लेकिन धीरे-धीरे मुझे समझ आया कि हर किसी की शुरुआत ऐसे ही होती है। एक लड़की होने के नाते कई बार मन में संकोच भी आता है, लेकिन अगर हमें आगे बढ़ना है, तो इस डर को छोड़ना जरूरी है। मैंने सोचा कि मुझे नई चीजें सीखनी हैं और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना है।




पहले दिन मैंने नए लोगों से बात की, कैंपस को समझा और अपनी नई पढ़ाई की शुरुआत की। यह दिन मेरे लिए यादगार बन गया। इसने मुझे सिखाया कि हर नई शुरुआत थोड़ी मुश्किल होती है, लेकिन अगर हम हिम्मत रखें तो सब आसान हो जाता है।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत की वित्तीय प्रणाली को मज़बूत करने के लिए, लोकसभा ने 30 मार्च, 2026 को इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) विधेयक पारित किया है। इस सुधार का उद्देश्य इन्सॉल्वेंसी समाधानों में तेज़ी लाना, देरी को कम करना और लेनदारों का विश्वास बढ़ाना है।
- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 मार्च, 2026 को गुजरात में 'सम्राट संप्रति संग्रहालय' का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन भारत की समृद्ध जैन विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्घाटन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हुआ, जिससे इस कार्यक्रम को एक विशेष आध्यात्मिक महत्व प्राप्त हो गया। यह संग्रहालय गांधीनगर के कोबा गांव में स्थित 'श्री महावीर जैन आराधना केंद्र' में स्थित है।
- हाल ही में डॉ. थॉमस पुकाडिल को पुणे स्थित BRIC-NCCS का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। वे अपने साथ कोशिका जीव विज्ञान और अनुसंधान नवाचार के क्षेत्र में वर्षों का अनुभव लेकर आएंगे। उनकी यह नियुक्ति अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत इस समय उन्नत बायोमेडिकल अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा समाधानों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- हाल ही में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित हॉकी इंडिया पुरस्कार समारोह के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर दी। 31 वर्षीय इस खिलाड़ी ने लगभग एक दशक लंबे अपने शानदार करियर का अंत किया। अपने करियर में उन्होंने 130 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले और 33 गोल किए। गुरजंत अपनी तेज रफ्तार, सटीक फिनिशिंग और निरंतर प्रदर्शन के लिए जाने जाते रहे हैं।
- हाल ही में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून 15 से 17, 2026 तक फ्रांस में आयोजित होने वाले आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह शिखर सम्मेलन एवियन-लेस-बेंस में आयोजित होगा।

## जॉब अलर्ट

### जामनगर जिला सहकारी बैंक भर्ती

- पदों के नाम- सहायक अधिकारी (IT, अनुपालन, ट्रेजरी, सांख्यिकी), क्लर्क, चपरासी
- कुल रिक्तियां-104 पद
- वेतनमान-पदानुसार
- योग्यता-10वीं पास (चपरासी), संबंधित विषय में स्नातक (क्लर्क और सहायक अधिकारी)
- आयु सीमा-18–30 वर्ष (क्लर्क और चपरासी), 25-35 वर्ष (सहायक अधिकारी) - 31 मार्च 2026 तक
- प्रोबेशन अवधि- सभी पदों के लिए 6 महीने
- आवेदन ऑनलाइन -(jamnagardccb.bank.in/career/ के माध्यम से)
- आवेदन की अंतिम तिथि-11 अप्रैल 2026


### पंजाब एंड सिंध बैंक

- पद का नाम-लोकल बैंक अधिकारी (JMGS-I)
- कुल रिक्तियां-1000
- वेतनमान-48,480 - 85,920 (JMGS-I स्केल, 3 वेतन वृद्धि के साथ) + DA, HRA, CCA आदि।
- योग्यता-स्नातक + किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक /क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में अधिकारी के रूप में योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 18 महीने का शाखा अनुभव।
- आयु सीमा- 20 से 30 वर्ष (दिनांक 01.03.2026 के अनुसार)
- आवेदन का ऑनलाइन -punjabandsind.bank.in
- आवेदन शुल्क- SC/ST/PwBD : 100 + कर, सामान्य/EWS/OBC : 850 + कर
- आवेदन की अंतिम तिथि-20 अप्रैल 2026

### रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (RRB)

- पद का नाम-असिस्टेंट लोको पायलट (एएलपी)
- पदों की संख्या-11,127 (सभी रेलवे)
- विज्ञापन संख्या- CEN No. 01/2026
- वेतन-7 वें CPC के अनुसार पे लेवल-2, शुरुआती वेतन- 19,900/- प्रति माह
- योग्यता- विस्तृत CEN No. 01/2026 के अनुसार (पद-वार शैक्षिक योग्यता और मेडिकल स्टैंडर्ड)
- आयु सीमा-18 से 30 वर्ष
- वेबसाइट-rrbapply.gov.in
- आवेदन शुरू होने की तिथि-15-05-2026
- आवेदन की अंतिम तिथि 14-06-2026

# 12 वीं के बाद: कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए कौन-सा कोर्स बेहतर



कॉमर्स स्ट्रीम से 12 वीं पास करने के बाद छात्रों के सामने सबसे बड़ा सवाल होता है- सीए (चार्टर्ड) या सीएस (कंपनी सेक्रेटरी), आखिर कौन-सा कोर्स चुनें? दोनों ही प्रोफेशनल कोर्स हैं और देश में काफी प्रतिष्ठित माने जाते हैं। इनमें करियर की अच्छी संभावनाएं, आकर्षक वेतन और सम्मानजनक पहचान मिलती है। हालांकि दोनों की पढ़ाई, कार्यक्षेत्र और करियर की दिशा अलग-अलग होती है, इसलिए सही चुनाव आपकी रुचि और लक्ष्य पर निर्भर करता है।

### क्या है चार्टर्ड अकाउंटेंट

सीए कोर्स भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा संचालित किया जाता है। यह कोर्स फाइनेंस और अकाउंटिंग क्षेत्र में विशेषज्ञता प्रदान करता है। इसमें अकाउंटिंग, टैक्सेशन, ऑडिटिंग, कॉस्टिंग और फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल होते हैं। सीएस बनने के बाद आप ऑडिट फर्म, बैंक, मल्टीनेशनल कंपनियों या खुद की प्रैक्टिस शुरू कर सकते हैं। भारत में सीए की काफी डिमांड रहती है, खासकर टैक्स प्लानिंग और ऑडिटिंग के क्षेत्र में।

### सैलरी और करियर ग्रोथ

शुरुआती वेतन आमतौर पर 6 से 8 लाख रुपये प्रति वर्ष होता है, जो अनुभव के साथ 15 से 25 लाख या उससे अधिक तक पहुंच सकता है। बड़े शहरों और कॉर्पोरेट सेक्टर में यह और भी ज्यादा हो सकता है।

### क्या है कंपनी सेक्रेटरी

सीएस कोर्स भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) द्वारा संचालित किया जाता है। यह कोर्स मुख्य रूप से कंपनी कानून, कॉर्पोरेट गवर्नेंस और लीगल कंप्लायंस पर आधारित होता है। सीएस प्रोफेशनल किसी कंपनी के कानूनी मामलों, नियमों के पालन और बोर्ड मीटिंग्स से जुड़े कामों को संभालता है। यह भूमिका किसी भी कंपनी में बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### सैलरी और करियर ग्रोथ

सीएस के लिए शुरुआती वेतन लगभग 4 से 7 लाख रुपये प्रति वर्ष होता है। अनुभव बढ़ने पर यह 12 से 20 लाख रुपये या उससे अधिक तक पहुंच सकता है। बड़ी कंपनियों और लिस्टेड कंपनियों में इसकी डिमांड ज्यादा होती है।

### कौन-सा कोर्स चुनें

यदि आपकी रुचि गणित, अकाउंटिंग और फाइनेंस में है, तो सीए आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। वहीं यदि आपको कानून, कंपनी के नियम और मैनेजमेंट से जुड़ी चीजें पसंद हैं, तो सीएस चुनना सही रहेगा। सीए और सीएस दोनों ही शानदार करियर विकल्प हैं। सही चुनाव वही है, जो आपकी रुचि, क्षमता और भविष्य के लक्ष्य के अनुरूप हो। किसी भी कोर्स को चुनने से पहले उसकी पढ़ाई, कठिनाई और करियर संभावनाओं को अच्छे से समझ लेना जरूरी है।



### सीए vs सीएस मुख्य अंतर

- **फोकस एरिया :** सीए में फाइनेंस, अकाउंट और टैक्सेशन पर ध्यान होता है, जबकि सीएस में कंपनी लॉ और कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर।
- **कार्यक्षेत्र :** सीए वित्तीय सलाह, ऑडिट और टैक्सेशन में काम करता है, जबकि सीएस कंपनी के लीगल और कंप्लायंस मामलों को संभालता है।
- **कठिनाई स्तर :** सीए कोर्स आमतौर पर अधिक कठिन और समय लेने वाला माना जाता है, जबकि सीएस अपेक्षाकृत कम समय में पूरा किया जा सकता है (हालांकि यह भी आसान नहीं है)।
- **वर्क प्रोफाइल :** सीए का काम अधिकतर नंबर और फाइनेंस से जुड़ा होता है, जबकि सीएस का काम मीटिंग्स, लीगल डॉक्यूमेंट और कॉर्पोरेट निर्णयों से संबंधित होता है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,134.32 | 22,679.40 |
| बढ़त | 1186.77 | 348 |
| प्रतिशत में | 1.65 | 1.56 |

सोना 1,55,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,46,000 प्रति किलो

अमृत विचार

बरेली, गुरुवार, 2 अप्रैल 2026

www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2685, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13kg 2440, जय जवान 2215, सचिन 2350, सूरज 2215, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2175, क्लासिक (kg) 2560, मोर 2420, चक्र टिन 2655, ब्लू 2425, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2640

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल ( प्रति कु0 )**–डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**– पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 151500, सोना गिन्नी 147500, चांदी (पक्की) 2400 (अनुमानित )

## बिजनेस ब्रीफ

### पीजीसीआईएल के नए सीएमडी बने राम मोहन

**नयी दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (पीजीसीआईएल) ने बुधवार को बुर्रा वामसी राम मोहन को कंपनी का नया चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वामसी की नियुक्ति एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी हो गई है।

# वित्त वर्ष के पहले दिन शेयर बाजार में तेजी
# सेंसेक्स 1,187 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

## पश्चिम एशिया में तनाव घटने के संकेतों से वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 103.7 डॉलर प्रति बैरल पर

**मुंबई, एजेंसी**

चालू वित्त वर्ष के पहले दिन स्थानीय शेयर बाजार में तेजी रही और बीएसई सेंसक्स 1,187 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 348 अंक की बढ़त में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई।तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,186.77 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय इसमें 2,017.03 अंक की तेजी दर्ज की गई और यह 73,964.58 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ।

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी बाजार की धारणा को मजबूती दी। संसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारतीय स्टेट बैंक और इटर्नल प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी,



- **लाभ में रहे**-अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एसबीआई, ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन और इटर्नल
- **नुकसान में रहे**-एनटीपीसी, सन फार्मा, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल

सन फार्मा, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल शामिल हैं। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में 3,828 शेयर लाभ में रहे, जबकि 508 में गिरावट आई। वहीं 101 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया संघर्ष के संभावित समाधान के संकेत वाले बयान के बाद जोखिम लेने की प्रवृत्ति में सुधार हुआ है।

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था। अमेरिकी बाजारों में मंगलवार को तेजी थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत टूटकर 103.7 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। महावीर जयंती पर मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहे थे। शेयर बाजार आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 11,163.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 14,894.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

### चांदी 9,000 रुपये मजबूत, सोना 3,500 चढ़ा




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 9,000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना 3,500 रुपये उछलकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 9,000 रुपये यानी 3.8 प्रतिशत बढ़कर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सोमवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 3,500 रुपये यानी 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

### निवेशकों की संपत्ति 9.60 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में बुधवार को आई तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.60 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त होने के संकेतों के बीच बाजार में तेजी आई। वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी कारोबारी धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,186.77 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 2,017.03 अंक चढ़कर 73,964.58 अंक पर पहुंच गया था। शेयर बाजार में आई इस तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 9,60,261 करोड़ रुपये बढ़कर 4,22,01,433.48 करोड़ रुपये (4,460 अरब डॉलर) हो गया।

# मार्च में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ जीएसटी संग्रह

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




- वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी राजस्व 22.27 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया
- पिछले साल करीब 375 वस्तुओं पर घटी थीं जीएसटी की दरें, किए थे 5 और 18% के दो स्लैब

आयात के साथ-साथ घरेलू बिक्री एवं खरीद से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के दम पर मार्च में जीएसटी कलेक्शन करीब नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे यह कर कटौती से पहले के स्तर दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। यह वित्त वर्ष 2025-26 में तीसरा सबसे अधिक मासिक संग्रह है।

सरकार द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, घरेलू सकल राजस्व में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। वहीं आयात से प्राप्त राजस्व में 17.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 53,861 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

मार्च, 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-मार्च) में मार्च, 2026 में तीसरा सबसे अधिक संग्रह दर्ज किया गया। इससे पहले अप्रैल, 2025 में 2.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अब तक का सबसे अधिक जीएसटी राजस्व दर्ज किया गया। वहीं मई में 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह हुआ था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी राजस्व 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

बता दें कि जीएसटी की दरें करीब 375 वस्तुओं पर कम कर दी गई हैं जिससे सितंबर, 2025 से सामान सस्ता हुआ है। साथ ही, पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को पांच और 18 प्रतिशत की दो कर श्रेणी में तब्दील किया गया है। इसमें चुनिंदा अति विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों के लिए सर्वाधिक 40 प्रतिशत का कर निर्धारित किया गया है।

परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया के साझेदार एम. एस. मणि ने कहा कि हालांकि ये संग्रह दर्शाते हैं कि उपभोग की भावना मजबूत बनी हुई है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में जहां संग्रह में मजबूत वृद्धि जारी है। वहीं हरियाणा, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में धीमी वृद्धि देखी जा रही है।

पेशेवर सेवा कंपनी ईवाई इंडिया के कर साझेदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि अप्रैल में हम सतर्कतापूर्ण रुख की उम्मीद करते हैं। भू-राजनीतिक चुनौतियों और वैश्विक मुद्रास्फीति के दबाव से उपभोग मांग में कमी आने के आसार हैं।

टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज के साझेदार विवेक जालान ने कहा कि जीएसटी संग्रह राजकोषीय स्थिरता को मजबूत करता है...भारत की कर प्रणाली सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विस्तार के साथ तालमेल बैठा रही है जिससे सरकारों एवं व्यवसायों दोनों को वृद्धि की स्थिरता पर भरोसा हो पाता है।

# कर्ज वृद्धि में कमी, एनपीए बढ़ने की आशंका

## सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों को दिए ऋण पर नजर रखने की जरूरत : क्रिसिल रेटिंग्स

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने वित्त वर्ष 2026-27 में बैंकों की ऋण वृद्धि में मामूली गिरावट और कर्ज लौटाने में चूक बढ़ने का अनुमान जताया है। क्रिसिल ने बुधवार को कहा कि बैंक 2026-27 में कर्ज में 13% की वृद्धि दर्ज करेंगे। यह वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित 14 प्रतिशत की तुलना में मामूली गिरावट है।

रेटिंग एजेंसी ने यह भी कहा कि बैंकों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (निष्पादित परिसंपत्तियां) अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई हैं और मार्च, 2027 तक 0.20 प्रतिशत बढ़कर 2.5 प्रतिशत तक हो सकती हैं।

मुख्य रेटिंग अधिकारी कृष्णन सीतारमण ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों को दिए गए ऋण पर नजर रखने की जरूरत है।

Crisil Ratings




खासकर उन छोटे उद्योगों के मामले में जिनका पश्चिम एशिया में बाजार है या फिर वे वहां से कच्चे माल लेते हैं। इसके साथ संपत्ति के बदले दिए गए छोटी राशि के कर्ज और कुछ बिना गारंटी वाले ऋण पर भी नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने स्वीकार किया कि सेरेमिक और हीरा पॉलिश जैसे क्षेत्रों में इकाइयों को पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण पहले ही प्रतिकूल स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

यह पूछे जाने पर कि क्या पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर राहत पैकेज दिया जा सकता है, क्रिसिल के अधिकारियों ने केवल इतना कहा कि राजकोषीय और मौद्रिक प्राधिकरण प्रतिकूल घटनाओं के बाद उद्योग के लिए उपयुक्त कदम उठा सकते हैं। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि युद्ध लंबा चलने पर ये उपाय लागू किए जा सकते हैं।

हालांकि, राहत उपायों के सटीक प्रभाव का अनुमान लगाना फिलहाल कठिन है।

परिसंपत्ति की गुणवत्ता के अलावा, बैंकों द्वारा जमा जुटाने पर भी नजर रखने की जरूरत है क्योंकि यह ऋण वृद्धि को भी प्रभावित करेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अंतिम ऋण वृद्धि बैंकों द्वारा जमा जुटाने के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी।

### इरेडा का वित्त वर्ष 2025-26 में कर्ज वितरण मंजूरी अबतक के उच्चतम स्तर पर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) ने वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान 51,883 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक सालाना कर्ज मंजूर किया है। कंपनी ने बताया कि बीते वित्त वर्ष में उसका ऋण वितरण भी 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 34,946 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। कंपनी के मंगलवार देर शाम जारी बयान के अनुसार, 31 मार्च 2026 तक कंपनी का कुल ऋण खाता 22 प्रतिशत बढ़कर 93,075 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष 76,282 करोड़ रुपये था। बयान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान स्वीकृत ऋण की राशि पिछले वित्त वर्ष के 47,453 करोड़ रुपये के मुकाबले नौ प्रतिशत बढ़कर 51,883 करोड़ रुपये हो गई।

### 2025-26 में रेलवे ने रिकॉर्ड 167 करोड़ टन माल की ढुलाई की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रेल मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2025–26 में 167 करोड़ टन माल की ढुलाई कर नया रिकॉर्ड बनाया है, जो एक साल पहले के मुकाबले 3.25 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह उपलब्धि परिचालन दक्षता में सुधार, क्षमता विस्तार और अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों द्वारा रेल परिवहन पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाती है।

## बिजली खपत मार्च में 1.8 % बढ़कर 150 अरब यूनिट पर

**नयी दिल्ली,एजेंसी।**

देश में बिजली की खपत मार्च में 1.8 फीसदी बढ़कर 149.56 अरब यूनिट रही। बेमौसम बारिश के कारण एयर कंडीशनर और कूलर के कम उपयोग से बिजली की खपत में वृद्धि कम हुई है। एक साल पहल इसी महीने में बिजली की खपत 146.92 अरब यूनिट थी। देश भर में रुक-रुक कर हो रही बारिश से तापमान कम बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष मार्च में बिजली की अधिकतम मांग या आपूर्ति बढ़कर 238.37 गीगावाट हो गई। एक साल पहले फरवरी, 2025 में यह 235.22 गीगावाट थी। मई, 2024 में अधिकतम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले, बिजली की अधिकतम मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में रही थी।पिछले साल गर्मी (अप्रैल 2025 से) के दौरान, जून में अधिकतम बिजली मांग 242.77 गीगावाट तक पहुंची थी, लेकिन यह सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम रही। विद्युत मंत्रालय ने इस वर्ष गर्मी के दौरान अधिकतम बिजली की मांग लगभग 270 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इस वर्ष मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। बारिश से देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में कमी आई है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# कांग्रेस जीती तो असम में घुसपैठियों की रक्षा को लाएगी कानून : मोदी

## कहा-उसका लक्ष्य बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यक में बदलना

**गोगामुख/बेहाली (असम), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस असम में सत्ता में आई तो वह घुसपैठियों की रक्षा के लिए कानून लाएगी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी ऐसा होने नहीं देंगे। मोदी ने धेमाजी जिले के गोगामुख में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यक में बदलना और घुसपैठियों का एक स्थायी वोट बैंक बनाना है। उन्होंने कहा कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने केंद्र में नया कानून लाने की कोशिश की थी, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने उसका विरोध किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता खुलकर घुसपैठियों का समर्थन कर रहे हैं। वे खुलेआम कह रहे हैं कि वे घुसपैठियों की रक्षा के लिए असम में नया कानून ले आएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर देश को उसी तरह बांटने का आरोप लगाया, जैसा विभाजन के दौरान मुस्लिम लीग ने किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को भी आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए दो परिवार हैं–एक दिल्ली में और दूसरा असम में तथा उनकी प्राथमिकता लोगों का हित नहीं, बल्कि अपने परिवारों का हित है। मोदी का इशारा गांधी परिवार और कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई के परिवार की ओर था।

बिस्वनाथ जिले के बेहाली में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के संसाधनों के साथ न्याय नहीं किया। जबकि भाजपा राज्य की विविध संपदा का इस्तेमाल उसके विकास के लिए कर रही है।



असम के गोगामुख में एक जनसभा के दौरान स्थानीय प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

### प्रियंका गांधी का मुख्यमंत्री हिमंत पर निशाना

### कहा- असम को लूट रहा एक परिवार

**नाजिरा/तिंगखोंग (असम), एजेंसी।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर बुधवार को निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इस संसाधन संपन्न राज्य में केवल एक परिवार सब कुछ लूट रहा है जबकि आम लोगों के पास कुछ भी नहीं है। वाड्रा ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार लोगों को डरा–धमकाकर काम कर रही है। विपक्ष के नेता और पार्टी के उम्मीदवार देबब्रत सैकिया के समर्थन में नाजिरा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया और उन पर अमेरिका का गुलाम होने का आरोप लगाया। उन्होंने असम में भाजपा नीत सरकार के दौरान हर मोर्चे में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए शारदा, स्मार्ट सिटी और एनसी हिल्स जैसे कई पुराने घोटालों का मुद्दा उठाया। प्रियंका ने दावा किया कि भाजपा ने कहा था कि उसने डबल इंजन वाली सरकार दी है। असल में यह दोहरी गुलामी वाली सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की गुलामी में लगे हैं और हिमंत विश्व शर्मा मोदी की गुलामी कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी बढ़ाने के वादे को पूरा करने में नाकाम का आरोप लगाया।

### **तमिलनाडु:** स्टालिन ने भाजपा पर लगाया राज्य में हिंसा की 'साजिश' रचने का आरोप

**तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु),एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उत्तर प्रदेश और मणिपुर की तरह तमिलनाडु में हिंसा भड़काने की साजिश रचने का आरोप लगाया और दावा किया कि इस साजिश को नाकाम कर दिया गया है। आगामी विधानसभा चुनावों के लिए यहां सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की एक रैली को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष स्टालिन ने तिरुचिरापल्ली क्षेत्र में अपनी सरकार द्वारा लागू योजनाओं का विवरण दिया। उन्होंने पंचपुर बस टर्मिनल, मिनी स्टेडियम, जल्लीकट्टू मैदान, मॉडल स्कूल और संयुक्त पेयजल योजनाओं जैसी पहलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के दोबारा सरकार बनाने के बाद, कामराज के नाम पर एक विशाल पुस्तकालय, एक टाइडल पार्क और एक ओलंपिक अकादमी का इस क्षेत्र में उद्घाटन किया जाएगा। स्टालिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में तिरुचिरापल्ली के लिए 26,066 करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूरी की गई हैं और इसीलिए मैं आपसे वोट मांगने आया हूं।

### भाजपा ने द्रमुक के खिलाफ जारी किया आरोपपत्र

**चेन्नई, एजेंसी।** भाजपा के तमिलनाडु चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल ने एक 'आरोपपत्र' जारी किया है जिसमें द्रमुक सरकार पर व्यवस्थित भ्रष्टाचार, वित्तीय कुप्रबंधन और स्पष्ट हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह रखने का आरोप लगाया गया है। भाजपा ने राज्य सरकार पर अवैध रेत खनन और विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया।

चेन्नई स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में जारी आरोपपत्र में द्रमुक शासन के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है, जिनमें राज्य में शराब विपणन कार्यों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की गड़बड़ी, राजमार्ग निविदाओं में हजारों करोड़ रुपये की गड़बड़ी और व्यापक नगरपालिका घोटाले शामिल हैं। आरोपपत्र में मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के प्रशासन पर व्यवस्थागत भ्रष्टाचार और वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया गया है। साथ ही सनातन धर्म और हिंदू देवी–देवताओं के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणियों का भी उल्लेख किया गया है।

### **केरल :** एलडीएफ ने सोने के टुकड़ों के लिए भगवान अयप्पा से किया विश्वासघात : राजनाथ

**कोच्चि, एजेंसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि भगवान का अपना घर कहे जाने वाले केरल में भगवान सुरक्षित नहीं हैं क्योंकि सत्तारूढ़ एलडीएफ ने सोने के कुछ टुकड़ों के लिए भगवान अय्यप्पा के साथ विश्वासघात किया। वह स्पष्ट रूप से सबरीमाला सोने की चोरी के मामलों का संदर्भ दे रहे थे। परवूर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि जिस तरह जूडस ने यीशु मसीह को धोखा दिया, उसी तरह एलडीएफ ने भगवान अय्यप्पा को धोखा दिया। उन्होंने एलडीएफ औरयूडीएफ पर केरल की जनता के साथ विश्वासघात, समाज को विभाजित करने, अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का भी आरोप लगाया।



प. बंगाल के बीरभूम में एक जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करतीं सीएम ममता बनर्जी।

### नामांकन दाखिल करते समय सतर्क रहें तृणमूल प्रत्याशी, नए अफसर खारिज कर सकते हैं : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा नवनियुक्त अधिकारियों को उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने पार्टी उम्मीदवारों से नामांकन दाखिल करते समय सावधानी बरतने को कहा है। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के नानूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राजनीतिक लाभ के लिए केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा कि सब कुछ बदल दिया गया है, यहां नयी व्यवस्था है। निर्वाचन आयोग द्वारा नवनियुक्त अधिकारियों को आपका नामांकन खारिज करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है इसलिए नामांकन दाखिल करते समय सावधानी बरतें। ममता ने महिलाओं से भाजपा को वोट नहीं देने की अपील की। कहा कि भाजपा महिला विरोधी हैं इसलिए एसआईआर में तार्किक विसंगति का हवाला देकर उनके नाम हटाए जा रहे हैं। बनर्जी ने एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का भी स्वागत किया और कहा कि वह इससे खुश हैं।बाद में, बर्दान में एक अन्य रैली में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों से उनके बैंक खाता नंबर मांग रही है और उन्हें चेतावनी दी कि वे उन्हें साझा न करें।

### प्रत्याशी चयन को लेकर कांग्रेस मुख्यालय में हिंसा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर बुधवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। नाराज पार्टी कार्यकर्ता बाहरी प्रत्याशियों की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे थे, जो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच झड़प में बदल गया। उनकी मुख्य शिकायत पूर्व प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सोमेन मित्रा के बेटे रोहन मित्रा को बल्लीगंज विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाये जाने को लेकर थी। प्रदर्शनकारियों का दावा था कि जायद हुसैन को पहले इस सीट से टिकट का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बाद में उन्हें टिकट नहीं दिया गया। उत्तेजित कार्यकर्ताओं ने आरोप था कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने चुनाव के लिए टिकट बेचे हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### यूएई में ड्रोन हमले में एक भारतीय घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में वायु रक्षा प्रणाली द्वारा बुधवार को मार गिराये गये एक ड्रोन के छर्रों से एक भारतीय नागरिक घायल हो गया। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम के अनुसार, यह घटना उम अल कैवेन के उम अल थुओब औद्योगिक क्षेत्र के पास हुई। उम अल कैवेन सरकारी मीडिया कार्यालय ने अमीरात के संबंधित अधिकारियों द्वारा उम अल थुओब औद्योगिक क्षेत्र में एक सुविधा के पास हुई घटना पर कार्रवाई किये जाने की पुष्टि की। यह घटना वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराए जाने के बाद गिरे छर्रों के कारण हुई थी। एजेंसी ने कार्यालय ने बताया कि इस घटना में एक भारतीय नागरिक घायल हो गया।

### बगदाद में अमेरिकी पत्रकार अपहृत

**बगदाद।** इराकी सुरक्षाकर्मी उस अमेरिकी पत्रकार का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जिसका मंगलवार को बगदाद में अपहरण कर लिया गया था। इराक की क्षेत्रीय समाचार वेबसाइट ने पत्रकार की पहचान शेली किटलसन के रूप में की है। इराक के गृह मंत्रालय ने कहा कि एक विदेशी पत्रकार का अपहरण किया गया है लेकिन अधिक जानकारी नहीं दी।

### पाकिस्तान-अफगान तालिबान में फिर वार्ता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने चीन में बातचीत फिर से शुरू कर दी है। चीन एक महीने से अधिक समय से जारी लड़ाई के बाद दोनों पक्षों के बीच स्थायी युद्धविराम कराने के लिए मध्यस्थता कर रहा है। चीन के मध्यस्थता प्रयासों के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा कि वार्ता का उद्देश्य मौजूदा लड़ाई को समाप्त करना है।

### सपना मल्ल नेपाल की कार्यवाहक सीजे बनीं

**काठमांडू।** उच्चतम न्यायालय की सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश सपना मल्ल ने बुधवार को नेपाल की कार्यवाहक प्रधान न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाला। मल्ल (62) ने मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश प्रकाश मान सिंह राउत की सेवानिवृत्ति के बाद सर्वोच्च न्यायिक पद ग्रहण किया। राउत को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में आठ साल की सेवा के बाद छह अक्टूबर, 2024 को इस पद पर नियुक्त किया गया था। वरिष्ठतम होने के नाते मल्ल को स्वतः ही नेतृत्व का अधिकार मिल गया। उन्होंने दिल्ली विवि से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की है।

# गोवा क्लब आग मामले में लूथरा बंधुओं को जमानत

**पणजी, एजेंसी**

- **एक अन्य मामले में आरोपी होने के कारण अभी जेल में ही रहना होगा**

गोवा के मापुसा की एक सत्र अदालत ने बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में भीषण आग से संबंधित मामले में उसके मालिकों सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को बुधवार को जमानत दे दी। पिछले साल इस क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी।

हालांकि दोनों भाई जेल में ही रहेंगे क्योंकि उन्हें एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया है। अरपोरा विलेज में स्थित इस क्लब में छह दिसंबर 2025 को आग लगने के कुछ ही घंटे बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। उन्हें 17 दिसंबर को थाईलैंड से प्रत्यर्पित किया गया और फिर अंजुना पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि नाइटक्लब के लिए आवश्यक अनुमतियां नहीं ली गई थीं और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया गया था। लूथरा बंधुओं के अधिवक्ता पराग राव ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्विजप्ले पाटकर ने दोनों को आग लगने से संबंधित मामले में जमानत दे दी। मापुसा पुलिस ने सोमवार को जालसाजी के मामले में दोनों को हिरासत में लिया था। आग लगने के मामले में जमानत मिलने के बावजूद दोनों जालसाजी के दूसरे मामले में जेल में रहेंगे।

## कागजों पर नियम जमीन पर बदहाली

भारत में धार्मिक उत्सव और मेलों का आयोजन केवल श्रद्धा का विषय नहीं है, बल्कि यह एक विशाल जनसमूह के प्रबंधन की कठिन चुनौती भी है। हाल ही में बिहार के नालंदा जिले में शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ ने एक बार फिर देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना में 8 महिलाओं की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर में क्षमता से कहीं अधिक भीड़ और सुरक्षा प्रबंधों की कमी ने धार्मिक आस्था के अवसर को मातम में बदल दिया। भगदड़ की ऐसी घटनाएं भारत के लिए नई नहीं हैं। पिछले वर्षों में जाएं तो कई राज्यों में ऐसी त्रासदियां देखने को मिली हैं जो प्रशासन की तैयारी और भीड़ प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़ी करती हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने इस संबंध में व्यापक दिशा निर्देश जारी किए हैं लेकिन वे कागजी ही बनकर रह गए हैं।

## क्राउड मैनेजमेंट



### भीड़ में फंसने पर क्या करें

- फाइटर पोज : अपने हाथों को छाती के सामने रखें ताकि फेफड़ों पर दबाव न पड़े और सांस लेते रहें।
- भीड़ के साथ चलें : भीड़ के विपरीत चलने की कोशिश न करें, लहर के साथ धीरे-धीरे किनारे की ओर बढ़ने का प्रयास करें।
- दीवारों से दूर रहें : कोनों, दीवारों या खंभों के पास न चिपकें, वहां कुचले जाने का डर अधिक होता है।
- गिरने से बचें : अपने पैरों पर खड़े रहने की पूरी कोशिश करें। यदि गिर जाएं, तो सिर ढककर 'भ्रूण मुद्रा' में लेट जाएं।

### भगदड़ की हालिया प्रमुख घटनाएं

- करूर राजनीतिक रैली, तमिलनाडु (27 सितंबर 2025) : अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी (टीवीके) की रैली में भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 41 लोगों की जान चली गई। ● चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु (4 जून 2025) : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल खिताबी जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत हो गई। ● श्री लैराई देवी मंदिर, गोवा (3 मई 2025) : वार्षिक उत्सव के दौरान तड़के मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई और करीब 100 लोग घायल हुए। ● नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (15 फरवरी 2025) : महाकुंभ जाने के लिए प्लेटफार्म पर उमड़ी भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 18 यात्रियों की जान चली गई। ● महाकुंभ, प्रयागराज (29 जनवरी 2025) : मौनी अमावस्या के अवसर पर अमृत स्नान के लिए उमड़ी भीड़ के दौरान संगम क्षेत्र में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई। ● तिरुमाला हिल्स, आंध्र प्रदेश (8 जनवरी 2025) : वैकुंठ द्वार दर्शन के टिकटों के लिए हुई धक्का-मुक्की में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

### दिशा निर्देश तो हैं लेकिन पालन...

- क्षमता मानचित्रण और नियंत्रण : स्थल की क्षमता के अनुसार ही लोगों को प्रवेश दें, पीक ऑवर्स में कतारों का प्रबंधन करें। ● अवसंरचनात्मक मजबूती : प्रवेश और निकास द्वार चौड़े और अलग-अलग होने चाहिए। बैरिकेडिंग मजबूत हो, और जिगजैग (साँप की कतार) का उपयोग करें। ● वास्तविक समय निगरानी : सीसीटीवी, ड्रोन और सोशल मीडिया के माध्यम से भीड़ के घनत्व पर नजर रखें। ● संचार प्रणाली : अफवाहों को रोकने के लिए लाउडस्पीकर और बहुभाषी साइनेज (दिशा-निर्देश बोर्ड) का प्रयोग करें। ● आपातकालीन योजना : एम्बुलेंस, दमकल और मेडिकल टीम की पूर्व तैनाती सुनिश्चित करें। ● प्रशिक्षित कर्मी : भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और वालंटियर्स को विशेष प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। ● धार्मिक/बड़े आयोजनों में : आयोजकों को आयोजन से पहले जोखिम मूल्यांकन करना और जिला प्रशासन के साथ मिलकर एक विस्तृत भीड़ प्रबंधन योजना तैयार करनी अनिवार्य है।

# पश्चिम बंगाल में एसआईआर से जुड़ी 47 लाख आपत्तियों का कर दिया गया निपटारा

## कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय को कराया अवगत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 31 मार्च यानी मंगलवार तक कुल 60 लाख आपत्तियों में से लगभग 47.4 लाख का निपटारा किए जाने पर बुधवार को गौर किया और इस प्रक्रिया में हुई प्रगति पर संतोष जताया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने इस प्रक्रिया की प्रगति के बारे में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिले दो पत्रों का संज्ञान लिया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम इन तथ्यों एवं आंकड़ों से काफी खुश हैं और बहुत आशावादी हैं। उन्होंने इस बात पर गौर किया कि रोजाना करीब 1.75 लाख से दो लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा रहा है। न्यायालय को बताया गया कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने या हटाए जाने के खिलाफ अपीलों की सुनवाई के लिए 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों के गठन की अधिसूचना जारी की है। इनकी अध्यक्षता उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश करेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि न्यायाधिकरणों को निर्वाचन आयोग के रिकॉर्ड तक पूरी पहुंच दी जाए जिसमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के 700 न्यायिक अधिकारियों की ओर से दर्ज किए गए कारण भी शामिल होंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पक्षकारों को भी ये कारण उपलब्ध कराए जाएं। न्यायालय ने यह भी कहा कि न्यायाधिकरण प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप अपनी प्रक्रिया तय कर सकते हैं, लेकिन उन्हें दस्तावेजों की सत्यता की जांच किए बिना नए दस्तावेज स्वीकार करने से बचना चाहिए। न्यायालय ने निर्वाचन आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि न्यायिक अधिकारियों, न्यायाधिकरणों के सदस्यों और कर्मचारियों को मानदेय एवं अन्य खर्चों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उसने निर्वाचन आयोग से कहा कि न्यायाधिकरणों के परिसर की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया जाए।

### एसआईआर से जुड़ी सभी लंबित आपत्तियों पर सात अप्रैल तक फैसला

पीठ ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की इस सूचना का भी संज्ञान लिया कि सभी लंबित आपत्तियों पर संभवतः सात अप्रैल तक फैसला कर दिया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश ने इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका सहित संबंधित याचिकाओं पर आगे की सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तारीख तय की। मुख्यमंत्री की ओर से पेश वकीलों समेत याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने नाम हटाए जाने की दर बहुत अधिक करीब 45 प्रतिशत होने पर चिंता जताई। उन्होंने नए आवेदन दाखिल किए जाने और कथित प्रक्रियागत अनियमितताओं के मुद्दे भी उठाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायाधिकरणों को काम करने दें और मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने या हटाए जाने के मामलों का निपटारा करने दें। हालांकि, पीठ ने कुछ आशंकाओं को अत्यधिक तकनीकी करार दिया और पक्षकारों को सलाह दी कि वे अपनी विशिष्ट शिकायतें अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष रखें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आखिरकार ऐसा नहीं है कि आपके पास कोई उपाय ही नहीं है। शीर्ष न्यायालय पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई कर रहा है।

### राज्य में 19 अपीलीय न्यायाधिकरण गठित

पीठ ने आदेश में कहा कि अब तक कुल 47 लाख से अधिक (दावों एवं आपत्तियों का) निस्तारण हो चुका है और निर्वाचन आयोग ने राज्य में 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। इनकी अध्यक्षता उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश/न्यायाधीश कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण उन लोगों की अपीलों पर फैसला करेंगे, जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। साथ ही निर्वाचन आयोग के अधिकारी भी कथित रूप से गलत तरीके से नाम शामिल किए जाने के खिलाफ अपील कर सकेंगे। पीठ ने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप अपनी प्रक्रिया विकसित कर सकते हैं।

### भोजशाला : मुस्लिमों की आपत्ति पर करें विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय राज्य में विवादित भोजशाला मंदिर-कमल मौला मस्जिद परिसर की वीडियोग्राफी और रंगीन तस्वीरों सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए जा रहे सर्वे से संबंधित मुस्लिम पक्ष द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर विचार करेगा। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय की कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं किया, हालांकि इस बात पर जोर दिया कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण से संबंधित सभी आपत्तियों पर प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार सुनवाई होनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने मुस्लिम और हिंदू पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनीं।

# क्रीमिया में रूसी सेना का विमान क्रैश, 29 की मौत



क्रिमिया में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद दो टुकड़ों में बंटा रूसी सेना का विमान, बुधवार तड़के हुए इस हादसे के बाद मौके पर बचाव और राहत कार्य में जुटीं टीमें।

**मॉस्को, एजेंसी**

- **विमान में सवार थे चालक दल के छह सदस्य और 23 यात्री**

रूस का एक सैन्य विमान उसके कब्जे वाले क्रीमिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार चालक दल के छह सदस्य और 23 यात्री मारे गए। रूसी समाचार एजेंसियों ने देश के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बुधवार तड़के यह जानकारी दी।

खबरों के अनुसार, एएन-26 सैन्य परिवहन विमान क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर एक निर्धारित उड़ान पर था और मंगलवार शाम लगभग छह बजे सेना का विमान से संपर्क टूट गया। क्रीमिया को रूस ने 2014 में यूक्रेन से अपने कब्जे में ले लिया था। रूस की शीर्ष जांच एजेंसी इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने बताया कि विमान में चालक दल के कुल सात सदस्य और 23 यात्री सवार थे। आधिकारिक बयानों से यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि दुर्घटना में चालक दल का कोई सदस्य जीवित बचा या नहीं।

रूसी समाचार एजेंसी इंटरफैक्स ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण तकनीकी खराबी माना जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसियों तास और आरआईए नोवोस्ती के अनुसार, घटनास्थल पर मौजूद सूत्रों ने बताया कि विमान एक चट्टान से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने बताया कि उसने उड़ान नियमों के उल्लंघन के आरोपों पर आपराधिक जांच शुरू कर दी है और क्रीमिया के एक पहाड़ी वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एएन-26 सोवियत काल में डिजाइन किया गया एक सैन्य परिवहन 'टर्बोप्रॉप' विमान है।

## मलयालम फिल्म निर्देशक रंजीत को यौन उत्पीड़न केस में न्यायिक हिरासत में भेजा

**कोच्चि (केरल)।** कोच्चि की एक अदालत ने मलयालम फिल्मों के जाने-माने निर्देशक रंजीत को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रंजीत को मंगलवार रात यौन उत्पीड़न के कथित प्रयास के एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायिक हिरासत पर भेजे जाने के बाद निर्देशक ने दावा किया कि उन पर लगाए गए आरोप झूठे हैं और वह इसे साबित कर देंगे। उन्होंने यह दावा उस समय किया जब उन्हें यहां उप कारागार के अंदर ले जाया जा रहा था। भले ही निर्देशक ने खुद को बेकसूर बताया हो, लेकिन राज्य के संस्कृति मंत्री साजी चेरियन ने संकेत दिया कि सरकार और पुलिस पीड़िता के साथ हैं तथा केरल फिल्म कर्मचारी संघ (एफईएफकेए) ने निर्देशकों और लेखकों के संघों से रंजीत की सदस्यता रद्द करने की सिफ़ारिश की। पुलिस ने बताया कि इस घटना से पीड़ित महिला गहरे सदमे में थी तथा शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे आने से पहले उसकी काउंसलिंग करवाई गई और मनोरोग संबंधी इलाज भी करवाया गया।

- **निर्देशक ने दावा किया कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप झूठे**

## मेक इन इंडिया पहल : इजराइल की रक्षा कंपनी ने भारत को लाइट मशीनगन की पहली खेप की आपूर्ति की

**यरुशलम, एजेंसी।** लाइट मशीनगन (एलएमजी) का निर्माण करने वाली इजराइल की एक प्रमुख कंपनी ने मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ हल्के मशीनगन की पहली खेप की आपूर्ति की है। इजराइल वेपन्स इंडस्ट्रीज (आईडब्ल्यूआई) ने एक बयान में कहा कि 41,000 इकाइयों (लाइट मशीनगन) के एक बड़े अनुबंध के तहत पिछले सप्ताहांत 2,000 नेगेव (7.62x51) एलएमजी की पहली खेप की आपूर्ति की गई तथा इस वर्ष के अंत में 4,000 और हल्के मशीनगन की आपूर्ति निर्धारित है।

**भारत और इजराइल के बीच किया गया है 41 हजार एलएमजी के लिए बड़ा अनुबंध**

यह आपूर्ति आईडब्ल्यूआई और अदाणी ग्रुप के संयुक्त उद्यम पीएलआर सिस्टम्स द्वारा की गई जो भारत में छोटे हथियार और गोला-बारूद का निर्माण करने वाली पहली निजी कंपनी है। कंपनी ने कहा कि यह उपलब्धि भारत की मेक इन इंडिया पहल के तहत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रक्रिया के सफल समापन के बाद हासिल हुई है। यह अनुबंध में तय की गयी समय-सारणी और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुसार उन्नत प्रणालियों की आपूर्ति करने की आईडब्ल्यूआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह भारत के रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को सहयोग भी पहुंचाती है।

## ईडी की याचिका पर दी केजरीवाल को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से ईडी की उस याचिका पर उनका पक्ष जानना चाहा, जिसमें आबकारी नीति मामले में समन जारी होने के बावजूद जांच एजेंसी के समक्ष पेश न होने के कारण उनके खिलाफ दर्ज दो अलग-अलग मामलों में उन्हें बरी किए जाने को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने निचली अदालत के 22 जनवरी के आदेशों के खिलाफ ईडी द्वारा दायर दो याचिकाओं पर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को नोटिस जारी किया

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन


मेष — आज धन आगमन के योग हैं। पुराना बकाया मिल सकता है। नया निवेश सोच-समझकर करें। जीवनसाथी के साथ सुखद समय बीतेगा।


तुला — आज भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा, किंतु आय भी उतनी ही रहेगी। धन का प्रवाह बना रहेगा। जीवनसाथी को कुछ विशेष उपहार दें।


वृष — आज आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी। विलासिता पर खर्च हो सकता है उस पर नियंत्रण रखें। सोने-चांदी में निवेश शुभ है।


वृश्चिक — आज बीमा और साझेदारी के धन में लाभ संभव है। अचानक खर्च से बचने के लिए कुछ धन सुरक्षित रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।


मिथुन — आज किसी पुराने देनदार से धन वापसी संभव है। कोई नया सौदा न करें। दस्तावेजों में भूल हो सकती है।


धनु — आज धन में वृद्धि के योग है। कोई पुरानी समस्या का हल निकल सकता है। लंबी अवधि का निवेश शुभ रहेगा।


कर्क — आज मां या मातृपक्ष की ओर से आर्थिक सहायता मिल सकती है। संपत्ति संबंधी मामले आगे बढ़ेंगे। पाचन तंत्र पर ध्यान दें।


मकर — आज का दिन दीर्घकालिक निवेश के लिए अनुकूल है। जमीन-जायदाद संबंधी मामले सुलझेंगे। व्यापार संबंधी मामले में धैर्य रखें।


सिंह — आज खर्च नियंत्रित रखें। किसी मित्र को उधार देने से बचें। शेयर बाजार में सावधानी बरतें। संबंधों में अहंकार न आने दें।


कुंभ — आज अनपेक्षित स्रोत से धन आ सकता है। व्यवस्थित बजट बनाकर चलें। रोमांटिक संबंधों में स्थिरता आएगी।


कन्या — आज का दिन बचत पर ध्यान देने का है। अचानक धन की आवश्यकता पड़ सकती है। पुराने प्रेम संबंधों से बच कर रहें।


मीन — आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की सर्वत्र प्रशंसा होगी। विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। लोग आपको अत्यधिक सम्मान देंगे।

## कोर्ट ने एमसीडी के गिरफ्तार उपायुक्त, एओ को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के एक मामले में दिल्ली नगर निगम के एक उपायुक्त और एक प्रशासनिक अधिकारी को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष सीबीआई न्यायाधीश सुधांशु कौशिक ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की उन याचिकाओं को स्वीकार कर लिया, जिनमें शाहदरा उत्तर के उपायुक्त लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार मिश्रा और दूसरे अधिकारी देवांशू कुमार गौतम की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया गया था। इन दोनों को मंगलवार को चार लाख रुपये के रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया गया था। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। इससे पहले मंगलवार को आरोपियों को एक दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया था।

## चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय के बाहर धमाका एनआईए की टीम जांच के लिए पहुंची

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के कार्यालय के बाहर बुधवार शाम हुए विस्फोट से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि धमाका किसी देसी उपकरण के फेंके जाने से हुआ प्रतीत होता है। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम विस्फोट की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि विस्फोट शाम करीब पांच बजे हुआ। विस्फोट में सेक्टर 37 में इमारत के बाहर खड़ा एक स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कंवरदीप कौर ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि एक छोटा, देसी किस्म का कुछ उपकरण फेंका गया।

## सीतारमण के खिलाफ कोर्ट ने आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज कर दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने एक आदेश में कहा कि मुझे आगे सुनवाई करने का कोई कारण नहीं दिखता और मैं इस मामले में संज्ञान लेने से इनकार करता हूं। शिकायत खारिज की जाती है। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

अदालत सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा द्वारा सीतारमण के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत पर सुनवाई कर रही थी।

- **आप के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी ने की थी शिकायत**

**विशेषज्ञ बोले** — तकनीकी प्रगति को जन कल्याण की व्यापक दृष्टि से तालमेल बिठाना होगा

# एआई शक्ति बनने के लिए अपनी स्वदेशी क्षमता बढ़ाए भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विशेषज्ञों ने बुधवार को दिल्ली में एक चर्चा के दौरान कहा कि वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) शक्ति के रूप में उभरने के लिए भारत को स्वदेशी क्षमता और नैतिक शासन को आधार बनाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रौद्योगिकी व्यापक जनहित में काम करे।

एक बयान के अनुसार, दिल्ली स्थित थिंक टैंक भारत की सोच द्वारा आयोजित पुस्तक चर्चा श्रृंखला के तहत इस सत्र का आयोजन हुआ जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि प्राचीन भारतीय ज्ञान, विशेष रूप से अर्थशास्त्र कैसे एआई के माध्यम से उत्पन्न आधुनिक भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करता है।

विशेषज्ञों ने कहा कि डिजिटल युग में भारत के नेतृत्व को केवल गति से नहीं मापा जा सकता है और इस बात पर जोर दिया कि तकनीकी प्रगति को जन कल्याण की व्यापक दृष्टि के साथ तालमेल बिठाना होगा। भारत की सोच के निदेशक आर. के. पचनंदा ने कहा कि भारत से वैश्विक स्तर पर शीर्ष एआई शक्तियों में से एक बनने का आह्वान किया जाता है, लेकिन यह नेतृत्व एक ऐसे दृष्टिकोण पर आधारित होना चाहिए जहां प्रौद्योगिकी केवल दक्षता के लिए नहीं बल्कि व्यापक जनहित के लिए काम करे। थिंक टैंक में विजिटिंग फेलो और आगामी पुस्तक 'अर्थशास्त्र इन द एआई एज' के लेखक वी श्रीवत्सन ने कहा कि हर सदी को एक निर्णायक तकनीक द्वारा फिर से लिखा जाता है। कांस्य ने साम्राज्यों का निर्माण किया, बारूद ने राज्यों को नया रूप दिया, भाप ने औद्योगिक शक्ति को गति दी और आज, कृत्रिम बुद्धिमत्ता वैश्विक व्यवस्था को पुनर्गठित कर रही है। इस चर्चा में उभरती वैश्विक गतिशीलताओं का भी विश्लेषण किया गया जिसमें 'पैक्स सिलिका' की अवधारणा शामिल है जिसके अनुसार प्रौद्योगिकी तक पहुंच ही राष्ट्रीय शक्ति की सीमाएं निर्धारित करती है।

### पैक्स सिलिका-आर्थिक सुरक्षा का नया खाका

पैक्स सिलिका 21वीं सदी की आर्थिक सुरक्षा का एक नया खाका है, जो तेल और इस्पात के बजाय कंप्यूटर चिप्स और खनिजों पर केंद्रित है। इसकी शुरुआत दिसंबर 2025 में हुई थी। इसमें अमेरिका के साथ जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, नीदरलैंड, यूके, इज़रायल, ऑस्ट्रेलिया और यूएई जैसे देश शामिल हैं। भारत भी फरवरी 2026 में शामिल हो गया है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 07.41 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-हस्त 17.38 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 106 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 |

### सुडोकू -107

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | 8 | | | | |
| 3 | | | 2 | | 7 | | | 5 |
| | 5 | | | | | 4 | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 9 | | |
| | 9 | | 3 | | 1 | | 2 | |
| | | 5 | | 6 | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 3 | |
| | | | 4 | | 2 | | | 9 |
| | | | | 3 | | 7 | 1 | |







**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

कोलकाता नाइट राइडर्स

बनाम

सनराइजर्स हैदराबाद

**समय** - शाम 7:30 बजे

# दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 6 विकेट से हराया

## गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद समीर रिजवी ने तोड़ा मेजबानों का दिल

**लखनऊ, एजेंसी**

तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी और टी नटराजन की तूफानी गेंदबाजी के बाद समीर रिजवी के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरकर छह विकेट की जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

सुपर जाएंट्स के 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे रिजवी की 47 गेंद में चार छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 70 रन की पारी और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 39, 32 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 110 रन की अटूट साझेदारी से 26 रन पर चार विकेट गंवाने के बावजूद 17.1 ओवर में चार विकेट पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज की। सुपर जाएंट्स की टीम इससे पहले तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी (27 रन पर तीन विकेट) और टी नटराजन (29 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.4 ओवर में 141 रन पर सिमट गई।

कुलदीप यादव (31 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट हासिल किए। सुपर जाएंट्स की ओर से अब्दुल समद (36) और सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (35) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। इन दोनों के अलावा टीम का अन्य कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पांचवें ओवर में 26 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए। लोकेश राहुल (00) ने मोहम्मद शमी की पारी की पहली गेंद पर डीप प्वाइंट पर मोहसिन खान को कैच थमाया। नितीश राणा (15) ने शमी और प्रिंस यादव (20 रन पर दो विकेट) पर चौके जड़े।

उन्होंने शमी पर छक्का भी मारा लेकिन मोहसिन (19 रन पर एक विकेट) की गेंद पर स्लिप में समद को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज पथमु निसांका (01) ने प्रिंस की गेंद को हवा में लहराकर विकेटकीपर कप्तान ऋषभ पंत को कैच थमाया जबकि इसी ओवर में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल (00) भी बोल्ड हो गए। दिल्ली ने पावर प्ले में चार विकेट पर 33 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी ने विकेटों के पतन पर विराम लगाया। रिजवी ने एनरिच नोर्किया की गेंद पर विकेट के पीछे छक्का जड़कर आठवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। स्टब्स ने शमी पर चौका मारा जबकि रिजवी ने स्पिनर शाहबाज अहमद का स्वागत तीन चौकों के साथ किया।

रिजवी ने एडेन मारक्रम की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 14वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। दिल्ली को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 29 रन की जरूरत थी और रिजवी ने मोहसिन की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया और फिर समद पर छक्के के साथ दिल्ली को जीत दिला दी। इससे पहले अक्षर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद सुपर जाइंट्स की शुरुआत धीमी रही। सुपर जाइंट्स ने तीसरे ओवर की अंतिम गेंद पर पंत (07) का विकेट गंवा दिया जो रन आउट हुए। मार्श ने मुकेश कुमार की गेंद पर सीधा शॉट खेला और गेंदबाज के हाथ से छूने के बाद गेंदबाजी छोर पर गेंद विकेटों से टकरा गई जबकि पंत क्रीज से बाहर खड़े थे



संघर्षपूर्ण पारी के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज समीर रिजवी (दाएं) व ट्रिस्टन स्टब्स।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**

**141/10** (18.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श का स्टब्स बो कुलदीप | 35 |
| ऋषभ पंत रन आउट | 07 |
| एडेन मार्करम बो अक्षर | 11 |
| आयुष बडोनी का राहुल बो नटराजन | 00 |
| निकोलन पूरन बो एनगिडी | 08 |
| अब्दुल समद का मिलर बो नटराजन | 36 |
| मुकुल चौधरी का एवं बो कुलदीप | 14 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 15 |
| मो शमी का कुलदीप बो नटराजन | 01 |
| एनरिच नोर्किया का स्टब्स बो एनगिडी | 00 |
| मोहसिन खान का मुकेश बो एनगिडी | 00 |

**गेंदबाजी**: मुकेश 3-0-17-0, एनगिडी 3.4-0-27-3, अक्षर 3-0-17-1, नटराजन 4-0-29-3, कुलदीप 4-0-31-2, विपराज 1-0-8-0

**दिल्ली कैपिटल्स**

**145/4** (17.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| लोकेश राहुल का मोहसिन बो शमी | 00 |
| पथुम निसांका का पंत बो प्रिंस | 01 |
| नितीश राणा का समद बो मोहसिन | 15 |
| समीर रिजवी नाबाद | 70 |
| अक्षर पटेल बो प्रिंस | 00 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 39 |

गेंदबाजी: शमी 4-0-28-1, प्रिंस 3-0-20-2, मोहसिन 4-1-19-1, नोर्किया 4-0-39-1, शाहबाज 1-0-16-0, मारक्रम 1-0-13-0, समद 0.1-0-6-0



कुलदीप यादव।

## हाईलाइट

### सौरव गांगुली पर फिल्म की शूटिंग शुरू



**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर सौरव गांगुली के जीवन पर बन रही फिल्म 'दादा' की शूटिंग शुरू हो गई है और अभिनेता राजकुमार राव इसमें दादा के किरदार में नजर आएंगे। निर्माताओं ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की। 'उड़ान' और 'लुटेरा' फेम विक्रमादित्य मोटवानी इस फिल्म का निर्देशन करेंगे जबकि लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग निर्माता हैं। लव फिल्म्स ने लिखा लाइट, कैमरा, क्रिकेट। दादा फिल्म की शूटिंग शुरू। मोटवानी ने भी कोलकाता के ईडन गार्डंस पर सौरव गांगुली स्टैंड की तस्वीर के साथ यह खबर साझा की।

### पहलवान हमाम हुसैन का सपना साकार

**अंबिकापुर।** करीब एक दशक तक मिट्टी के अखाड़ों पर खेलने से लेकर परिवार की मदद के लिए दूध बेचने तक जम्मू कश्मीर के पहलवान हमाम हुसैन की कड़ी मेहनत खेलो इंडिया ट्राइबल खेलों में रंग लाई जहां राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने पहला स्वर्ण पदक जीता। जम्मू के जोरावर गांव के रहने वाले 28 वर्षीय हमाम के पिता का पांच साल पहले निधन हो गया था जिसके बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके और उनके बड़े भाई के कंधों पर आ गई। दोनों ने मिलकर दूध बेचकर घर चलाया और इसी के साथ हमाम ने अपने कुश्ती के सपने को जिंदा रखा। यह संघर्ष आखिरकार खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में रंग लाया, जहां हमाम ने पुरुषों के 79 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में हिमाचल प्रदेश के मोहित कुमार को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

### पूर्व क्रिकेटर अनिल गुरव का निधन

**मुंबई।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच दिवंगत रमाकांत आचरेकर के शुरुआती शिष्यों में से एक और अपनी बल्लेबाजी के कारण दोस्तों के बीच 'मुंबई के विवियन रिचर्ड्स' के नाम से मशहूर अनिल गुरव अपनी कुछ गलत पसंद के कारण कभी उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाए और इसका उन्हें जीवन भर पछतावा रहा। आचरेकर के सबसे बेहतरीन शिष्यों में से एक माने जाने वाले गुरव कभी क्लब स्तरीय क्रिकेट से आगे बढ़कर मुंबई टीम में जगह नहीं बना पाए। उनका का मंगलवार को यहां नालासोपारा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। गुरव शारदाश्रम में दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली से कुछ साल सीनियर थे। कहा जाता है कि कोच आचरेकर आगे चलकर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इन दोनों बल्लेबाजों को गुरव को नेट पर बल्लेबाजी करते हुए देखने के लिए ले जाया करते थे।

# केकेआर के स्पिनरों को दिखाना होगा दम

- सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला आज

**कोलकाता, एजेंसी**

अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के गुरुवार को यहां होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा।

यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है, जिसे आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यहां सात दिन में तीन मैच और फिर 19 अप्रैल को एक और मैच खेलना है। विधानसभा चुनाव के कारण कोलकाता में लगभग एक महीने तक कोई मैच नहीं खेला जाएगा। केकेआर को इसके बाद चार मैच दूसरी टीमों के घरेलू मैदान पर खेलने हैं। उसका अपने घरेलू मैदान पर अगला मैच 16 मई को होगा और ऐसे में उसकी टीम इस चरण में लय हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़ रहा है, जिसने 2008 से यहां खेले गए 95 मैचों में से 54 मैच जीते हैं। कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। हर्षित राणा और आकाश दीप बाहर हो चुके हैं जबकि मथीशा पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलना बाकी है। इसके अलावा 25.20 करोड़ रुपये में खरीदे गए कैमरन ग्रीन फिलहाल केवल बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं। केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में स्पष्ट तौर पर नजर आई जहां उसकी टीम 220 रन का बचाव नहीं कर सकी थी।

रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने केवल 72 गेंद पर 148 रन की साझेदारी की। इस मैच में केकेआर के मुख्य स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को संघर्ष करना पड़ा था जो उनकी टीम के लिए चिंता का विषय होगा।



अभ्यास सत्र के दौरान केकेआर के मुख्य स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण।

**टीम**

**कोलकाता नाइट राइडर्स**: अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उप-कप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।

**सनराइजर्स हैदराबाद**: ईशान किशन (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर. स्मरण, हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्से, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, लियाम लिविंगस्टोन, शिवम मावी, सलिल अरोड़ा, शिवांग कुमार, ओंकार टारमाले, क्रेन्स फुलेट्रा, प्रफुल्ल हिंगे, अमित कुमार, साकिब हुसैन, जैक एडवर्ड्स और पैट कमिंस।

## अभिषेक, ईशान टी-20 रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर

**दुबई।** भारत के आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की बुधवार को जारी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। अभिषेक 875 अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि ईशान के 871 अंक हैं। तिलक वर्मा छठे और भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर आठवें और न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट नौवे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन ने जबर्दस्त छलांग लगाई है और पहले वह शीर्ष सौ से बाहर थे लेकिन अब 39वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं जबकि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती दूसरे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा शीर्ष पर हैं जबकि हार्दिक पंड्या दूसरे स्थान पर हैं।

### ऑरेंज कैप



रियन रिकलटन मुंबई 81 रन

ईशान किशन हैदराबाद 80 रन


रोहित शर्मा मुंबई 78 रन

### पर्पल कैप

जैकब डफी आरसीबी 3 विकेट

टी नटराजन दिल्ली 3 विकेट

प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात 3 विकेट



### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1.397 |
| 4. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 5. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 7. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 8. | लखनऊ सुपर जायंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |

### श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मंगलवार को यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पंजाब किंग्स ने इस मैच में गुजरात टाइटन्स को तीन विकेट से हराकर आईपीएल 2026 में जीत से शुरुआत की। आईपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा आईपीएल की न्यूनतम ओवर रेट से जुड़ी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत अपराध था।

# जापान के खिलाफ भारत शुरू करेगा अभियान

- अंडर-20 महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट

**पाथुम थानी (थाईलैंड), एजेंसी**

भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 में अपना अभियान जापान की मजबूत टीम के खिलाफ शुरू करेगी और इस टूर्नामेंट में खेलने के 20 साल के इंतजार को खत्म करेगी।

भारत के लिए यह एक मैच से कहीं अधिक है क्योंकि टीम ने दो दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने शुरुआती मैच से पहले वास्तविकता और महत्वाकांक्षा दोनों पर जोर दिया। स्वीडन के कोच एलेक्जेंडरसन ने कहा हमें अच्छी तरह पता है कि भारतीय टीम के साथ हम अभी इस माहौल में नए हैं। हम जानते हैं कि हमारा सामना मजबूत विरोधियों से है और हम उनका सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा लेकिन साथ ही हमारी सोच यह है कि हम इस ग्रुप से आगे बढ़ें और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करें। इस टूर्नामेंट के लिए भारत की तैयारी बहुत विस्तृत और व्यवस्थित तरीके से हुई है।

कजाखस्तान में खेले गए मैत्री मुकाबलों से लेकर स्वीडन में एक महीने तक चले ट्रेनिंग शिवर तक पूरा ध्यान एक ऐसी टीम बनाने पर रहा है जो बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। कोच ने कहा हम पिछले तीन महीने से लगातार एक साथ हैं।

## लियोनेल मेसी ने दिखाया जलवा

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम की तरफ से घरेलू मैदान पर संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेसी ने विश्व कप फुटबॉल से पहले खेले गए मैत्री मैच में मंगलवार को यहां जाम्बिया के खिलाफ अपनी टीम की 5-0 से शानदार जीत में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की।

ब्यूनस आयर्स के ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में 38 वर्षीय मेस्सी ने चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज़ को गोल करने में मदद की और फिर 43वें मिनट में गोल किया। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनसे अर्जेंटीना को एक और विश्व कप जिताने में मदद करने की अपील लगाई। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। अर्जेंटीना के लिए निकोलस ओटामेंडी और वैलेन्टिन बारको ने भी गोल किए।

**विश्व कप प्लेऑफ**

**यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारा**

# लगातार तीसरी बार जगह बनाने से चूका इटली

**जेनिका (बोस्निया), एजेंसी**

फुटबॉल की महाशक्तियों में से एक चार बार का चैंपियन इटली मंगलवार को यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया।

इटली की शुरुआत अच्छी रही थी। उसकी तरफ से मोइसे कीन ने शुरुआती गोल किया, लेकिन हाफ टाइम से पहले उसके सेंटर बैक एलेसांद्रो बास्तोनी को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। इटली के सामने 10 खिलाड़ियों से खेलने के कारण अपनी बढ़त को बनाए रखने की बड़ी चुनौती थी जिसमें वह नाकाम रहा जबकि बोस्निया ने इसका पूरा फायदा उठाया। उसके स्थानापन्न खिलाड़ी हारिस तबकोविच ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को 1-1 के स्कोर से अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया।

फुटबॉल विश्व कप में इटली का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन उसकी टीम अब अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है क्योंकि पिछले दो विश्व कप के क्वालीफाइंग प्लेऑफ में उसे क्रमशः स्वीडन और उत्तरी मैसेडोनिया ने बाहर कर दिया था।

बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि उसने विश्व कप में जगह बनाई। पेनल्टी शूटआउट में इटली के पियो एस्पोसिटो और ब्रायन क्रिस्टांटे अपने शॉट चूक गए जबकि अमेरिका में जन्मे एस्मीर बज्रक्तरेविच ने बोस्निया के लिए निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनज़ोला ने कहा हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि हम टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और वह भी इस तरह से। यह सबके लिए निराशाजनक है। हमारे लिए, हमारे परिवारों के लिए और उन सभी बच्चों के लिए जिन्होंने कभी इटली को विश्व कप में खेलते नहीं देखा।



> यह कहना बहुत आसान है कि टीम के लिए क्या सही है और क्या गलत। सच्चाई यह है कि इटली तीन विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा है। राष्ट्रीय टीम और क्लब दोनों के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने में हमें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।
>
> **-जेन्नारो गट्टूसो, इटली के कोच**

### विश्व कप में 16 वर्ष तक नहीं खेल पाएगा एक भी मैच

इटली के बाहर होने का मतलब है कि 1934, 1938, 1982 और 2006 का चैंपियन विश्व कप में कम से कम 16 साल तक एक भी मैच नहीं खेल पाएगा। इटली इससे पहले 2010 और 2014 में विश्व कप में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था। यूरोपीय प्लेऑफ फाइनल में जीत हासिल करके स्वीडन, तुर्किए और चेक गणराज्य ने भी विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। स्वीडन ने पोलैंड को 3-2 से, तुर्किए ने कोसोवो को 1-0 से और चेक गणराज्य ने डेनमार्क को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया।

